सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.5 न्यू | 30.6 अधि |
| धर्मशाला | 24.5 न्यू | 36.5 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73961.31 |
| निफ्टी | 22530.70 |

सोना 71,090 चांदी 95,500

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

www.anantgyaan.in



कीवी विकेटकीपर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 1 जून, 2024 | 19 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 164, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान अपील: वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है



## न्यूज शॉर्ट्स

### पुंछ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में वीरवार की देर रात सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों को पुंछ के मरहा बुफलियाज इलाके में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने जब तलाशी अभियान तेज कर दिया तो छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी और आतंकी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए।

### सरेंडर से पहले भावुक हुए सीएम केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भावुक होते हुए कहा कि वह 2 जून को आत्मसमर्पण करेंगे और अगर जेल में उन्हें प्रताड़ित किया गया तब भी वह झुकेंगे नहीं। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि यदि मेरे प्राण भी चले जाएं तो गम मत करना।



### एयर इंडिया के विमान में कई यात्री बेहोश

**नई दिल्ली।** दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट वीरवार को 24 घंटे लेट हो गई। फ्लाइट को दोपहर 3.20 बजे उड़ान भरना था, लेकिन इसे शुक्रवार दोपहर 3 बजे रीशेड्यूल किया गया। हालांकि, फ्लाइट के रवाना होने की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस फ्लाइट में करीब 200 लोग सवार थे। 30 मई को सभी पैसेंजर्स फ्लाइट में बैठ चुके थे। विमान का एयर कंडीशनिंग सिस्टम काम नहीं कर रहा है। इस दौरान कई लोग बेहोश हो गए।

### चारधाम यात्रा में अब तक 71 तीर्थयात्रियों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 22 दिन में 71 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो तीन तीर्थयात्रियों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 34 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। अधिकतर तीर्थयात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों की वायु कोशिकाओं में तरल पदार्थ की मात्रा अधिक होने) के कारण हुई है।

### प्रज्वल रेवन्ना छह जून तक हिरासत में

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना को जर्मनी से यहां पहुंचने के फौरन बाद एसआईटी ने शुक्रवार को तड़के गिरफ्तार कर लिया और उनसे पूछताछ की। उसके बाद उसे कर्नाटक की एक अदालत ने पेश किया गया। जहां से उसे 6 जून तक एसआईटी की हिरासत में भेज दिया गया।

### डोनाल्ड ट्रंप गुप्त धन केस में दोषी करार

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। गुप्त धन केस में कोर्ट ने ट्रंप को सभी 34 आरोपों में दोषी ठहराया है। अदालत ने फैसला सुनाने से पहले करीब 10 घंटे तक विचार-विमर्श किया। ट्रंप की सजा को लेकर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने इस फैसले को शर्मनाक और धांधली वाला बताया है।

## अनंत व्यंग्य




# लू से देश में 283 लोगों की मौत

## उत्तर प्रदेश में 166, बिहार में 65, ओडिशा में 41 व झारखंड में 11 की गई जान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में गर्मी का सितम जारी है। भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने से अब तक 283 लोगों की मौत हो गई है। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 166 लोगों की मौत हुई है। बिहार में 65 और ओडिशा में 41 लोगों की मौत हुई है। वहीं, झारखंड की बात की जाए तो 11 लोगों की लू लगने से जान चली गई है।

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके में लू लगने से अब तक 80 लोगों की मौत हुई है। सिर्फ वाराणसी जिले में ही 34 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मिर्जापुर में 10, आजमगढ़ में 16, जौनपुर में 4, गाजीपुर 9 और कई इलाकों में लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के कई जिलों में लू लगने से कई लोगों की मौत हुई है। मध्य यूपी की बात की जाए, 30 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही वेस्ट यूपी में लू लगने से कई लोगों की मौत हुई है।



ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में 17, संबलपुर में 8, झारसुगुड़ा में 7, बोलनगीर जिले में 6 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही सूबे के दूसरे हिस्से में भी 3 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा जिले के अस्पतालों में 30 लोगों का इलाज चल रहा है, जिसमें सबसे ज्यादा राज्य के सुंदरगढ़ जिले में मौत हुई है।

बिहार के कई जिलों में भीषण गर्मी का सितम जारी है। लू लगने से 65 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। बिहार में सबसे ज्यादा 15 लोगों की मौत औरंगाबाद जिले में हुई है। इसके साथ ही कैमूर में 5, रोहतास में सात लोगों की मौत हुई है। वहीं, बरबीघा में एक, बेगूसराय में एक और छपरा में एक-एक लोगों की मौत हुई है। वहीं, राज्य के दूसरे हिस्से में भी लू लगने से मौत हुई है। झारखंड में भी लू से 11 लोगों की मौत हुई है। राज्य के 18 जिलों में 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान रह रहा है। राज्य के मुख्तलिफ हिस्सों में लू के चपेट में आने से पिछले 24 घंटे में 11 लोगों की मौत हुई है। कोहल्हान में 5 लोगों की मौत की सूचना है। वहीं, पलामू में भी 5 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही गिरिडीह में एक व्यक्ति की मौत की खबर है। राज्य में अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इसके साथ ही देश के कई हिस्सों में कई लोगों की मौत की खबर सामने आई है।

### लू लगने के लक्षण

**वर्ल्ड** हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, लू लगने से शरीर का तापमान काफी बढ़ जाता है, जो अक्सर 104 डिग्री से अधिक हो जाता है। लू से भ्रम, चक्कर आना, डिजिनेस, चिड़चिड़ापन और यहां तक कि दौरे भी पड़ सकते हैं। लू की वजह से दिल की धड़कन का बढ़ जाना या सांस का तेज हो जाने जैसी चीजें भी हो सकती हैं। लू से शरीर के तापमान को नियंत्रित न कर पाने के कारण त्वचा गर्म, लाल और शुष्क बन सकती है। जी मिचलना, मन का खराब होना, उल्टी और दस्त जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण लू के हो सकते हैं।

### ऐसे बचें लू से

**कच्चा** प्याज खाएं और उसका रस निकालकर हाथ, पैरों के तलवों और कानों के पीछे लगाएं। रात में सौंफ को एक गिलास पानी में भिगोकर रखें और सुबह पी लें। धनिए और पुदीने के रस में चुटकी भर चीनी मिलाकर पीएं। गर्म पानी से नहाने से शरीर में होने वाला दर्द और तापमान कम होता है। यदि संभव हो तो प्रभावित व्यक्ति को छायादार या वातानुकूलित स्थान पर ले जाएं। सबसे पहले डॉक्टर को बुला लें, साथ ही आप व्यक्ति के शरीर को ठंडा करना शुरू कर सकते हैं। अतिरिक्त कपड़े हटा दें। ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। पंखे या एयर कंडीशनिंग का उपयोग करें। आइस पैक या कोल्ड कंप्रेस लगाएं।

### 62 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में होगी कैद

# हिमाचल में मतदान आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए शनिवार को मतदान होगा। कुल 62 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो जाएगी। मतदान सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक होगा। प्रदेशभर में कुल 7992 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि मतदान के लिए निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चार संसदीय सीटों में 37 उम्मीदवारों के बीच चुनावी रण होगा। वहीं, विधानसभा की 6 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में 25 प्रत्याशियों के बीच चुनावी घमासान होगा।

**शिमला संसदीय सीट**



विनोद सुल्तानपुरी (कांग्रेस) सुरेश कश्यप (भाजपा)

**मंडी संसदीय सीट**



विक्रमादित्य सिंह (कांग्रेस) कंगना रनौत (भाजपा)

**हमीरपुर संसदीय सीट**



सतपाल रायजादा (कांग्रेस) अनुराग ठाकुर (भाजपा)

**कांगड़ा संसदीय सीट**



आनंद शर्मा (कांग्रेस) डॉ. राजीव भारद्वाज (भाजपा)

**धर्मशाला विधानसभा सीट**



देवेंद्र जग्गी (कांग्रेस) सुधीर शर्मा (भाजपा)

**सुजानपुर विधानसभा सीट**



कै. रणजीत राणा (कांग्रेस) राजेंद्र राणा (भाजपा)

**बड़सर विधानसभा सीट**



सुभाष चंद ढटवालिया (कांग्रेस) इंद्रदत्त लखनपाल (भाजपा)

**गगरेट विधानसभा सीट**



राकेश कालिया (कांग्रेस) चैतन्य शर्मा (भाजपा)

**कुटलैहड़ विधानसभा सीट**



विवेक शर्मा (कांग्रेस) देवेंद्र भुट्टो (भाजपा)

**लाहौल-स्पीति विधानसभा सीट**



अनुराधा राणा (कांग्रेस) रवि ठाकुर (भाजपा)

## प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान के खिलाफ तमिलनाडु कांग्रेस पहुंची हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पीएम मोदी का कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यान करने का शुक्रवार को दूसरा दिन है। सुबह उनके ध्यान करने की तस्वीरें सामने आईं। वे भगवा चोला, हाथ में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए दिखे।

उन्होंने सूर्य को अर्घ्य दिया, मंदिर की परिक्रमा की और ध्यान मुद्रा में बैठे। पीएम एक जून सुबह 10 बजे तक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में रहेंगे। उधर, विपक्ष मोदी के ध्यान को आचार संहिता का उल्लंघन बता रहा है। तमिलनाडु कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पीएम अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। इसके खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है।

## नीरव, माल्या व चोकसी को लेकर ईडी की खिंचाई

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी को पकड़ने में विफलता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की।

सुनवाई के दौरान अदालत ने चार्टर्ड अकाउंट व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति को खत्म करने की मांग की थी। शाह पर गरवारे इंडस्ट्रीज के निहाल गरवारे के लिए धन शोधन का आरोप है, जिसे पिछले साल बीकेसी में एक संपत्ति सौदे के माध्यम से जेएंडके बैंक को एक सौ करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शाह ने जमानत आदेश में संशोधन की मांग करते हुए विशेष अदालत का रुख किया था, जिसमें उन्हें अदालत की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ने के लिए कहा गया था। न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने आरोपियों की समय पर गिरफ्तारी न होने पर भी सवाल उठाया।



नीरव मोदी विजय माल्या मेहुल चोकसी

## अनुराग ठाकुर ने डोर-टू-डोर किया चुनाव प्रचार

**एसके शर्मा, जाहू**

हिमाचल में लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार थमने के बाद शुक्रवार को हमीरपुर लोकसभा से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा डोर-टू-डोर अभियान के अंतर्गत भरेड़ी, सुलगवान, पट्टा, तरक्वाड़ी, हनोह, मुंडखर, कड़ोहता, लदरौर चंबोह व अन्य गांवों में जाकर लोगों से मतदान करने की अपील की।

इस मौके पर अनुराग ने कहा कि लोगों का कांग्रेस से मोह भंग हो चुका है। इस बार लोगों ने हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा को जिताने का मन बना लिया है। पार्टी ने बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने बूथों पर मोर्चा संभाल लें। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के समय लोगों का भारी समर्थन मिला। भरेड़ी बाजार में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार के समय भोरंज के पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, दिनेश भाटिया भाजपा प्रदेश सचिव एससी मोर्चा व बीडीसी के अध्यक्ष राजेंद्र गारला, मंडल अध्यक्ष एससी मोर्चा भागीरथ भट्ट, सीनियर सिटीजन मंडल अध्यक्ष मास्टर परमानंद आदि उपस्थित रहे।



भरेड़ी बाजार में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार के दौरान अनुराग ठाकुर समर्थकों के साथ।

### एग्जिट पोल की चर्चा में भाग नहीं लेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि वह एक जून को एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) से संबंधित टेलीविजन चैनलों की चर्चाओं में भाग नहीं लेगी। कांग्रेस का कहना है कि पार्टी टीआरपी के खेल का हिस्सा नहीं बनना चाहती। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक संक्षिप्त बयान में यह भी कहा कि कांग्रेस चार जून से चर्चाओं में भाग लेगी।

## दिल्ली में जल संकट, सुप्रीमकोर्ट पहुंची 'आप' सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में बरकरार जल संकट को लेकर अब दिल्ली सरकार ने सुप्रीमकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली सरकार ने अदालत से मांग की है कि वह हरियाणा को अधिक पानी सप्लाई करने के आदेश दें। दिल्ली की आप सरकार ने कोर्ट को बताया है कि शहर में पानी की मांग भीषण गर्मी के चलते बढ़ गई है और पड़ोसी राज्य हरियाणा को यह निर्देश दिया जाए कि वह एक महीने के लिए पानी की अतिरिक्त सप्लाई हमें कर दें।



सरकार ने यह भी कहा है कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि दिल्ली को पानी की पर्याप्त पूर्ति हो। इसके साथ ही शुक्रवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी एक ट्वीट के माध्यम उत्तर प्रदेश और हरियाणा दोनों राज्यों को सहयोग के लिए कहा है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पानी की किल्लत इसलिए जूझ रही है, क्योंकि हरियाणा उसके हिस्सा का पानी नहीं दे रहा है।

**चेतावनी** 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगा तूफान, येलो अलर्ट जारी

## हिमाचल में अगले छह दिन बरसेंगे बादल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भीषण गर्मी की मार झेल रहे पहाड़ी राज्य हिमाचल में आसमान से राहत बरसेगी। राज्य में अगले हफ्ते बादलों के बरसने से लोगों को भयंकर गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

प्रदेश में पहली जून यानी शनिवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इससे अगले छह दिन तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में बारिश होगी। मौसम विभाग ने आगामी छह जून तक राज्य के कई इलाकों में आंधी-तूफान और ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। एक जून को समूचे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा और मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में बारिश और ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात होगा। दो व तीन जून को मैदानी इलाकों को छोड़कर शेष हिस्सों में मौसम की स्थिति खराब बनी रहेगी। चार, पांच और छह जून तक पूरे प्रदेश में बादलों के बरसने का अनुमान है और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का येलो अलर्ट रहेगा।



**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| नेरी | 45.4° |
| ऊना | 45.0° |
| धौलाकुआं | 43.1° |
| बिलासपुर | 42.6° |
| हमीरपुर | 42.0° |
| बरठीं | 41.1° |
| कांगड़ा | 40.3° |
| चंबा | 40.2° |
| मंडी | 39.8° |
| सोलन | 38.4° |



# अनंत चुनावी बिसात



## चुनावी टक्की

### पैसा भी नहीं कर रहा काम



**चुनाव** से पहले कुछ मिलने की आस लिए लोग ऐसे ही नहीं इंतजार करते हैं। ऊना जिले के एक विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के दौरान साक्षात प्रमाणित भी हो गया। अब पैसा तो जिस उम्मीदवार ने बांटा उसने पूरी पारदर्शिता रखी थी। गोपनीयता भी रखी हुई थी। चारों ओर पहरा भी बैठाया गया था। ऐसे गुप्त तरीके से पैसा बांटा गया कि अपने हाथों को भी खबर नहीं थी। अंधेरे में ही पैसा देने के लिए महिलाओं को बुलाया गया था। नेता जी अपनी जीत को सुनिश्चित बना रहे थे। पैसे के दम पर वोट बना रहे थे। अब उनको क्या मालूम था कि भंडा फूट चुका है, मिट्टी का घड़ा रखा था वह फूट चुका है। अब न जाने किसने दूसरे गुट को खबर कर दी। इक्यावन हजार बांटने की सूचना वायरल कर दी। किसी ने तो फोटो प्रूफ बनाया है तो किसी ने आडियो भी चलाया है। अब नेता जी जहां भी पैसे बांट रहे हैं, वहां दूसरे भी पहरा देकर सबकुछ जांच रहे हैं। पैसों से खरीदी जा रही है वह, पैसों के लिए ही पहले बेची थी जो। ईमान का अब नहीं रहा है कोई मसला, नोट ही जीत का बनाया है उन्होंने अपना असला। रौनकी ताऊ ने भी रात को चौबारे से नजारा जो देखा है, हरकत जो हुई थी उसमें कुछ सपना भी अनदेखा है। नेता जी के पैसे चले गए हैं बेकार, जिनको मिले थे उन्होंने अब कस्में खाकर साथ दूसरे का देने को हैं तैयार। —राजेश शर्मा

## आज जरूर डालें अपना वोटः सीएम सुक्खू



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से एक जून को अपना मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि इस बार चुनाव ईमानदारी और बेइमानी के बीच है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है। इस पर्व में सभी की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। चुनाव में एक-एक वोट कीमती है। इस बार का चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। क्योंकि चुनाव बिकाऊ और टिकाऊ के बीच है। जिन लोगों ने वोट को धनबल से खरीदने का प्रयास किया है, यह समय उन्हें सबक सिखाने का है।

# 12वीं लोकसभा में चार सीटों के लिए 22 उम्मीदवार थे मैदान में

## तीन सीटों पर भाजपा और एक सीट पर कांग्रेस ने मारी थी बाजी, तीसरे नंबर पर रही थी हिमाचल विकास कांग्रेस

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

देश में 12वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव वर्ष 1998 में संपन्न हुए। इन चुनावों में हिमाचल प्रदेश की चारों सीटों के लिए कुल 36,28,864 पात्र मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 66.3 प्रतिशत, यानी 25,84,784 मतदाताओं ने चुनावों में भाग लिया। इन चुनावों में नौ दलों द्वारा 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे गए थे।



भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पार्टी को 51.5 प्रतिशत, यानी 12,24,361 मत मिले। तीन सीटों पर भाजपा उम्मीदवार विजयी रहे, जबकि एक सीट पर दूसरा स्थान हासिल किया। कांग्रेस ने भी चारों ही सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन एकमात्र सीट पर ही विजय हासिल की, जबकि तीन सीटों पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। कांग्रेस के हिस्से में 41.5 प्रतिशत यानी 9,97,410 मत आए। हिमाचल विकास कांग्रेस द्वारा भी चारों ही सीटों पर चुनाव लड़ा गया, लेकिन चारों ही उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रहे। मत प्रतिशत 3.6 यानी 85,046 रहा। बसपा ने एक सीट पर चुनाव लड़ा और 1.2 प्रतिशत यानी 27,459 हासिल किए। जनता दल ने तीन सीटों पर जोर आजमाइश की। जनता दल को 20,997 यानी 0.9 प्रतिशत मत हासिल हुए। सीपीआई द्वारा एक सीट पर चुनाव लड़ते हुए 0.6 प्रतिशत, यानी 13,440 मत हासिल किए। ऑल इंडिया राष्ट्रीय जनता पार्टी ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और 0.9 प्रतिशत, यानी 6,985 मत हासिल किए। समाजवादी पार्टी ने एक सीट पर चुनाव लड़ा तथा शून्य 0.2 प्रतिशत यानी 3,889 मत हासिल किए। एक आजाद उम्मीदवार ने भी अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन 1,081 मत ही हासिल करने में कामयाब रहा। विजयी रहे उम्मीदवारों में हमीरपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में भाजपा के सुरेश चंदेल को कुल 8,91,303 मतों में से 71.8 प्रतिशत, यानी 6,40,059 मत प्राप्त हुए। कांगड़ा सीट पर भाजपा के ही शांता कुमार को कुल 8,96,183 मतों में से 71.7 प्रतिशत, यानी 6,42,612 मत प्राप्त हुए। मंडी सीट पर भी भाजपा के ही महेश्वर सिंह को कुल 9,31,708 मतों में से 52.7 प्रतिशत यानी 4,90,660 मत प्राप्त हुए। शिमला सीट पर कांग्रेस के कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी को कुल 9,09,670 मतों में से 69.7 प्रतिशत, यानी 6,34,282 मत प्राप्त हुए। (अनंत ज्ञान)

### 13वीं लोकसभा में हिविकां का एक उम्मीदवार विजयी रहा

**वर्ष** 1999 में 13वीं लोकसभा के लिए हुए चुनावों में भी नौ दलों के 22 उम्मीदवार ही चुनावी रण में रहे। कुल 37,86,479 मतदाताओं के लिए 6,230 पोलिंग बूथ बनाए गए थे, जहां पर 56.8 प्रतिशत, यानी 21,49,816 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। भारतीय जनता पार्टी ने तीन सीटों पर चुनाव लड़कर विजय हासिल की। पार्टी का मत प्रतिशत 46.3, यानी 9,87,167 रहा। हिमाचल विकास कांग्रेस ने एक सीट पर चुनाव लड़कर विजय हासिल की। मत प्रतिशत 12.4 यानी 2,64,002 रहा। कांग्रेस ने चारों सीटों पर चुनाव लड़ा व चारों ही सीटों पर दूसरा स्थान हासिल किया। कुल मत प्राप्ति 39.5 यानी 8,43,225 रही। आजाद उम्मीदवारों की संख्या 6 थी, जिन्हें कुल 0.5 प्रतिशत, यानी 10,276 मत प्राप्त हुए। सीपीआई एक सीट पर लड़कर तीसरे स्थान पर रही। उसे 9,720 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी ने भी तीन सीटों पर चुनाव लड़ा व एक सीट पर तीसरा स्थान हासिल किया। मत प्रतिशत 0.3, यानी 6,771 रहा। बसपा ने एक सीट पर जोर आजमाइश की व तीसरा स्थान हासिल किया। मत प्रतिशत का 0.3 यानी 6,512 रहा। जनता दल सेक्युलर ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा और 4,100 यानी 0.2 प्रतिशत मत प्राप्त किए। समाजवादी पार्टी ने एक सीट पर चुनाव लड़ा व तीसरा स्थान हासिल करते हुए 1,951, यानी 0.1 प्रतिशत मत हासिल किए। विजयी रहे उम्मीदवारों में हमीरपुर से भाजपा के सुरेश चंदेल को कुल 9,37,500 मतों में से 59.7 प्रतिशत यानी 5,59,673 मत प्राप्त हुए। कांगड़ा सीट से भाजपा के ही शांता कुमार को कुल 9,35,090 मतों में से 59.6 प्रतिशत, यानी 5,57,018 मत मिलें। मंडी सीट पर भी भाजपा के ही महेश्वर सिंह को कुल 9,68826 मतों में से 54.6 प्रतिशत यानी 5,28,637 मत मिले। शिमला सीट पर धनीराम सांडिल को कुल 9,45,063 मतों में से 53.4 प्रतिशत यानी 5,04,488 मत प्राप्त हुए।

### 14वीं लोकसभा में एक सीट पर दो बार हुआ था उपचुनाव

**वर्ष** 2004 में 14वीं लोकसभा के लिए हुए चुनावों में हिमाचल प्रदेश में कुल 41,81,995 मतदाताओं में से 59.3 प्रतिशत यानी 24,81,533 ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनाव में 6 दलों द्वारा 23 उम्मीदवार खड़े किए गए थे। इन चुनाव में कांग्रेस द्वारा चारों सीटों पर चुनाव लड़े गए तथा 12,94,988 यानी 51.5 प्रतिशत मत हासिल कर तीन सीटों पर विजय पाई। भाजपा द्वारा भी चारों सीटों पर चुनाव लड़कर केवल एक सीट अपने नाम करने में कामयाबी पाई। तीन सीटों पर दूसरे स्थान पर रहकर ही संतोष करना पड़ा। मत प्रतिशत 44.2 यानी 11,04,066 रहा। बसपा 4 सीटों पर चुनाव लड़कर चारों में ही तीसरे स्थान पर रही। 43,475 यानी 1.7 प्रतिशत मत प्राप्त किया। आजाद उम्मीदवारों की संख्या नौ थी। इन्हें केवल 1.7 प्रतिशत, यानी 41,412 मत प्राप्त हुए। समाजवादी पार्टी ने एक सीट पर किस्मत आजमाई और 0.3 प्रतिशत यानी 7,092 मत प्राप्त किए। जनता दल सेक्युलर ने भी एक सीट लड़कर 0.2 प्रतिशत यानी 4,453 मत हासिल किए। चारों सीटों पर विजयी रहे उम्मीदवारों में हमीरपुर से भाजपा के सुरेश चंदेल को कुल 10,64,238 मतों में से 61.01 प्रतिशत, यानी 6,49,994 मत मिले। कांगड़ा सीट से कांग्रेस के चंद्र कुमार को कुल 10,33,686 मतों में से 62 प्रतिशत, यानी 6,40,345 मत मिले। मंडी सीट से कांग्रेस की प्रतिभा सिंह को कुल 10,65,083 मतों में से 62.5 प्रतिशत यानी 6,65,196 मत मिले। शिमला सीट पर भी कांग्रेस के ही धनीराम शांडिल को कुल 10,18,988 में से 51.6 प्रतिशत, यानी 5,25,998 मत प्राप्त हुए। 14वीं लोकसभा में हमीरपुर सीट पर दो बार उपचुनाव भी हुआ। पहली बार सांसद सुरेश कुमार को लोकसभा की सदस्यता रद्द करने के पश्चात भाजपा के प्रेम कुमार धूमल को चुना गया, जबकि प्रेम कुमार धूमल द्वारा त्यागपत्र देने के पश्चात उनके बेटे अनुराग ठाकुर को चुना गया था।

# 4 संसदीय सीटों पर खूब घमासान

## लोकसभा चुनावः कांगड़ा में 10, हमीरपुर में 12, मंडी में 10, शिमला 5 प्रत्याशी लड़ रहे चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

इस बार प्रदेश की चार संसदीय सीटों में 37 उम्मीदवारों के बीच चुनावी रण हुआ। वहीं, विधानसभा की 6 सीटों में होने वाले उपचुनाव में 25 प्रत्याशियों के बीच चुनावी घमासान है। नामांकन वापसी का आखिरी दिन लोकसभा के लिए 3 और विधानसभा उपचुनाव के लिए 4 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस लिया था।

ऐसे में अब कांगड़ा संसदीय सीट पर 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया है। ऐसे में अब हमीरपुर संसदीय क्षेत्र 12 उम्मीदवारों के बीच चुनावी रण होगा। मंडी संसदीय सीट पर 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। वहीं, शिमला संसदीय क्षेत्र में सबसे कम 5 प्रत्याशियों के बीच में चुनावी मुकाबला होगा।




### सीमाएं सील, सुरक्षा के किए पुख्ता इंतजाम

**चुनाव** को लेकर हिमाचल की सभी सीमाएं सील कर दी गई हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं, पोलिंग बुथों में भी सुरक्षा के जवान तैनात रहेंगे। पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर है। कोई भी शरारती किसी भी प्रकार की कोई हरकत न करे इसको लेकर पुलिस अर्लट है। इसके अलावा सेना के जवान व अन्य सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

### प्रदेश के 369 मतदान केंद्र संवेदनशील

**प्रदेश** में कुल 7992 मतदान केंद्रों में से 369 मतदान केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कांगड़ा में सबसे अधिक 118 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं, सिरमौर में 58, ऊना में 51, सोलन में 45, चंबा में 20, हमीरपुर में 17, बिलासपुर, मंडी और शिमला में क्रमशः 16-16, किन्नौर में सात, कुल्लू में तीन और लाहौल-स्पीति में दो मतदान केंद्र संवेदनशील की श्रेणी में हैं

### विभिन्न बुथों के लिए 6589 पोलिंग पार्टियां रवाना

**प्रदेशभर** के विभिन्न जिलों में 6589 पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना कर दी गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि कांगड़ा जिला में 1617, मंडी में 1196, शिमला में 967, चंबा में 624 पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। सोलन में 582, कुल्लू में 571, बिलासपुर में 409, सिरमौर में 403, किन्नौर की सभी 128 व लाहौल-स्पीति की 92 पोलिंग पार्टियां भी भेज दी गई हैं। मतदान के एक दिन पहले 31 मई को शेष 1403 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। चंबा जिला के भरमौर विधानसभा क्षेत्र के मैहला खंड में पोलिंग पार्टी 15 किलोमीटर पैदल चलकर एहलमी मतदान केंद्र पहुंची। इसी तरह शिमला और कुल्लू जिला के सबसे अधिक पैदल दूरी वाले शिमला के पंडार (डोडरा क्वार) में 11 किलोमीटर तथा कुल्लू के शाकटी मतदान केंद्र के लिए भी पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चक्की मतदान केंद्र (भटियात विधानसभा क्षेत्र), जहां पोलिंग पार्टी को 13 किलोमीटर पैदल चलकर अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

# चुनाव के 78 दिनः अनुराग ने किए 356 कार्यक्रमः सुमित शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी के संसदीय प्रभारी सुमित शर्मा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कि देशभर में चुनाव प्रचार के दौरान भारी डिमांड थी। कई राज्यों के प्रत्याशियों ने तो अनुराग ठाकुर की सभाओं को अपनी जीत की गारंटी बताई थी।

यही वजह है कि 12 तारीख को टिकट घोषणा से लेकर 30 मई तक पार्टी के निर्देशानुसार अनुराग ठाकुर ने 78 दिनों में 356 कार्यक्रम किए, जिसमें से 65 दिन में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 327 कार्यक्रम व 11 राज्यों में 13 दिन लगातार 29 कार्यक्रम किए। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रचार- प्रसार अभियान को मजबूती प्रदान की। सुमित शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष के दौर से लेकर आज केंद्रीय मंत्री के तौर पर अनुराग ठाकुर का युवाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष प्रभाव है।



इसीलिए हमीरपुर के अलावा अन्य राज्यों में भी संगठन ने उन्हें प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी थी। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में अनुराग ठाकुर को स्टार प्रचारक के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में प्रचार करने के लिए भेजा गया था।

उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश और हमीरपुर की बात करें तो अपने चुनाव प्रचार के दौरान अनुराग ठाकुर ने सिर्फ अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 13 मार्च से लेकर 30 मार्च के बीच लगभग 327 कार्यक्रम किए हैं। अनुराग ठाकुर ने एक दिन में रिकॉर्ड 4 विधानसभाओं को कवर करते हुए 17 से 18 जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। 4 अप्रैल को कर्नाटक के बेंगलुरु से भाजपा प्रत्याशी तेजस्वी सूर्य जी की नामांकन रैली में भी अनुराग ठाकुर को विशेष रूप से भेजा गया था।

## भाजपा हैट्रिक में व्यस्त और विपक्ष जमानत बचाने में त्रस्तः राजीव भारद्वाज

**धर्मशाला।** चुनाव प्रचार के थमते ही पूरे देश में यह संदेश फैल चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पुनः ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कांगड़ा से लोकसभा प्रत्याशी ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में डबल पीएचडी कर ली है। अब तो कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी जैसी कट्टर भ्रष्टाचारी पार्टी भी जुड़ गई है, जो पूरे विश्व में अपने दिल्ली शराब घोटाले के लिए प्रख्यात है। उन्होंने कहा कि भाजपा हैट्रिक में व्यस्त और विपक्ष जमानत बचाने में त्रस्त है। विपक्षी गठबंधन कभी भी स्थिर सरकार नहीं बना सकता, क्योंकि जहां एक ओर पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आमने-सामने लड़ने का ड्रामा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दिल्ली में एक साथ चुनाव लड़ रहे थे। राजीव भारद्वाज ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ऐसे दोगले नेताओं से भरा पड़ा है जो दशकों तक एक-दूसरे के विरोधी थे, परंतु मोदी के 10 साल के सुशासन एवं उत्तम नेतृत्व से डरकर एक साथ आने के लिए मजबूर हो गए हैं।



## योगी आदित्यनाथ की रैली फ्लॉप शोः सुभाष चंद्र ढटवालिया

**बिझड़ी।** विधानसभा क्षेत्र बड़सर से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष चंद ढटवालिया ने बिझड़ी में आयोजित की गई योगी आदित्यनाथ की रैली को फ्लॉप शो करार दिया है। उन्होंने कहा है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की चुनावी जनसभा, जिसका आयोजन बड़सर विधानसभा क्षेत्र के ताल स्टेडियम बिझड़ी में हुआ, उसमें बड़सर विधानसभा क्षेत्र की जनता की भागीदारी बहुत कम देखने को मिली। भाजपा प्रत्याशी इंद्र दत्त लखनपाल, जो कि दल बदल कर भाजपा में शामिल हैं ने बड़सर की जनता के साथ तथा कांग्रेस पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र की स्थानीय जनता की जनसभा में बहुत कम हाजिरी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता भाजपा के प्रत्याशी को कड़ा सबक सिखाने का मूड बना चुकी है।



# 18वें लोकसभा चुनाव में अग्निवीर सबसे चर्चित मुद्दा

| जिला | एक्स सर्विसमेन | पूर्व सैनिक वीर नारियां | विधवाएं | कुल |
|---|---|---|---|---|
| कांगड़ा | 3,971 | 369 | 14,153 | 68,943 |
| हमीरपुर | 19,731 | 161 | 10,249 | 31,141 |
| मंडी | 15,752 | 74 | 40,83 | 19,909 |
| ऊना | 12,568 | 135 | 4213 | 16,916 |
| बिलासपुर | 8726 | 96 | 2854 | 11,676 |
| चंबा | 3,814 | 27 | 984 | 4,825 |
| सोलन | 4,672 | 29 | 659 | 5,360 |
| शिमला | 4,207 | 20 | 571 | 4,798 |
| सिरमौर | 3,663 | 43 | 549 | 4,275 |
| कुल्लू | 1217 | 10 | 394 | 1,621 |
| किन्नौर | 502 | 03 | 68 | 573 |
| लाहौल-स्पीति | 346 | 03 | 61 | 410 |
| कुल | 1.29.189 | 970 | 38,838 | 1,68,997 |

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूरे भारतवर्ष में सात चरणों में हो रहे भारतीय संसद के चुनाव का अंतिम दौर चल रहा है तथा प्रचार का भी 30 मई को 5 बजे तक का अंतिम समय रहा। इसके बाद 18वीं लोकसभा का चुनाव 4 जून को परिणाम के साथ संपन्न हो जाएगा। इन चुनाव में भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा सहस्त्र सेनाओ में स्वतंत्रता से पूर्व के समय से चली आ रही भर्ती की प्रक्रिया में लाए गए बदलाव, जिसे अग्निपथ योजना में अग्निवीरों की नई भर्ती की नई प्रणाली के बारे में कहा गया है।

योजना को सरकार ने सितंबर 2022 में लागू कर दिया था। इसके अंतर्गत सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी, जिनमे से 25 प्रतिशत को रेगुलर सैनिक कर दिया जाएगा तथा बाकी के 75 प्रतिशत अग्निवीरों को कुछ राशि देकर वापस घर भेज दिया जाएगा। इस विषय पर न केवल हिमाचल प्रदेश में बल्कि पूरे भारतवर्ष में चुनाव प्रचार के बीच नेताओं व वोटरों के बीच सबसे अधिक चर्चा हुई। इस विषय पर एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ एवं ओआर हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में लगभग 14 लाख सेवार्थ सहस्त्र सेनाओं के कर्मचारी हैं तथा लगभग 30 लाख पूर्व सैनिक हैं। इसी संदर्भ में चर्चा करते हुए कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश जो की एक पहाड़ी और छोटा प्रदेश है, परंतु सहस्त्र सेनाओं में यहां के निवासियों का साहस और देश के लिए बलिदान किसी से काम नहीं है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में हर तीसरे घर से एक सैनिक होता है और प्रदेश से 80,000 के लगभग सेवा कर रहे सहस्त्र सेनाओं में कर्मचारी हैं।

इसके साथ ही इस छोटे से प्रदेश में 1,70,000 के करीब पूर्व सैनिक वीर नारियां व विद्धवाएं भी हैं। प्रदेश में कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी व ऊना में पूर्व सैनिकों की संख्या सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के परिणाम पर अग्निवीर प्रणाली का अवश्य ही इस बार प्रभाव पड़ेगा।

# धनबल-जनबल और मोदी के 10 साल, स्थानीय मुद्दे रहे गौण

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

इस बार का चुनाव अजीबोगरीब माहौल में हो रहा है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में एक तरफ लोकसभा सदस्य के लिए वोट पड़ रहे हैं, तो चार विधानसभा क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां पर उपचुनाव हो रहा है। यही इस संसदीय क्षेत्र की असली उलझन है। कारण यह है कि विधानसभा और लोकसभा दोनों के मतदान में न केवल मतदाता स्तर पर, बल्कि पार्टी स्तर पर भी काफी ज्यादा उधेड़बुन है।

वोटर का अंदाज पार्टियों के बड़े नेताओं ने इस कदर अजीबोगरीब मरहले में परोस दिया है, जिस वजह से अंडर करंट और बाहरी करंट दोनों का अंदाजा लगा पाना किसी के लिए भी इतना आसान नहीं रहा है। यही वजह रही कि चुनावी मुद्दे दोनों ही दलों के जिस तरीके से आम जनता के बीच में परोसे गए, नेताओं को उन्हीं की वजह से इस बार चुनावी छटा का रंग बिखरा हुआ नजर आया है। एक तरफ जनबल-धनबल की चर्चा होती रही, तो दूसरी तरफ मोदी के 10 साल के कार्यकाल की ही चर्चा हुई है। उनके समय में जो काम हुए, उन्हें खूब भुनाया गया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपनी सरकार की आर्थिक पीड़ा, आपदा और बिकाऊ विधायकों को लेकर चुनावी मुद्दा बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कोई चुनावी सभा ऐसी नहीं थी। जिसमें उनकी चर्चा भाषण शुरू होने से ही शुरू न होती हो। अन्य नेताओं के भाषण भी इन्हीं पर फोकस रहे।

# सुधीर का दावा, ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मतदान से पहले धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने मीडिया बयान में कहा देश प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है और लोकसभा और उपचुनाव की सभी सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। एक तारिख को मतदान के दिन जिसके बाद कांग्रेस का प्रदेश में भी सफाया हो जाएगा। चार जून को मतगणना वाले दिन भाजपा की धमाकेदार जीत से प्रदेश की कांग्रेस सरकार के किले की दीवारें ढह जाएंगी।

सीएम सुक्खू की विदाई नजदीक आ चुकी है और हिमाचल सरकार अब कुछ दिन की मेहमान है। सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार चलाने के काबिल ही नहीं हैं। अगर देश के साथ-साथ प्रदेश का विकास करवाना है तो भाजपा की सरकार लाना जरूरी है, जो सरकार जनता और उनके हितों के बारे में सोचे उस पर जनता का भरोसा रहेगा। क्योंकि मौजूदा सीएम सुक्खू की सरकार सिर्फ अपनी मित्रमंडली को खुश करने में जुटी है, जबकि आम लोगों और प्रदेश के विकास से सीएम को कुछ भी लेना-देना नहीं है। यही वजह है कि लोग भाजपा को भरपूर समर्थन दे रहे हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि सीएम सुक्खू को लोग सबसे छोटे कार्यकाल वाले सीएम के तौर पर याद किया करेंगे। सुक्खू तानाशाही तरीके से सरकार को चलाना चाहते हैं, जिसके चलते कांग्रेस के अंदर सब कुछ ठीक नहीं है और चुनावी नतीजों के बाद प्रदेश सरकार का जाना तय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की अगुआई में भारत की विश्व में अलग पहचान बनी है। पूरी दुनिया में भारत को सम्मान के साथ आंका जाता है, जिससे हर भारतीय खुद को गौरवान्वित महसूस करता है।



# कांगड़ा-चंबा संसदीय सीटः कांग्रेस और भाजपा की साख दांव पर

**एमएम डैनियल, चंबा**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र लोकसभा सीट पर कांग्रेस व भाजपा दोनों की साख दांव पर है। यहां भाजपा ने अपने रिकार्ड तोड़ मतों से विजेता सांसद किशन कपूर का पत्ता काट कर डॉ. राजीव भारद्वाज को प्रत्याशी बना कर दांव खेला है, वहीं कांग्रेस ने लगातार 3 बार हार का मुंह देखते हुए स्थानीय के बजाय पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री आनंद शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है।

दोनों पार्टियों ने अनुभवी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है, लेकिन दोनों पार्टियों के प्रत्याशी चंबा-कांगड़ा विस क्षेत्रों के विधायक/पदाधिकारी विस व लोस चुनाव के इतिहास मतों को दोहरा पाते हैं या नहीं यह देखने लायक होगा। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनावों के परिणामों की बात करें, तो उसमें भाजपा प्रत्याशी का हर विस क्षेत्र में पलड़ा भारी रहा, जिसमें भटियात विस क्षेत्र से 29973 मत हासिल किए, चंबा विस क्षेत्र से 28523, डलहौजी विस से 28422 व चुराह विस क्षेत्र से 23418 मत हासिल किए। इन चारों विस क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस के मुकाबले अधिक मत प्राप्त हुए, जो कि भाजपा प्रत्याशी की सवा लाख मतों से जीत के रिकॉर्ड में जिला चंबा के चारों विस क्षेत्रों से दमदार प्रदर्शन रहा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में, भारतीय जनता पार्टी के किशन कपूर ने कांगड़ा से जीत हासिल की थी। उन्हें इस चुनाव में 725,218 वोट मिले थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के पवन काजल को केवल 247,595 वोट मिले थे। इसके अलावा, 2014 में भी बीजेपी के प्रत्याशी शांता कुमार ने जीत हासिल की थी। उन्होंने इस चुनाव में कांग्रेस के चंद्र कुमार को 286,091 वोटों से हराया था। इस समय, शांता कुमार को 456,163 वोट मिले थे, जबकि चंद्र कुमार को केवल 286,091 वोट ही मिले थे। कांगड़ा लोकसभा सीट के अधीन 17 विधानसभा सीटों में कांगड़ा, चुराह, डलहौजी, नूरपुर, जवाली, फतेहपुर, नगरोटा, शाहपुर, बैजनाथ, पालमपुर और धर्मशाला शामिल हैं। कांगड़ा के 13 विधानसभा क्षेत्रों में से 10 में कांग्रेस के विधायक हैं। इसके अतिरिक्त, चंबा के चार और कांगड़ा के तीन विधानसभा क्षेत्रों में गद्दी समुदाय के मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के जातियों के सामाजिक समीकरण के आधार पर, यहां पर सामान्य वर्ग के 25 प्रतिशत, ओबीसी वर्ग के 27 प्रतिशत, एससी वर्ग के 18 प्रतिशत और एसटी वर्ग के 30 प्रतिशत मतदाता हैं। चंबा के चार विधानसभा क्षेत्रों और कांगड़ा के तीन विधानसभा क्षेत्रों में गद्दी समुदाय के मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। (अनंत ज्ञान)




### क्या विधानसभा चुनावों में जीत को भुना पाएगी कांग्रेस ?

**गत** डेढ़ वर्ष पूर्व विस चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत का लोस चुनाव में भी जादू चलेगा या नहीं, यह रोचक रहेगा। कांग्रेस लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को लेकर जहां जीत के दावे कर रही है, वहीं केंद्र की सत्ता में लगातार दो बार विजय रही भाजपा 400 पार सीटों का दावा कर रही है। वहीं, विस उपचुनाव में भी 6-6 सीटें जीतने सहित राज्य सरकार का तख्ता पलट करने का सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को खुली चुनौती दे रही है। यदि हम विस चुनाव समीकरण व लोस चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में जिला चंबा के चार विस क्षेत्रों पर नजर डाले तो यहां भाजपा व कांग्रेस दोनों ही बराबर दिख रहे है। दोनों ही पार्टियों के हाथों में जीती हुई दो-दो सीटे हैं, जिसमें मतदान प्रतिशत के हिसाब से चंबा सदर में कांग्रेस और डलहौजी में भाजपा का बोलबाला है, जबकि भटियात व चुराह में मुकाबला नजदीक-नजदीक रहा।

### विधानसभा चुनाव में लीड

| विस क्षेत्र | विजेता विधायक | लीड |
|---|---|---|
| चंबा | नीरज नैयर कांग्रेस | 8782 |
| भटियात | कुलदीप पठानिया कांग्रेस | 1567 |
| चुराह | डॉ. हंसराज भाजपा | 2624 |
| डलहौजी | डीएस ठाकुर भाजपा | 9918 |

### यहां साढ़े तीन दशक तक रहा कांग्रेस का दबदबा

**कांगड़ा** लोकसभा सीट पर साढ़े तीन दशक तक कांग्रेस का दबदबा रहा। इस सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था, जिसमें कांग्रेस के हेमराज को जीत मिली थी। साल 1957 में कांग्रेस के पद्म देव सांसद चुने गए। साल 1962 में कांग्रेस के हेम राज दोबारा सांसद बने। साल 1962 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के छत्तर सिंह संसद गए और साल 1967 में कांग्रेस के हेम राज लोकसभा सांसद बने। साल 1967 में कांग्रेस के विक्रम चंद महाजन, साल 1977 में लोकदल से दुर्गा चंद, साल 1980 में कांग्रेस के विक्रम चंद महाजन और साल 1984 में कांग्रेस की चंद्रेश कुमारी सांसद बनीं। इस सीट पर साल 1989 में पहली बार भाजपा ने परचम लहराया और शांता कुमार सांसद बने। साल 1991 में भाजपा के डीडी खनोरिया ने जीत हासिल की। साल1996 में कांग्रेस के सत महाजन सांसद बने। साल 1998 और साल 1999 में भाजपा के शांता कुमार फिर सांसद बने। साल 2004 में कांग्रेस के चौधरी चंद्र कुमार ने शांता कुमार को हराया। साल 2009 में भाजपा के डॉ. राजन सुशांत सांसद चुने गए और साल 2014 में तीसरी मर्तबा शांता कुमार सांसद बने। साल 2019 में भाजपा के किशन कपूर रिकार्ड मतों से जीतकर लोकसभा पहुंचे। इस बार क्या भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज मतों के रिकार्ड को बरकरार रख पाएंगे या फिर कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे यह देखने लायक होगा। फिलहाल दोनों ही दिग्गज पार्टियां अपने-अपने प्रत्याशियों के रुझान में मत हासिल करने के लिए चुनावी रणभूमि में पूरी ताकत झौंक रहे हैं।

**पोलिंग पार्टियां रवाना**



बिझड़ी : लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां चुनाव सामग्री लेकर पोलिंग बूथों की ओर रवाना हुई।

**मतदाता जागरूकता**




ऊना में मतदान जागरूकता के लिए मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त जतिन लाल।

# आरोप-प्रत्यारोप में दब गए मंडी संसदीय क्षेत्र के मुद्दे

## एक-दूसरे दल की करतूतों को दर्शाने में ही चला गया सारा समय

**अनिल शर्मा, मंडी**

देश के दूसरे सबसे बड़े संसदीय क्षेत्र मंडी में आरोप प्रत्यारोप के दौर में आम जनता के मुद्दे धरे के धरे रह गए। चुनाव प्रचार के दौरान एक दौर ऐसा भी आया जब जनता सरेआम यह कहने लगी कि हम आरोप प्रत्यारोप नहीं विकास, संस्कृति उत्थान, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की बातें सुनना और कहना चाहते हैं। स्थिति को भांपते हुए राजनीतिक दलों के नुमाइंदों ने विकास की टूटी फूटी बातें करना शुरू की। कई दशकों तक पूरे न होने वाले मुद्दों को फिर से जनता की अदालत में वोट के लिए उछाला जाने लगा। चुनाव प्रचार में ऐसी ऐसी भाषा बोली गई, जो सभ्य समाज ने स्वीकार नहीं की। एक दौर में चुनाव प्रचार व्यक्तिगत होकर रह गया, लेकिन फील्ड रिपोर्ट के आधार पर दोनों ही दलों ने स्थिति को संभाला और चुनाव को अति व्यक्तिगत होने से रोकने के प्रयास होने लगे।

कुल मिलाकर व्यक्तिगत छींटाकशी को लेकर यह चुनाव भी इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। दोनों ही दलों ने एक-दूसरे की करतूतों को दर्शाने में ही सारा समय निकाल दिया। चार जून को नतीजे आने के बाद दोनों ही दलों को इस पर गहनता से मंथन करना ही होगा।



द्रंग की नमक फैक्टरी, मंडी में आकाशवाणी केंद्र, ब्यास नदी के किनारे घाटों का निर्माण, पंचवक्त्र और त्रिलोकीनाथ मंदिर को छोटे पैदल पुल से आपस में जोड़ना, ब्यास तट पर चतुर्दश देवालयों को एकल पथ निर्माण, जैंचूरा नौण के पास पार्किंग निर्माण, 7 हजार वल्लभ कॉलेज व 10 हजार से अधिक सरदार पटेल विश्वविद्यालय के छात्रों को हॉस्टल सुविधा, हर विधानसभा में तीन-तीन डे बोर्डिंग स्कूल खोलने, हर उपमंडल पर अल्ट्रासाउंड और सभी टेस्ट सुविधा व सभी रोगों के विशेषज्ञ नियुक्त करने, नौबाही कॉरिडोर, जाहू में बंजर जमीन पर हवाई अड्डा, नेरचौक में टोमेटो सॉस फैक्टरी, कुल्लू-मंडी के दो दर्जन से अधिक सुंदर स्थलों को पर्यटन स्थल विकसित करना, आयुष अस्पताल का निर्माण, बेसहारा पशुओं के लिए गोशालाएं बनाना, सरकारी क्षेत्र में एमआरआई की सुविधा, गोहर में शिक्षा और स्वास्थ्य का मजबूत करना, जोगिंद्रनगर में प्रोफेशनल कोर्स शुरू करना, मंडी में बंदोबस्त कार्यालय स्थापित करना, कमरूनाग और शिकारी देवी क्षेत्र को विकसित करना, मौंही से चंदेस के लिए रोपवे, पांगना के ऐतिहासिक दुर्ग को सुरक्षित करना, करसोग घाटी के प्राचीन मंदिरों के लिए पार्किंग व बेहतर सड़क सुविधा, लाहौल और किन्नौर को पर्यटन के रूप में विकसित करना, कुल्लू-मनाली में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वैकल्पिक सड़क सुविधाओं को विकसित करना आदि सैकड़ों मुद्दे आरोप प्रत्यारोप की काली छाया में ढके रहे।

# भाजपा मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर जीत की हैट्रिक बनाएगी : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान, नाहन**



भाजपा एक बार फिर अपनी जीत को लगातार बरकरार रखते हुए जीत की हैट्रिक लगाएगी और प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे। भाजपा लोकसभा सांसद व शिमला संसदीय क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में आप सभी मतदाता बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज करवाए। विपक्षी गठबंधन केंद्र में इकट्ठे होने का दावा करते हैं जबकि प्रांतीय स्तर पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। जनता को भ्रमित करने की बजाय अपने गठबंधन का सत्य जनता के बीच रखने का कार्य इस विपक्षी गठबंधन को करना चाहिए। यह ठगबंधन एक साथ चुनाव लड़ते हैं, जबकि जनता के सामने लड़ाई का दिखावा करते हैं। भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से भ्रष्टाचार के गुर सीखे हैं और अब ये पार्टी भी भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई है।

सांसद कश्यप ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब को नशा मुक्त करने का वादा किया था, लेकिन सत्ता में आते ही नशे को अपनी कमाई का साधन बना लिया है। भाजपा का कहना है कि पंजाब का नकारात्मक प्रभाव हिमाचल प्रदेश पर भी पड़ रहा है। दिल्ली का शराब घोटाला अब पूरी दुनिया जान चुकी है।

# महिलाओं, युवाओं और पूर्व सैनिकों ने राजेंद्र राणा के लिए घर-घर जाकर मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर का हर वर्ग खुलकर भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के पक्ष में किस तरह हुंकार भर रहा है, इसका नजारा आज साक्षात रूप से देखने को मिला।

चुनाव प्रचार थमने के बाद शुक्रवार को भी इस विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में महिलाओं, युवाओं और पूर्व सैनिकों सहित हर वर्ग की टोलियों ने घर-घर जाकर राजेंद्र राणा के लिए वोट मांगे। इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का एक-एक वर्कर राजेंद्र राणा के साथ कदमताल करते हुए लोगों से खुलकर राजेंद्र राणा को वोट देने की अपील कर रहा है। सुक्खू सरकार द्वारा सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी करने और चुनावों में की गई गारंटियां पूरी न करने को लेकर यहां के मतदाताओं में भारी गुस्सा है। मुख्यमंत्री द्वारा एक विधायक के रूप में राजेंद्र राणा के साथ जो सुलूक किया गया, उसे भी यहां की जनता ने पसंद नहीं किया है।

# चुनाव प्रचार में सुक्खू सब पर भारी

## भाजपा ने 102 और मुख्यमंत्री ने अकेले ही कर दीं 119 रैलियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार और छह विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए अंतिम 10 दिनों में जबरदस्त तरीके से प्रचार हुआ। छह चरणों का चुनाव समाप्त होते ही भाजपा और कांग्रेस के कई राष्ट्रीय नेताओं ने हिमाचल पहुंच चुनावी माहौल गरमा दिया। भाजपा ने चुनाव की घोषणा होते ही अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर शुरुआती दौर से ही प्रचार को धार देकर कुछ बढ़त भी बनाई, लेकिन कांग्रेस ने करीब एक माह पूर्व बहुत सोच विचार के बाद प्रत्याशी तय कर सभी सीटों को कड़े मुकाबले में फंसा दिया है।

प्रदेश में करीब 75 दिनों तक चले चुनाव प्रचार में भाजपा ने जहां कुल 102 चुनावी जनसभाएं की वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अकेले ही 119 चुनावी रैलियां कर कांग्रेस का मोर्चा संभाला। टिकट आवंटन में पिछड़ी कांग्रेस के 34 स्टार प्रचारकों ने प्रदेश भर में 307 जनसभाएं कीं।

### भाजपा की ओर से जयराम ने की 46 रैलियां



भाजपा की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी ने 2, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने 7, केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 2, नितिन गडकरी ने 2, कल्पना सैणी ने 2, यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने 2, केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने 1, डॉ. अल्का गुज्जर ने 1, दीया कुमारी ने 1, राजीव जसरोटिया ने 2, चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने 8, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने 17, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने 46, प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने 3, राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी ने 3, डॉ. सिकंदर कुमार ने 2 जनसभाएं कीं।

### कांग्रेस की ओर से इन्होंने कीं रैलियां

कांग्रेस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक, राहुल गांधी ने दो, भूपेश बघेल, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सचिन पायलट, मुकुल वासनिक ने एक-एक और राजीव शुक्ल ने नौ रैलियां कीं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 90, प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने 75 जगह रैलियां कीं। राष्ट्रीय नेताओं में शशि थरूर, अलका लांबा, रोहित चौधरी, प्रवीण डावर, पवन खेड़ा, केसी वेणुगोपाल भी चुनाव प्रचार के लिए हिमाचल पहुंचे।

# देश की एकता,अखंडता के लिए प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व आवश्यक : कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने का काम किया है और यह बात किसी से छुपी नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने प्रेस को जारी ब्यान में कहा कि कांग्रेस की नीतियां सदैव ही देश को कमजोर करने की रही है चाहे वो आंतरिक तौर पर हो, चाहे बाहरी तौर पर हो।

स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही कांग्रेस का शासन रहा है और ये जग जाहिर बात है की कैसे हर बार कांग्रेसी नेताओं ने देश की संप्रभुता को तोड़ने के कार्य किए है। उन्होंने कहा कि शुरुआत से ही कांग्रेस ने एक खास वर्ग का लालन पोषण किया है, जिसके चलते हमारे हिंदू भाइयों व बहनों को हक उनसे छीन कर बिना किसी को भनक लगवाएं उस खास वर्ग में बांटे गए हैं लेकिन क्या ये कोई पहली बार है जब ऐसा किया है कांग्रेस ने? तो इसका सीधा सीधा जवाब है नहीं।

उन्होंने कहा कि आज ये विपक्षी गठबंधन एक साथ आकर एकता का नारा देते हैं। कोई इसने जवाब मांगे कि ये कैसी एकता है जो केवल एक व्यक्ति को गद्दी न मिले ये सुनिश्चित करने में लगा हुआ है। इनके पास और कोई चारा भी तो नहीं है क्योंकि ये जानते है कि यदि इस बार भी मोदी जी सत्ता में आए तो इनकी झूठ फरेब की दुकानें 100 प्रतिशत बंद होना तय है। देश की एकता,अखंडता के लिए प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व आवश्यक है।

# धर्मशालावासी बेईमानी के खिलाफ वोट करें : जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के मतदाताओं से अपील है कि एक जून को मतदान के लिए अपने घरों से निकल कर अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है।

धर्मशाला उपचुनाव इस बार ईमानदारी और बेईमानी के बीच है। हम सभी लोकसभा चुनावों की तैयारी कर रहे थे, लेकिन प्रदेश के 6 विधायकों ने अपना जमीर बेच दिया, जिसके कारण लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा उप-चुनाव भी हो रहे हैं। युवाओं से भी आह्वान है कि वे सुनिश्चित करें कि अपने परिवार के अलावा आस-पड़ोस में भी मतदान करने में कोई न छूटे। यह बात एक विशेष भेंट वार्ता में धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने कही।

उन्होंने कहा कि धर्मशाला की जनता को एक वोट बेईमानी के खिलाफ ईमानदारी के लिए करना है और दूसरा वोट देश में बदलाव के लिए करना है। इस बार कांगड़ा-चंबा की जनता एक सांसद को नहीं बल्कि एक केंद्रीय मंत्री का चुनाव करने जा रही है।

जग्गी ने कहा कि धर्मशाला उपचुनाव में एक तरफ जनबल है तो दूसरी ओर धनबल। हम सबको मिल कर धन-बल के खिलाफ मतदान करना है, ताकि हमेशा की तरह ईमानदारी की जीत हो। धन के लालच में अपना जमीर बेचने वालों को ऐसा सबक सिखाना है कि भविष्य में ऐसा करने के बारे में कोई सोच भी न सके।

**तैयारियां** — अधिकतर ग्रामीण रूटों पर एचआरटीसी की ही बसें चलती हैं, लोगों को होगी परेशानी

# हिमाचल में 1,400 एचआरटीसी बसें चुनावी ड्यूटी पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




हिमाचल प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव के लिए बड़ी तादाद में एचआरटीसी बसों को लगाया गया है। एचआरटीसी की तकरीबन 1400 बसें चुनावी डयूटी पर बुक हुई हैं। इससे बसों के कई रूट प्रभावित हुए हैं और इसका असर एचआरटीसी से सफर करने वाले यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में लगी फोर्स एवं अन्य स्टाफ के लिए एचआरटीसी बसों की ड्यूटी लगाई गई है, जिस वजह से आम यात्रियों को यात्रा करने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजधानी शिमला सहित अन्य शहरों में गुरुवार को इसका असर देखने को मिला। यात्रियों को बसों के लिए अड्डे पर घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। बता दें कि एचआरटीसी के बेड़े में 3 हजार के करीब बसें हैं। इनमें तकरीबन 1408 बसों को चुनाव ड्यूटी में भेज दिया गया है। चुनाव ड्यूटी में लगने के बाद कई ग्रामीण रूटों पर यात्रा करने में भी परेशानी खड़ी होने लगी है। राज्य में अधिकतर ग्रामीण रूटों पर एचआरटीसी की ही बसें चलती हैं।

### कांगड़ा जिले के लिए सबसे ज्यादा 280 बसें

**चुनाव** के दौरान कांगड़ा जिला के लिए सबसे ज्यादा 280 एचआरटीसी बसें लगाई गई हैं। इसके अलावा मंडी जिला में 227, शिमला में 201, सोलन व सिरमौर में 103-103, ऊना में 100, हमीरपुर में 96, कुल्लू में 88, चंबा में 84, बिलासपुर में 67, किन्नौर में 33 और लाहौल-स्पीति में 26 बसों को लगाया गया है। इसके अलावा एचआरटीसी ने पांच टेंपो ट्रैवलर भी बुक किए हैं। सोलन में तीन और चंबा में दो टेंपो ट्रैवलर लगाए गए हैं।

### श्रीराम को लेकर कांग्रेस के पापों को जरूर याद करना : शांता कुमार

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि मतदान से पहले जनता भारत के महान सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक प्रभु राम के विरुद्ध कांग्रेस के पांच पाप अवश्य याद करें।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने कोर्ट में हलफिया बयान देकर कहा था कि राम कभी हुए नहीं हुए थे, सब फर्जी है। कांग्रेस ने राम मंदिर के आंदोलन का घोर विरोध किया था। राम मंदिर बनने के बाद प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराया।

इसके बाद भी अयोध्या जाने पर कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णनम को पार्टी से निकाल दिया और अब अंतिम पाप यह कहकर किया कि कांग्रेस यदि जीती तो अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा दोबारा होगी।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



चार जून को देश में जो भी नई सरकार चुनकर आएगी और हमीरपुर संसदीय सीट से जो भी सांसद बनेगा वह बेरोजगारी व महंगाई को कम करने के साथ ही बिलासपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष कदम उठाए। आज युवा को नौकरी नहीं मिल रही है जिससे इस महंगाई के दौर में जीवन यापन करना मुश्किल हो रहा है। **- रितिका चंदेल, बिलासपुर**



देश महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी सहित विभिन्न मुद्दों से जूझ रहा है। जनता के चुने हुए प्रतिनिधि जनहित को छोड़ कर अपनी महत्वकांक्षाओं को पूरा करने में लगे हुए हैं। सभी मसलों को ध्यान में रखते हुए मतदान किया जाएगा। आपका एक वोट श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण करेगा। **-रविंद्र शर्मा गिगड़, जवाली**



राजनीतिक दल चुनावों के समय गरीब और गरीबी की बात तो जरूर करते हैं लेकिन चुनावों के बाद सबसे पहले इसी मुद्दे को भूल जाते हैं। सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाती। इस बार मतदान करने से पूर्व हर मुद्दे पर विचार विमर्श किया जाएगा। **-कुलवंत सिंह चलवाड़ा, जवाली**



बेरोजगारी व महंगाई जिस गति से बढ़ रही है उससे आमजन परेशान हैं। वहीं पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की कीमतों में बढोतरी के साथ ही शिक्षित युवा बेरोजगारी की मार झेलने को मजबूर है जिसे ध्यान में रखते हुए वह मतदान करेंगे। लोग आज बदलाव के मूड में दिख रहे। सरकार की नीतियां कुछ एक लोगों तक सिमट कर रह गई है। **-नितिन उप्पल, बिलासपुर**



ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगा जो बिना भेदभाव के सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास परक सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे। **-सुरेंद्र कुमार, लाहौल-स्पीति**



लोगों के अनुसार जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश में समन्वय स्थापित करेगा उसे ही वोट देंगे। जातिवाद व ऊंच नीच से ऊपर उठकर कार्य करे ऐसे प्रत्याशी को ही वोट देंगे।इसके अलावा जो प्रत्याशी सबको साथ लेकर चलने वाला हो उसे ही वोट देंगे। **-सतीश कटोच, लाहौल-स्पीति**



केंद्र सरकार की योजनाओं से प्रत्येक वर्ग को लाभ मिला है। हिमाचल प्रदेश की बात करें तो मौजूदा सरकार में मुख्यमंत्री तानाशाह रवैया अपनाए हुए हैं। अपने 15 महीने के कार्यकाल में वह चुनाव पूर्व गारंटियों में से एक भी गारंटी पूरी करने में विफल रहे हैं। **-रविता भारद्वाज, बैजनाथ**



नेता चुनाव के समय आते हैं वादे करते हैं और चले जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद उन्हें जनता की जैसे चिंता ही नहीं रहती। फिर पांच साल बाद ही जनता उनका चेहरा देख पाती है। ऐसे सांसद का बहिष्कार होना चाहिए । **-कमलेश ठाकुर, सोलन।**



अब तक क्षेत्र के साथ नाइंसाफी ही की है और जनता को छला है। मत देने से पहले मतदाता को चुनाव को लेकर सोचना जरूर चाहिए। जो जनता की समस्या सुने और समाधान का भरोसा दिलाये उसे ही मौका देना चाहिए। **-चेतन ठाकुर, सोलन**



वर्तमान परिदृश्य में देश में संचार क्रांति और सोशल मीडिया की चुनौतियां खड़ी है। इससे साइबर क्राइम बढ़ रहा है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस भी बड़ी चुनौती है। देश के भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने वाली राजनीतिक पार्टी को वोट दिया जाना चाहिए। **-सतीश छाजटा, सोलन**



देश की बहुत बड़ी आबादी गुजारे लाइक वेतन पर काम करती है, ऐसे में सांसदों और विधायकों के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी देश की एक तिहाई जनता के साथ बेइमानी है। कोई भी सांसद बने, लेकिन युवाओं को रोजगार को लेकर जो चिंता बनी रहती है उस पर मंथन जरूर करे।**-शिवम, मंडी**



मंडी लोकसभा क्षेत्र से शिक्षित, ईमानदार, सदाचारी और लोगों की जरूरतों को पूरा करने वाला सांसद चुना जाना चाहिए। सांसद को क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों की पूरी जानकारी होनी चाहिए, जिससे हमें एक जिम्मेदार सांसद मिल सके। **-दिनेश गुप्ता, मंडी**



देश के 45 करोड़ युवा 10-15 हजार रुपए ही कमाते हैं, जबकि नीतियां 4 करोड सरकारी कर्मचारियों के लिए बनती हैं। यह व्यवस्था परिवर्तन की ओर इशारा करती है। निजी क्षेत्र में काम ज्यादा और दाम कम मिलते हैं और कुछ अनहोनी होने पर काम से निकाल दिया जाता है। ऐसे में सांसदों और विधायकों को मिलने वाली फ्री सुविधाएं भी बंद होनी चाहिए। वेतन में कटौती होनी चाहिए, ताकि 45 करोड़ युवाओं का दर्द इन्हें आसानी से समझ आ सके। **-कल्पना, मंडी**



हम ऐसा सांसद चुनना चाहते हैं जो हिमाचल में रोजगार के साधन उत्पन्न करे और बद्दी में जो कंपनियां काम करती हैं, उनमें 70 प्रतिशत हिमाचली होने चाहिए। देखा यह गया है कि कागज पूरे करने के लिए हिमाचली दिखाए जाते हैं, जबकि वास्तव में वहां बाहरी राज्यों के लोग काम कर रहे होते हैं। **-निशी टंडन, मंडी**



ऐसा सांसद चुना जाए, जो टेक्निकल एजुकेशन को बढ़ावा दे और गरीब विद्यार्थियों का पढ़ाई का खर्चा उठाए। आखिरकार जनता के प्रतिनिधि की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि हर बच्चे को उच्च शिक्षा मिल सके और वह भी फ्री में। वर्तमान में सभी युवा वोट सोच समझ कर देते हैं, न जाति न धर्म और न ही क्षेत्रवाद को लेकर बल्कि काम करने वाले को वोट मिलेगा। **-प्रग्ना शर्मा, मंडी**

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।




*वोट दिवस है वोट दीजिए।*
*यह न कहिए नोट दीजिए।।*
*अच्छों को अपनाओ लेकिन,*
*सही नहीं तो चोट दीजिए।।*
*जहां उन्हें रहना जीवनभर,*
*ऐसा कोई स्पॉट दीजिए।।*
*कर पाएं वह सही फैसला,*
*न्यायालय का कोट दीजिए।।*
*पानी सिर से चढ़ जाए तो,*
*उसके गले को घोंट दीजिए।।*
*बेचारा जो सबकी सुनता,*
*उसको अपनी ओट दीजिए।।*
*एक पुराना किस्सा है कि,*
*बाबे को भई रोट दीजिए।।*
*फिर ताबीर जो लिख डालेगा,*
*नई उसको इंकपॉट दीजिए।।*

# दोस्तों के साथ चचियां खड्ड में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

## वरोह गांव में अपने मामा के घर रहता था दो बहनों का इकलौता भाई आर्यन

**अनिल छांगू, ज्वाली**

राजा का तालाब के अंतर्गत आती ग्राम पंचायत लाड्थ के वरोह गांव में मामा के घर रहने वाले एक युवक की शुक्रवार दोपहर को बनोली के चचियां खड्ड में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय आर्यन उर्फ सन्नी वरोह में अपने मामा अजीत कुमार के घर पर रहता था जबकि उसकी माता अरुणा देवी भी साथ ही रहती थी।

आर्यन ने हाल ही में फिटर ट्रेड में आईटीआई की पढ़ाई पूरी की थी और विदेश जाने की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार लगभग एक बजे वो अपने दो अन्य दोस्तों के साथ घर से बनोली की तरफ निकला। ऐसे में प्रचंड गर्मी में बनोली में पहुंचने पर उसने चचियां स्थित खड्ड में ठहरे हुए पानी में नहाने के लिए छलांग लगाई, जबकि उसके दो अन्य साथी उस समय बाहर ही थे। जब उन्होंने आर्यन को डूबते हुए देखा तो उन्होंने उसे बचाने के लिए काफी हाथ पांव मारे, परंतु वे सफल नहीं हुए। ऐसे में स्थानीय लोगों को जब इस घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने खड्ड में उतरकर आर्यन को खड्ड से बाहर निकाला।


आयरन सन्नी की फाइल फोटो।

स्थानीय लोगों की सहायता से आर्यन को हरनोटा स्थित प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, परंतु तब तक काफी देर हो चुकी थी। आर्यन की सांसे उसका साथ छोड़ चुकी थी। इस बीच सूचना मिलने के बाद पुलिस थाना जवाली की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उसे नूरपुर भेज दिया है।

डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आगे की कार्यवाई जारी है। आर्यन दो बहनों का अकेला भाई था। उसके पिता की कुछ वर्ष पहले ही मौत हो चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

# वोटर्स के स्वागत के लिए सजे पोलिंग बूथ, व्यवस्थाएं चाक-चौबंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

लोकसभा के आम चुनाव को लेकर जिला कांगड़ा में सभी बंदोबस्त किए गए हैं। पोलिंग पार्टियां आज अपने-अपने मतदान केंद्रों में पहुंच चूंकि हैं। जिला के पोलिंग स्टेशन वोटर्स के स्वागत के लिए सज चुके हैं। भारी संख्या में मतदाताओं के आने की उम्मीद के साथ चुनाव आयोग ने सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी हैं। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने मतदान की तैयारियों का जायजा लेने के बाद दी।

उन्होंने बताया कि पहली जून सुबह 5:30 बजे मॉक पोलिंग शुरू कर दी जाएगी। उसके बाद 7 बजे से शाम 6 बजे तक लोग मतदान केंद्रों में जाकर अपना वोट डाल सकते हैं। इस बार जिला कांगड़ा में कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट के लिए दस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं और धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव में 4 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।




### जिले में बनेंगे ग्रीन पोलिंग बूथ

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग जिला कांगड़ा के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक ग्रीन बूथ स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि चुनावों में गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए ग्रीन पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग का उद्देश्य है कि पोलिंग बूथों पर गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न हो। इसी के चलते यह ग्रीन पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे, जहां पर गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक सामग्री के उपयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन ग्रीन पोलिंग स्टेशनों को बांस की टहनियों और पत्तियों से सजाया जाएगा और स्थानीय कला और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा।

# कॉपीराइट अधिनियम उल्लंघन की शिकायत केंद्रीय विश्वविद्यालय पहुंची

## शोधपत्र के शीर्षक का नाम बदल कर नए शीर्षक के साथ प्रकाशन का है मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शोधपत्र का शीर्षक बदल कर नए शीर्षक के साथ प्रकाशन के एक मामले में केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र ने कुलपति को शिकायत प्रेषित की है। समाज कार्य विभाग के पूर्व छात्र व वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में शोधार्थी योगेश ने ईमेल के माध्यम से गत माह कुलपति को शिकायत भेजी कि उसके शोध पत्र को विश्व मोहन, सहायक प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग, हिप्रकेवि द्वारा शोधपत्र का शीर्षक बदल कर पुनः प्रस्तुत और साहित्यिक चोरी किया गया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे हिप्रकेवि के पूर्व छात्र योगेश ने कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63 के तहत एक शिकायत




प्रस्तुत की, जिसमें कोई भी व्यक्ति जो लेखक की सहमति के बिना किसी अन्य के काम की नकल करता है, वह कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63 के तहत उल्लंघन के लिए दंडित होने के लिए उत्तरदायी है। कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर किसी भी कार्य में कॉपीराइट का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करने के लिए उकसाता है, एक दांडिक अपराध करता है। योगेश ने बताया कि विश्व मोहन ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनका पेपर 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ सोसाइटी एंड एजुकेशन (आईजेएसबी) में प्रकाशित किया जाएगा, क्योंकि वह संपादकीय बोर्ड के सदस्य हैं। इसमें हितों का टकराव भी शामिल है, क्योंकि एक ही व्यक्ति संपादक भी है और लेखक भी। इसके अलावा उन्होंने मूल लेखक की सहमति के बिना दो और लेखकों विश्वज्योति, सहायक प्रोफेसर और आंचल ठाकुर को भी इसमें शामिल कर लिया गया।

कुलपति सत्य प्रकाश बंसल ने इस पूरे प्रक्ररण पर संज्ञान लेकर एक समिति का गठन कर जांच शुरू की है। जांच में आरोपी प्रोफेसर ने अभी तक सहयोग नहीं किया है। कुलपति ने कहा कि समिति की जांच पूर्ण होने के बाद ही किसी तनीजे पर पहुंचा जा सकता है।

# ज्वालामुखी में ठप हुई पेयजल सप्लाई, सातों वार्डों में नहीं आया पानी

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी शहर के समूचे सातों वार्डों में आज पीने के पानी की सप्लाई ठप रही, जिस बजह से शहरवासियों को पानी की समस्या से दो चार होना पड़ा। शहर में आजकल भारी गर्मियों के कारण बाहरी राज्यों में छुट्टियां हैं जिस बजह से यात्रियों की भीड़ है और यूपी, राजस्थान के श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचे हुए हैं, ऐसे में यहां सभी को पानी की समस्या से जूझना पड़ा।



वहीं स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि वे सभी प्रतिदिन पेयजल पीने के लिए भरते हैं, लेकिन सप्लाई ठप्प होने के कारण उन्हें बहुत दूर से हैंडपम्प का सहारा लेना पड़ा जो कि पीने के लायक नही है। वहीं निजी गेस्ट हाउस, होटलों को भी पानी के लिए टैंकर मंगवाने पड़े और पानी की कमी को पूरा किया गया।

बताया जा रहा है जिस पंप हाउस से पानी लिफ्ट किया जाता है वहां गत दिवस बिजली का पोल गिर गया, जिस बजह से पंप हाउस में लाइट नहीं आई और पानी लिफ्ट नहीं हो सका। वाटर गार्ड से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि जैसे ही लाइट आएगी पानी की सप्लाई चलाई जाएगी।

उधर जल शक्ति विभाग ज्वालामुखी अभियंता दीपक ने बताया कि बिजली पंप हाउस में न होने के कारण पानी की सप्लाई ठप रही। आज पोल की मरम्मत की जा रही है। शनिवार सुबह पानी की सप्लाई को सुचारु कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# कुएं-बावड़ियों की साफ-सफाई में जुटे ग्रामीण



**अनंत ज्ञान, गरली**

उप मंडल देहरा के अंतर्गत गांब निचला करियाडा में पेयजल सप्लाई की किल्लत शुरु होते ही यहां क्षेत्र भर के लोगों ने मिलकर पुराने कुएं बाबड़ियों को साफ-सफाई करने के लिए एकजुटता दिखाई हैं। इन दिनों जहां गर्मी के मौसम मे जलशक्ति विभाग की कई पेयजल स्कीमे दम तोडने लगी है तो निचला करियाडा के लोगों ने पानी की किल्लत से बचने के लिए यहां पुराने कूएं-बावड़ियों को साफ करने के लिए मुहिम शुरू की है। पूर्व वार्ड सदस्य राम पाल शर्मा, सन्नी शर्मा, मनोज शर्मा, सन्नू शर्मा, प्रकाश चंद शर्मा आदि ने कुएं नीचें इकट्ठी हुई मिट्टी बाहर निकाला।

उक्त लोगों ने बताया कि यहां गर्मी व बरसात के मौसम में इलाके भर के तमाम लोगों को पीने के पानी की कोई दिक्कत पैदा न हो और शुद्ध पानी मिल सके इसलिए उन्होंने साफ-सफाई की।

# सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के 83 युवाओं ने पास की आर्मी भर्ती परीक्षा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां द्वारा संचालित सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के 83 युवाओं ने अपनी योग्यता का परिचय दिया है। अप्रैल में सेना द्वारा ऑनलाइन माध्यम से ली गई भर्ती परीक्षा का परिणाम वीरवार को जारी किया गया।

इस अवसर पर शुक्रवार को कोचिंग सेंटर लूहना में एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें परीक्षा में उत्तीर्ण हुए युवाओं का कोचिंग सेंटर में भव्य स्वागत किया गया। कोचिंग सेंटर के निदेशक पवन डोगरा ने बताया कि युवाओं को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के


समारोह के दौरान कोचिंग सेंटर लूहना में मौजूद युवा व अन्य गणमान्य।

लिए कोचिंग सेंटर निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान समय में कोचिंग सेंटर में आगामी सेना भर्ती के लिए युवाओं के विशेष बैच चलाए जा रहे हैं, ताकि ग्राउंड परीक्षा में भी युवा अपना अच्छा प्रदर्शन करके सेना में अपनी जगह बना सकें। इस मौके पर कोचिंग सेंटर के मुख्य संरक्षक कर्नल रमेश वालिया, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन कर्म सिंह धीमान, कैप्टन मदन कटोच, कैप्टन केवी गोस्वामी तथा समस्त स्टाफ ने प्रशिक्षुओं को बधाई दी।

# नरघोटा के जंगल में लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला नगर निगम के साथ लगती सुधेड़ पंचायत के गांव नरघोटा में जंगल की आग के चीड़ के कई छोटे पौधे जल गए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे भड़की जंगल की आग के बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड धर्मशाला को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को काबू कर करोड़ों के जंगल को जलने से बचाया।

स्टेशन फायर अफसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड टीम ने आग को काबू किया। उन्होंने बताया कि आग के कारण चीड़ के कई छोटे पौधे जल गए जबकि समय रहते आग को काबू करने के कारण करोड़ों रुपए का वन बचा लिया गया।


जंगल में लगी आग बुझाता कर्मचारी।

# सिटी हॉस्पिटल कांगड़ा को मिला पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

सिटी हॉस्पिटल घुरकडी मटौर कांगड़ा को हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पर्यावरण नेतृत्व पुरस्कार 2022-23 से नवाजा गया है।

अस्पताल के प्रबंधक निदेशक डॉ. प्रदीप मक्कड़, डॉ. आशीष गर्ग व डॉ. राजीव डोगरा ने बताया कि बायोमैडीकल अपशिष्ट प्रबंधन श्रेणी में यह अवार्ड सिटी हॉस्पिटल कांगड़ा को मिला है। उन्होंने कहा कि इस पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार सिटी हॉस्पिटल कांगड़ा को 5 जून को शिमला के गेयटी थिएटर में एक कार्यक्रम में दिया जाएगा, जोकि सिटी हॉस्पिटल के लिए बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सिटी हॉस्पिटल कांगड़ा की पांच सदस्यीय टीम उस कार्यक्रम में भाग लेगी। उन्होंने कहा कि सिटी हॉस्पिटल कांगड़ा पर्यावरण के बचाव के लिए समय-समय पर हर संभव प्रयास करता रहता ही साथ ही पर्यावरण के लिए जगह-जगह पौधारोपण भी किया जाता है ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।




### शिमला में 5 जून को मिलेगा एक लाख रुपए नकद ईनाम

उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन पर्यावरण पर निश्चित है इसके लिए हम सभी को मिल जुल कर प्रयास करना चाहिए ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। मनुष्य के जीवन को बरकरार रखने के लिए पर्यावरण को से बड़ी औषधि कोई नहीं है।

# निष्पक्ष, भयमुक्त व स्वतंत्र मतदान की तैयारी पूरी : डीसी

## धर्मशाला में जिलाधीश हेमराज और एसपी शालिनी के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर गत सांय छह बजे प्रचार अभियान की अवधि समाप्त होने पर सुरक्षा कर्मियों ने धर्मशाला में जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा और पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला।

इस दौरान लोगों से मतदाता में भाग लेने का भी संदेश दिया गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि


पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते डीसी हेमराज व एसपी शालिनी अग्निहोत्री।

निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। मतदाताओं में किसी भी तरह का भय नहीं हो इस के लिए फ्लैग मार्च के माध्यम से मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि मतदान तथा मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा डयूटी पर तैनात कर्मचारियों को भी निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है तथा पोलिंग पार्टियों को भी गंतव्य स्थल के लिए रवाना कर दिया है।

उन्होंने कहा कि फ्लैग मार्च के माध्यम से जनता को मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का संदेश दिया गया। कहीं भी किसी भी शहर में लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की संभावना या किसी घटना के बाद हालात को काबू करने के लिए फ्लैग मार्च किया जाता है।

वहीं मतदान का संदेश देने के साथ लोकतंत्र के विरूद्ध किसी भी घटना से निबटने को तैयार होने का संदेश देते हुए कांगड़ा संसदीय सीट तथा विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांगड़ा जिला के मुख्यालय धर्मशाला में फ्लैग मार्च निकाला।

# आज सभी सरकारी अस्पताल खुले रहेंगे

**धर्मशाला।** लोकसभा निर्वाचन तथा विधानसभा उपचुनाव के 1 जून को मतदान के चलते सभी स्वास्थ्य संस्थान खुले रहेंगे।

यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि मतदान के दिन बड़े स्वास्थ्य संस्थान ही नहीं बल्कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी खुले रहेंगे जिसमे स्टाफ तैनात रहेगा। मतदान केंद्रों में आने वाले लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित कोई दिक्कत आती है तो उसको तुरंत साथ लगते स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस के माध्यम से लाया जाएगा। सभी एंबुलेंस की मतदान केंद्रों के साथ मैपिंग की गई है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



"प्रदेश की मौजूदा सरकार अभी तक के कार्यकाल में पूरी तरह बिफल रही है। पूरी संभावना है कि यह सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी। वहीं केंद्र सरकार में मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं से युवा, महिला, छोटे उद्यमी, मजदूर, किसान, बागवान आदि प्रत्येक वर्ग को लाभ मिला है।

**-प्रवीण शर्मा, बैजनाथ**



"चुनाव में उसी व्यक्ति का चुनाव करें, जो जनता के बीच में रहकर जनता की समस्याओं को सुनें। अपना वोट जरूर डालें जो निष्पक्ष, साफ छवि तथा ईमानदार व्यक्ति को जाए। किसी के बहकावे में न आए।

**-दिनेश कौशल, सोलन**



"विकास के लिए सत्ता में बदलाव होते रहना चाहिए। सत्ता में बदलाव होने से सांसद संवेदनशील बनेंगे और तब जाकर सही अर्थो में विकास हो पाएगा। परिवर्तन की बयार बही है इस बार लगता है अच्छे सांसद ही चुने जाएंगे।

**-कुशल ठाकुर, सोलन**

**जागरूकता** आईटीआई बैजनाथ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# तंबाकू के सेवन से बढ़ता है घातक कैंसर का खतरा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल के आदेशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ मनाया गया।

इस मौके पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने बताया कि तंबाकू का सेवन जानलेवा हो सकता है, यह बात अधिकतर लोग जानते हैं। हालांकि, बावजूद इसके दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप से तंबाकू का



आईटीआई बैजनाथ में कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

सेवन करते हैं। इतना ही नहीं, आज के समय में कम उम्र के युवा भी बीड़ी, सिगरेट और गुटखा के आदी हो चुके हैं। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई जिसमें सतबीर जी ने प्रथम स्थान,तनवी जी ने द्वितीय और साहिल जी ने तृतीय स्थान पर रहे। और इन सभी को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

इस मौके पर वर्ग अनुदेशक सविता व सुमन सहित समस्त स्टाफ और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अनीता , आशा, सुनीता व सीता सहित 200 के लगभग प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। लोगों को तंबाकू का सेवन करने से रोकने और इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर साल 31 मई के दिन को दुनियाभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है।

# ट्रांसफार्मर में आग लगने से जंगल में भड़की आग

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा के टीएनसी 132/33 केवी सब स्टेशन के पास जंगल में लगी आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया है। बिजली विभाग का सब स्टेशन आग से घिर गया। फायर ब्रिगेड, बिजली विभाग और वन विभाग के कर्मचारी भी आग बुझाने में लगे हैं।

डीएफओ देहरा ने भी मौके का जायजा लिया। फिलहाल सब स्टेशन के आस पास फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है। अब जंगल की आग की लपटें रियायशी इलाके की ओर बढ़ रही हैं। जंगल के पास ही कुछ लोगों के घर और वन आवास कालोनी भी है। आग लगने का कारण ट्रांसफार्मर में आग लगना बताया जा रहा है। जहां से यह आग लगी उससे दूसरी तरफ 50 मीटर दूरी पर पेट्रोल पंप स्थित है।

मौके पर पहुंचे देहरा वन विभाग के आरओ देहरा पवन कुमार ने कहा कि आग ट्रांसफार्मर में लगने के बाद निजी भूमि से जंगल की ओर भड़क उठी। 132/33 केवी सब स्टेशन भी आग से घिर गया था। अब फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है।

# डीसी ने मतदाताओं को दी लू से बचने की हिदायतें

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने गर्मी व लू के मौसम में मतदाताओं को हिदायतें देते हुए कहा कि सुबह जल्दी मतदान कर प्रयास करें, मतदान के लिए जाते समय पर्याप्त पानी तथा छाता लेकर साथ चलें, ताकि कड़ी धूप से बच सकें।

उन्होंने कहा कि तंग कपड़ों से बचें तथा ढीले कपड़े पहनें, छाया में रहने का प्रयास करें। लू लगने की हालत में व्यक्ति को हवा में लेटाएं, गीले कपड़े से शरीर को पोंछें, अगर हालत में तुरंत सुधार नहीं हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं तथा सेक्टर अधिकारी के माध्यम से उपमंडलाधिकारी को सूचित करें तथा एंबुलेंस सेवा के लिए भी सूचना दें, ताकि व्यक्ति का समय पर उपचार किया जा सके।

उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों पर भी पेयजल तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं ताकि किसी भी स्तर पर मतदाताओं को असुविधा नहीं हो।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब के 4 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया

**धर्मशाला।** पंजाब के चार संदिग्ध लोगों को पुलिस थाना धर्मशाला में हिरासत में लिया है तथा इनसे पूछताछ की जा रही है। पिछले सप्ताह से चुनाव संबंधी दिशानिर्देशों के खिलाफ धर्मशाला में संदिग्ध रूप से रह रहे पंजाब के 4 बाहरी लोगों को कानून की धाराओं के तहत हिरासत में लिया गया है। उनके स्थानीय कनेक्शन पर काम किया जा रहा है और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के मद्देनजर उनसे कानून के मुताबिक निपटा जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि चुनाव संबंधी दिशानिर्देशों के चलते इन चार पंजाब निवासियों को हिरासत में लिया गया है तथा इनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान को लेकर पुरी तरह चौकस है तथा चुनावों के निष्पक्ष तथा सुचारु संचालन के लिए हर संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस अपनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने जनता से भी सहयोग की अपील की।

### पर्यावरण को साफ रखने के लिए कार्यक्रम पांच को

**गगल।** संत निरंकारी मिशन द्वारा हर वर्ष सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता के पावन सानिध्य से पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है जानकारी देते हुए कांगड़ा ब्रांच के संयोजक महात्मा दीनानाथ व दाढ़ी भवन के संयोजक महात्मा बहन रूपा गुरुंग ने बताया कि पांच जून को भारतवर्ष के पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उस दिन दाढ़ी सत्संग भवन व अन्य निरकारी भवनों की साद संगत भी सुबह 7:30 से लेकर 8:30 तक मैकलोडगंज के साथ लगते चर्च में सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशों अनुसार पर्यावरण को साफ रखने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

### मतदान केंद्रों में सुविधाओं का किया निरीक्षण

**धर्मशाला।** भारतीय निर्वाचन आयोग के सचिव संतोष कुमार ने शुक्रवार को फतेहपुर तथा नूरपुर विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों में उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निर्वाचन आयोग के सचिव ने सुनेहत में महिला कर्मियों द्वारा संचालित बूथ तथा कुट में दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित पोलिंग बूथ का विशेषतौर पर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व इसी थीम को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने पोलिंग बूथों पर मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। पोलिंग बूथ में पेयजल, शौचालय, विद्युत तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी का विशेष ध्यान रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही दिव्यांगों के लिए रैंप की सुविधा भी प्रदान की जा रही है ताकि किसी भी मतदाता को वोट डालने में असुविधा नहीं हो और सभी नागरिक अपने मत के अधिकार का प्रयोग कर सकें।

### डॉ. राजीव भारद्वाज रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे : राकेश

**शाहपुर।** कांगड़ा-चंबा लोकसभाई सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज चुनाव जीत चुके हैं तथा चार जून को इसकी घोषणा होना मात्र शेष है। यह दावा भारतीय जनता पार्टी जिला कांगड़ा के महामंत्री व शाहपुर भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश चौहान ने किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कार्यकुशलता व दूरगामी सोच का सीधा लाभ मिल रहा है तो वहीं कांग्रेस के पास कहने को कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता ने मोदी सरकार के दस वर्षों की तुलना कांग्रेस के लंबे शासनकाल से कर एक बार फिर से भाजपा को देश की सत्ता सौंपने का निर्णय कर लिया है। भाजपा जिला महामंत्री राकेश चौहान ने कहा कि हिमाचल में करीब डेढ़ वर्ष पहले बनी कांग्रेस सरकार से प्रदेशवासियों का इतनी जल्दी मोह भंग हो जाने से कांग्रेस इस चुनावी लड़ाई में इतनी पीछे रह गई है कि कई हल्कों में कांग्रेस सिर्फ वर्चस्व की लड़ाई ही लड़ रही है। भाजपा नेता ने दावा किया कि डा राजीव भारद्वाज कांगड़ा चंबा से रिकार्ड मतों से जीत दर्ज कर तीसरी बार बनने वाली नरेंद्र मोदी सरकार का एक मजबूत हिस्सा बनेंगे तथा कांगड़ा चंबा में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश की चारों सीटों के साथ विधानसभा उपचुनाव की छः सीटों पर भी जीत का परचम लहराएगी।

# 17 विधानसभा क्षेत्रों के 15 लाख से अधिक वोटर चुनेंगे अपना सांसद

## हर मतदाता करे वोट, यह अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी : हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे एक जून को मतदान के दिन अपने घरों से निकल कर अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चलेगी।

उन्होंने कहा कि मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि यह अवसर पांच वर्षों में केवल एक बार आता है तथा देश के जागरूक नागरिक होने के कारण हम सब मतदान प्रक्रिया में अवश्य सम्मिलित हों। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि अपने परिवार के अलावा आस-पड़ोस में भी मतदान करने से कोई न छूटे।

उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र और यहां की व्यवस्थाओं की सार्थकता में पूरे समाज की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उपायुक्त




ने आशा जताई कि इस बार जिला कांगड़ा से सर्वाधिक मतदान होगा तथा हर मतदाता वोट डालेगा। आपको बता दें कि इस बार कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के तहत 17 विधानसभा क्षेत्रों के 15 लाख से अधिक वोटर अपना सांसद चुनेंगे।

### 66 आदर्श मतदान केंद्र

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कांगड़ा-चम्बा संसदीय क्षेत्र में कुल 1910 मतदान केंद्रों में से 66 आदर्श मतदान केंद्र हैं। 1236 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र में 33 पोलिंग स्टेशन महिला कर्मियों द्वारा संचालित हैं। वहीं 10 मतदान केंद्र दिव्यांग और एक युवा संचालित मतदान केंद्र है।

### मतदान को लेकर जिला कांगड़ा पूरी तरह तैयार

**एक** जून को प्रदेश में होने वाले लोकसभा के आम चुनावों के लिए मतदान को लेकर जिला कांगड़ा पूरी तरह तैयार है। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के तहत 17 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जिसमें कुल 15 लाख 24 हजार 32 मतदाता हैं। इनमें 7 लाख 47 हजार 147 महिला मतदाता और 7 लाख 76 हजार 880 पुरुष वोटर हैं। इसके अलावा तीसरे जेंडर के 5 मतदाता हैं। सर्विस वोटर की संख्या 21518 हैं। इसके अतिरिक्त जिला कांगड़ा के धर्मशाला निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा का उपचुनाव भी होना है, जिसमें कुल 86 हजार 603 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

### जानें किस विधानसभा क्षेत्र में कितने मतदाता

मतदाताओं के विधानसभा बार आंकड़े के मुताबिक नूरपुर में 46382 महिला, 49546 पुरुष व एक तीसरे जेंडर के मतदाता हैं। इंदौरा में 45612 महिला, 49820 पुरुष व एक थर्ड जेंडर, फतेहपुर में 43696 महिला और 46471 पुरुष, जवाली में 51057 महिला व 53718 पुरुष, ज्वालामुखी में 40379 महिला, 41873 पुरुष और एक थर्ड जेंडर, जयसिंहपुर में 44142 महिला व 44007 पुरुष, सुलाह में 53793 महिला व 54489 पुरुष मतदाता हैं, नगरोटा में 45005 महिला व 46910 पुरुष, कांगड़ा में 42137 महिला और 43414 पुरुष, शाहपुर में 45979 महिला व 47947 पुरुष, धर्मशाला में 42758 महिला व 43845 पुरुष, पालमपुर में 38479 महिला व 40102 पुरुष व बैजनाथ में 44571 महिला और 46622 पुरुष मतदाता हैं। वहीं जिला चंबा के चुराह में 40338 महिला और 41876 पुरुष, चंबा में 43194 महिला व 43953 पुरुष, डलहौजी में 38830 महिला, 39974 पुरुष व 2 थर्ड जेंडर तथा भटियात में 40795 महिला और 42313 पुरुष मतदाता हैं।

# 'हर साल दुनिया में 80 लाख लोगों की जान लेता है तंबाकू'

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

- कांगड़ा अस्पताल में मनाया विश्व तंबाकू दिवस

विश्व तंबाकू निषेध दिवस जोनल अस्पताल कांगड़ा में मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना ने अस्पताल में जन साधारण को तंबाकू निषेध की प्रतिज्ञा दिलवा कर जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से दुनिया में हर साल 80 लाख से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो जाती है। बावजूद इसके लोग तंबाकू का सेवन करना बंद नहीं करते हैं। तंबाकू के सेवन से मुंह का कैंसर, हार्ट डिजीज, सांस की बीमारी, गले का कैंसर, यूरिन ब्लैडर कैंसर, हार्ट डिजीज जैसे खतरनाक रोग या मौत हो सकती है। जब व्यक्ति नशा करता है तो हमारे शरीर में डोपामाइन नाम का हार्मोन रिलीज होता है जो थोड़े समय हमें खुशी देता है, उसके बाद व्यक्ति फिर से निराश हो जाता है और धीरे-धीरे नशे की तरफ बढ़ने लगता है, इसलिए तंबाकू के सेवन से दूर रहना ही सबसे अच्छा विकल्प है। 31 मई 1988 को पहली बार विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया।

उन्हों कहा कि इस साल तंबाकू निषेध दिवस 'बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना' की थीम है। इसके तहत लोगों तक यह संदेश पहुंचा जाए कि बच्चों को तंबाकू की फैक्टरी में काम न कराया जाए। उन्होंने जन साधारण से अनुरोध किया कि इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि सभी बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो और देश उन्नति करें। अंत में 'जिंदगी चुने, तंबाकू नहीं' का नारा देते हुए यह कार्यक्रम समाप्त हुआ।






कांगड़ा अस्पताल में तंबाकू का सेवन न करने की शपथ लेते लोग व संदेश देता युवक।

# अग्निवीर प्रथम चरण की ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

- कांगड़ा और चंबा से प्राप्त हुए थे 15216 ऑनलाइन आवेदन
- जून- जुलाई में धर्मशाला में होगी दूसरे चरण की भर्ती रैली

कांगड़ा-चंबा जिला के युवाओं के लिए अग्निवीर प्रथम चरण की ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है।



सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर के भर्ती निदेशक कर्नल मनिष शर्मा (सेना मेडल) ने प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि अग्निपथ योजना भर्ती वर्ष 2024-25 के तहत कांगड़ा और चंबा जिला से कुल 15,216 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी) के 14,278, अग्निवीर (तकनीकी) के 310, अग्निवीर कार्यालय सहायक, स्टोर कीपर तकनीकी के 393, अग्निवीर ट्रेड्समेन 10वीं पास के 219 और अग्निवीर ट्रेड्समेन 8वीं पास के 16 उम्मीदवार पंजीकृत किए थे। प्रथम चरण ऑनलाइन सीईई का परिणाम घोषित कर दिया गया है। उम्मीदवार अपना परिणाम भारतीय सेना के अधिकारिक वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं। इस संदर्भ में विभिन्न पदों की जानकारी देते हुए कर्नल मनिष शर्मा ने बताया कि इस प्रथम चरण में अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी) के 6,246, अग्निवीर (तकनीकी) के 151, अग्निवीर, अग्निवीर कार्यालय सहायक, स्टोर कीपर तकनीकी के 129, अग्निवीर ट्रेड्समेन 10वीं पास के 35 और अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास के 06 उम्मीदवारों का चयन दूसरे चरण के लिए हुआ है।

इसके अतिरिक्त सेंट्रल श्रेणियों में अग्निवीर महिला सेना पुलिस (सामान्य ड्यूटी) के 08 व सैनिक नर्सिंग के 04 उम्मीदवारों का चयन हुआ है।

### दूसरे चरण में 28 जून से शुरू होगी अग्निवीर भर्ती

**अग्निवीर** भर्ती दूसरे चरण में 28 जून से 8 जुलाई 2024 तक यूथ सर्विस हिमाचल प्रदेश स्पोर्ट्स सिंथेटिक ट्रैक धर्मशाला में भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। प्रशासनिक गतिविधियों के कारण इस बार भर्ती मैदान में 6 बजे प्रवेश मिलेगा और प्रथम रनिंग सुबह 07:30 बजे शुरु होगी। भर्ती प्रक्रिया दूसरे चरण के लिए प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों को सेना के वेबसाइट में पंजीकृत ईमेल के माध्यम से निश्चित तिथि से एक सप्ताह पहले भेजा जाएगा।
प्रशासनिक गतिविधियों के कारण इस बार भर्ती मैदान में 6 बजे प्रवेश मिलेगा और प्रथम रनिंग सुबह 07:30 बजे शुरु होगी। भर्ती प्रक्रिया दूसरे चरण के लिए प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों को सेना के वेबसाइट में पंजीकृत ईमेल के माध्यम से निश्चित तिथि से एक सप्ताह पहले भेजा जाएगा। कर्नल ने सभी चयनित अभ्यार्थियों को बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण (पीएफटी) और शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) उत्तीर्ण करने वाले सभी उम्मीदवारों को प्रचलित नीति के अनुसार अनकूलनशीलता परीक्षण देना होगा, जिसके लिए उम्मीदवारों को भर्ती मैदान में स्मार्ट फोन लाना अनिवार्य होंगे। भर्ती संबंधित अफवाह पर ध्यान न दें और भर्ती के दौरान दलालों से सावधान रहें। किसी अभ्यर्थी का प्रवेश पत्र डाउनलोड करने को लेकर कोई समस्या आती है तो तीन से चार दिन पहले सेना भर्ती कार्यालय, पालमपुर में भी निजी तौर पर संपर्क कर सकता है।

# ज्वालामुखी के 102 बूथों के लिए 525 कर्मी तैनात, 5 बूथ संवेदनशील

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

लोकसभा चुनावों के लिए प्रशासन ने पूर्ण तैयारी कर ली है।

ज्वालामुखी उपमंडल अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा न बताया ज्वालामुखी में 102 पोलिंग बूथों पर एक जून को मतदान होगा, जिसके लिए 525 कर्मचारियों को तैनात किया गया है और 410 कर्मचारी पोलिंग बूथों पर रवाना हो चुके हैं। इनमें 5 बूथ संवेदनशील हैं, जो कि 2 गुम्मर, 1 कुटियारा, 1 खुंडिया व 1 सिहोरबाला में है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। सुबह डेढ़ घंटा साढ़े पांच से 7 बजे तक मॉक पोल का रहेगा। उन्होंने बताया 2 पोलिंग बूथ 44 रावमापा ज्वालामुखी व 46 राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महिलाओं के लिए बनाए गए हैं और एक बूथ दिव्यांग के लिए बनाया गया है।

एसडीएम संजीव ने चुनाव ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारियों से कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पूरी पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न करवाना हमारा महत्वपूर्ण दायित्व है और इस पर्व में सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

# आचार संहिता में पकड़ी 22 लाख की शराब

## पूर्व के मुकाबले अवधि के साथ बढ़े शराब मामले, अढ़ाई माह सबसे ज्यादा पकड़ी अंग्रेजी शराब

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

आचार संहिता के दौरान पकड़ी गई शराब के आंकड़ों पर गौर करें तो इस दफा अंग्रेजी शराब ज्यादा पकड़ी गई।

आचार संहिता में आबकारी जिला कांगड़ा के आबकारी मामलों में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि आचार संहिता की समयावधि पहले से काफी लंबी होना भी इसका एक कारण रहा है। इस दौरान कई शराब बरामदगी के बड़े मामलों के साथ विभिन्न धाराओं में कुल 50 मामले दर्ज हुए। प्रदेश भर में आचार संहिता लागू होने के करीब अढ़ाई माह में 22 लाख रुपए की शराब अकेले जिला कांगड़ा में पकड़ी गई है। ये आंकड़े आबकारी जिला कांगड़ा के तहत सामने आए हैं, जबकि आबकारी जिला नूरपुर इससे बाहर है। अढ़ाई माह में 7606 लीटर शराब तथा बीयर पकड़ी गई है। इसमें सबसे ज्यादा 3414 लीटर अंग्रेजी शराब, 2207 लीटर देसी शराब, 1942 लीटर बीयर तथा 41 लीटर लाहण शामिल है। इन आंकड़ों में इस बार



बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। इसका अंदाजा पिछले कुछ सालों के आंकड़ों से लगता है। 2019-20 के लोकसभा चुनावों के दौरान आचार संहिता के दौरान मात्र 250 लीटर शराब पकड़ी गई थी।

2022-2023 में विधानसभा चुनावों के दौरान कुल 557 लीटर शराब पकड़ी गई थी। हालांकि इससे पहले आचार संहिता की समयावधि कम थी। इस बार के चुनावों में पिछले अढ़ाई माह से आचार संहिता लागू रही। देश भर में जारी लोकसभा चुनावों तथा प्रदेश के विधानसभा उपचुनावों को लेकर आबकारी जिला कांगड़ा में कुल 50 मामले आबकारी अधिनियम की धारा 39 तथा धारा 43 के तहत दर्ज किए गए हैं।

आंकड़ों की पुष्टि करते हुए राज्य कर एवं आबकारी, डिप्टी कमिश्नर प्रदीप शर्मा ने बताया कि इस बार करीब अढ़ाई माह की आचार संहिता की अवधी के दौरान करीब 22,23,795 रुपए मूल्य की 7000 लीटर के करीब शराब बरामद की गई है।

# अंधड़ की चपेट में आई स्टाफ नर्स का किया अंतिम संस्कार

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

- विधायक केवल पठानिया सहित सैकड़ों लोगों ने अंतिम यात्रा में पहुंचकर नम आंखों से दी विदाई

शाहपुर विधानसभा के लपियाना में वीरवार को अंधड़ की चपेट में आने वाली स्टाफ नर्स मोनिका राणा की मौत के बाद शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया।

क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के साथ शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल पठानिया और चंगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने मोनिका के घर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया तथा अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पठानिया ने स्वर्गीय मोनिका के बच्चों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधवाया। उन्होंने कहा कि बहुत ही हैरान कर देने वाली घटना क्षेत्र में हुई है, जिससे हर कोई स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि इस दु:ख की घड़ी में वह परिवार के साथ हैं।

गौर रहे कि गत दिवस पंचायत परगोड़ के गांव गुब्बर में अंधड़ से एक आम का पेड़ जड़ से ही उखड़ गया था। इसकी चपेट में आने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से मोनिका राणा ने टांडा मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। मृतक लपियाणा अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर तैनात थी।



अंधड़ की चपेट में आई स्टाफ नर्स की अंतिम यात्रा में शामिल विधायक केवल पठानिया व अन्य लोग।

# बड़ोह के लूहना में जलने से बचाया मकान

**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां**

गर्मियों में जंगल की आग रिहायशी इलाकों तक पहुंचने लगी है। शुक्रवार को नगरोटा बगवां के लूहना में ग्रामीणों की होशियारी से बड़ा अग्निकांड टल गया।

दरअसल हुआ यूं कि शुक्रवार सुबह लूहना के सुलगते जंगल की आग रिहायश तक आ पहुंची। लूहना में पीड़ित ग्रामीण बच्चन कुमार उस समय घर पर नहीं था। इसी बीच एक अन्य ग्रामीण रमेश चंद ने आग की सूचना एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू को दी। इस पर एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू पानी का एक टैंकर और कुछ युवाओं के साथ मौके पर पहुंचे।



आग बुझाते समय एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू के साथ अन्य लोग।

उन्होंने मकान और मवेशीखाने तक आ रही लपटों को ग्रामीणों के साथ मिलकर शांत कर लिया। आग बुझाने में अंकू ठाकुर, प्रिंस ठाकुर, रॉकी ठाकुर, सुभाष चौधरी व संजीव कुमार गार्ड ने अपना सहयोग दिया। फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र

- टैंकर लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने शांत की लपटें

सिंह बबलू ने कहा कि उन्होंने गर्मी में पानी की कमी और आग आदि की घटनाओं से निपटने के लिए टैंकर बैकअप में रखे हैं। क्षेत्र में किसी भी जगह अगर पानी की कमी है, तो लोग उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सरकार से भी मांग की है कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी का भी क्षेत्र में खास इंतजाम होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक सात को

**शाहपुर।** भूतपूर्व अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक 7 जून को सामुदायिक भवन 39 मील शाहपुर में जिला अध्यक्ष एमएल ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष बलदेव सिंह राणा ने बताया कि बैठक में कंटीन ,सीजीएचएस सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने सभी सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है ।

# वीरभूमि कोचिंग सेंटर शाहपुर ने अमित धीमान को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

वीरभूमि कोचिंग सेंटर शाहपुर में वीरवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय स्तर पर एएससी (आर्मी सप्लाई कार्प्स) फायर मैन भर्ती परीक्षा में पूरे हिमाचल से केवल एक छात्र अमित धीमान का चयन हुआ था को सम्मानित किया गया।

अमित धीमान को चेयरमैन महेंद्र कुमार शर्मा ने स्मृति चिन्ह देकर समानित किया और शुभकामनाएं देते हुए सच्चे देशभक्त की तरह देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। गौर रहे कि राष्ट्रीय स्तर पर 2 अप्रैल से चार अप्रैल तक बेंगलुरू (कर्नाटक) में एएससी



वीरभूमि कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह के दौरान मौजूद गणमान्य।

फायर मैन भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में पूरे भारत से अलग अलग राज्यों से आए युवाओं ने भाग लिया। इसमें कुल 30 छात्रों का चयन किया गया।

उन्होंने बताया कि गर्व की बात यह है कि कोचिंग सेंटर शाहपुर का हिमाचल से केवल एक छात्र हारचक्किया (शाहपुर) निवासी अमित धीमान का चयन इसमें हुआ है। कोचिंग सेंटर सेना, अर्धसैनिक बलों, पुलिस, फारेस्ट विभाग में जाने वाले युवाओं के लिए कोचिंग देता है।

इस सम्मान समारोह में सेंटर के स्टाफ सदस्य राजेंद्र धीमान, शेल्जा शर्मा, दीक्षा, किरण सहित सेंटर के युवा भी मौजूद थे।

**समस्या** | रात के अंधेरे में गाड़ियों में भरकर उड़ेला जा रहा कूड़ा, मुंह मार रहे पशु, चारों तरफ फैली बदबू

# टीका बग की पहाड़ी पर नगरोटा शहर का कूड़ा

**पवन डोगरा, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां ब्लॉक की ग्राम पंचायत उपरली कोठी के टीका बग में लगे कूड़े के ढेर लोगों के लिए जी का जंजाल बने हुए हैं। इस गांव के ऊपर पहाड़ी पर नगरोटा बगवां शहर से रात के अंधेरे में जीपों और छोटी गाड़ियों में कूड़ा भरकर फेंका जा रहा है।

इसमें रेहड़ियों पर बेचा जा रहा खाने-पीने की चीजों का बचा हुआ सामान और शहर का कूड़ा व अन्य सामान शामिल है। जब भी बारिश होती है तो यह कूड़ा गांव के नाले में बह जाता है और पूरे नाले में इसकी बदबू हो जाती है।, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है। ऐसे में यहां पर छोड़े गए पालतू पशु भी पहुंच जाते हैं और कूड़े में मुंह मारते रहते हैं।



टीका बग की पहाड़ी पर फेंका गया नगरोटा बगवां शहर का कूड़ा।

जब यहां उन्हें कुछ खाने को न मिले तो गांव में फसलों को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

कूड़े से भरी गाड़ी रात को ही यहां उड़ेल दी जाती है, क्योंकि दिन में कोई देख लेगा तो पकड़ा भी जा सकता है।

प्रशासन को चाहिए कि इस समस्या का उचित निदान किया जाए और कूड़ा फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। अभी हाल ही में इस कूड़े को आग लगी थी तो इस आग की वजह से जंगल भी आग की भेंट चढ़ गया। इस वजह से सारा जंगल राख हो गया था। (अनंत ज्ञान)

### शरारती तत्वों ने उखाड़ फेंका बोर्ड

**टीका** बग में बार-बार फेंके जा रहे कूड़े की समस्या को लेकर प्रशासन की ओर से लोगों को सचेत करने के लिए यहां पर कुछ समय पहले एक बोर्ड भी लगाया गया था। जिसमें लिखा था कि यहां पर कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी, लेकिन कुछ समय बाद शरारती तत्वों ने वह बोर्ड भी उखाड़ दिया और अब फिर यहां कूड़ा फेंकने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस समस्या के बारे में पंचायत को भी सूचित किया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# हमीरपुर में 532 मतदान केंद्रों पर पहुंचीं टीमें

## हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने दी जानकारी; बोले-चुनाव के लिए तैयारियां पूरीं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पहली जून को लोकसभा के आम चुनाव और बड़सर, सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। जिलाधीश एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर निवार्चन विभाग मतदान के लिए पूरी तैयार से है। उन्होंने बताया कि जिला के कुल 532 मतदान केंद्रों के लिए मतदान टीमें पहुंच गई हैं।

उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों को मतदान से आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। इसलिए सभी राजनीतिक दल भी चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करें।



इसके अलावा उन्होंने जिला के सभी मतदाताओं से एक जून को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। मतदान करने के लिए मतदाताओं को अपना मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि कोई मतदाता किन्हीं कारणों से मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 अन्य फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करके मतदान कर सकता है। वहीं, जिलाधीश ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र में लेखन या वर्तनी की अशुद्धि को नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन यदि फोटो बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान संभव न हो तो उसे अपनी पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने जिला के मतदाताओं से आग्रह किया है कि वे अपने मतदाता पहचान पत्र या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज साथ लेकर ही मतदान करने जाएं।

### ये आईडी दिखाकर कर सकते हैं मतदान

**इन** 12 फोटोयुक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार तथा सार्वजनिक उपक्रमों या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों के फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों एवं विधायकों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड में से कोई भी दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

# समीरपुर व जाहू बूथ संवेदनशील सीआरपीएफ के जवान तैनात



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनावों के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज से 101 पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट व अन्य चुनावी सामग्री दी गई। इसमें चार बूथों पर महिला कर्मी भी शामिल है।

पोलिंग स्टेशन पर रवाना होने से पहले सभी पार्टियों के पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों व पोलिंग अधिकारियों ने चुनावी सामग्री का निरीक्षण किया तथा बाद में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम की बसों में बैठ आवंटित बूथों के लिए रवाना हुए।

इस दौरान पोलिंग पार्टियों को रवाना करने से पहले सहायक निर्वाचन अधिकारी व भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने समस्त पोलिंग पार्टियों से आह्वानकिया प्रशिक्षण के दौरान बताए गए कार्यो के अनुसार निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव करवाए। उन्होंने कहा कि बूथ पर पहुंचने पर स्थानीय बूथ लेबल अधिकारी व सेक्टर को पहुंचने व चुनाव की जानकारी पीठासीन अधिकारी को समय-समय पर देनी होगी। उन्होंने कहा कि बड़ा क्षेत्र होने के कारण समीरपुर और जाहू को संवेदनशील चुनाव क्षेत्र घोषित किया गया है और यहां पर सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ की सुरक्षा के लिए दो-दो पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। 101 बूथ लेबल अधिकारी पोलिंग पार्टियों के रहने व खाने का बदोबस्त करेगी। इस दौरान तहसीलदार बालकृष्ण, प्रधानाचार्य डॉ. ओंकार सिंह भाटिया, इलेक्शन कानूनगों टिवंक्ल ठाकुर , एसएचओ योगराज चंदेल व सेक्टर अधिकारी मौजूद रहे।

### अधिकारी समय पर जमा करवाएं डाक

**उन्होंने** कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र की इवीएम व अन्य सामाग्री राजकीय वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में पहली जून को चुनाव खत्म होने के बाद जमा होगी। उन्होंने सभी पोलिंग पार्टियों से आह्वान किया कि वह सही डाक तैयार करें तथा समय पर जमा करवाएं।



हमीरपुर। लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होती हुई और पोलिंग पार्टियों को छोड़ने के लिए लगाई एचआरटीसी की बसें। जिले के 532 मतदान केंद्रों पर पहुंचीं मतदान टीमें।

# विधायक सुरेश कुमार ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन

**जाहू।** जाहू बाजार के पुराने बस अड्डा पर राजन कपिल ने अपने पिता की याद में वाटर कूलर लगवाया, जिसका उद्घाटन विधायक सुरेश कुमार ने किया। जाहू पुराने बस अड्डे पर बसों में बैठने वाले यात्री और बाजार में सामान खरीदने वाले लोगों को पीने के पानी की समस्या होती थी। वाटर कूलर के लगने से लोगों को ठंडा पानी मिलने से गर्मी भरे मौसम में राहत मिलेगी। वाटर कूलर जाहू पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजन कपिल ने अपने पिता की याद स्व. कृष्ण कुमार कपिल की याद में लगाया है। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक के निर्देशक रोशन लाल शर्मा, पूर्व प्रधान चमन लाल काकू, लकी शर्मा, पूर्व उपप्रधान तिलक शर्मा मौजूद रहे।

# हमीरपुर में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा चुनाव व विस उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार हमीरपुर से रवाना हो गई हैं। हमीरपुर के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला से एचआरटीसी हमीरपुर की बसों के माध्यम से विभिन्न पोलिंग पार्टियों को निर्वाचन विभाग द्वारा इवीएम के साथ अपने-अपने गंतव्यों की तरफ रवाना कर दिया।

निर्वाचन विभाग द्वारा सभी पोलिंग स्टेशन के प्रबंधन पर बारीकी से नजर रखी जा रही है तथा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस संदर्भ में सहायक निर्वाचन अधिकारी मुनीष सोनी ने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को लेकर भी पांच-पांच पोलिंग बूथ महिलाओं के बनाए गए है। इसमें पीठासीन अधिकारी और सुरक्षा कर्मी भी महिलाएं होंगी। एक बूथ युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा तथा एक बूथ लोकनिर्माण विभाग के कर्मियों द्वारा संचालित किया जाएगा।





अपने गंतव्य की ओर जाते हुए पोलिंग पार्टियों के अधिकारी।

### अतिसंवेदनशील केंद्रों में सीआरपीएफ के जवान तैनात

**उन्होंने** कहा कि सभी पोलिंग पार्टीयां ने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बूथ सैटअप कर लिए। उन्होंने बताया कि अतिसंवेदनशील केंद्रों पर सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई है।

# एनआईटी में विभिन्न पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश शुरू

**हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में विभिन्न पीजी कार्यक्रमों में प्रवेश अब शुरू हो गए हैं। वे सभी उम्मीदवार जिन्होंने गेट-2022, 2023, 2024 एमएससी के ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट-2024 को उत्तीर्ण किया है, वे आधिकारिक सीसीएमटी, सीसीएमएन-2024 पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। एनआईटी के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने बताया कि एक उम्मीदवार वरीयता के एक निश्चित क्रम में शैक्षणिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला चुन सकता है और उस पर आवेदन कर सकता है। पिछले वर्ष की तरह दिव्यांग उम्मीदवारों को अपनी दिव्यांग स्थिति के भौतिक सत्यापन के लिए रिपोर्ट करना होगा। उन्हें दिव्यांग प्रमाणपत्र के साथ भौतिक सत्यापन के लिए अपनी पसंद के किसी एक रिपोर्टिंग केंद्र पर जाना होगा। किसी भी मामले में जानकारी लेने के लिए डीन अकादमिक, केंद्र प्रभारी सीसीएमटी, सीसीएमएन-2024 से संपर्क करें या सीसीएमटी, सीसीएमएन की वेबसाइट पर जाएं।

# पांच पोलिंग बूथों पर महिला कर्मचारी ही करवाएंगी मतदान

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

पहली जून को होने जा रही लोकसभा एवं बड़सर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव की तैयारी पूरी कर ली है।

पोलिंग पार्टियों शुक्रवार को चुनाव सामग्री एवं एबीएम मशीन को लेकर पोलिंग बूथों की ओर रवाना हो गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गौतम ने जानकारी साझा करते हुए बताया की बड़सर विधानसभा क्षेत्र में 112 पोलिंग बूथों पर शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों को करवाना कर दिया है। वहीं, पांच पोलिंग बूथों पर संपूर्ण मतदान प्रतिक्रिया महिला कर्मचारी ही करवाएंगी। बड़सर में तीन पोलिंग बिझड़ी में एक तथा दादडू में एक पोलिंग बूथ पर महिला कर्मचारियों के हवाले रहेंगे। चुनाव संपन्न करवाने के लिए बेल ट्रेनस्टाफ को ड्यूटी पर भेजा गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गौतम ने बड़सर की जनता से अपील की है कि लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए 100 प्रतिशत मतदान करें।



मतदान केंद्रों को जाने से पहले सामूहिक चित्र में अधिकारी।

# डीएवी भड़ोली में धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी भड़ोली स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डीएवी संस्था स्थापना दिवस इस विशेष अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में रविंद्र तलवार सेक्रेटरी डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी न्यू दिल्ली अपनी धर्मपत्नी के साथ उपस्थित हुए। प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने अपनी धर्मपत्नी अनीता राणा के साथ पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया।



डीएवी भड़ोली स्कूल में स्थापना दिवस के दौरान बच्चों के साथ हवन-यज्ञ करते स्कूल के स्टाफ सदस्य।

तत्पश्चात उन्हें हवन यज्ञ के लिए आमंत्रित कर प्रिंसीपल ने अध्यापकों सहित पूर्ण आहुतियां डाली। मुख्यातिथि ने डीएवी स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि डीएवी संस्था हमारा शरीर है और आर्य समाज हमारी आत्मा है। यह संस्था स्वामी दयानंद सरस्वती के पावन विचारों से ओत-प्रोत तथा महात्मा हंसराज, पंडित गुरुदत्त, लाला लाजपत राय आदि कई महात्माओं के त्याग संस्कारों की देन है। आर्य समाज जो समाज में फैली हुई बुराइयों को दूर करके एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने में मां की तरह हमारी सहायता करता है। वहीं, स्कूल के बच्चों व अध्यापकों की ओर से मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। भजन प्रचा है जिस सृष्टि को प्रभु ने वहीं वे सृष्टि चला रहे है, सुखी बसे संसार दुखिया न रहे कोई भजनों से गूंजा डीएवी भड़ोली का प्रांगण। प्रिंसिपल ने बच्चों को सदा डीएवी संस्था का नाम ऊंचा रखने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हम इस पावन संस्था से जुड़े हुए हैं।




नादौन। नादौन में रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 51 रक्तदानवीरों ने रक्तदान किया। मिन्नी सचिवालय नादौन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रॉस नादौन व एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने की। रेडक्रॉस नादौन व इंकलाब संस्था रंगस के सौजन्य से आयोजित इस कैंप का शुभारंभ तहसीलदार नादौन रोहित कंवर व तहसीलदार हसन ने किया,इस मौके पर उनके साथ बीडीओ निशांत शर्मा भी मौजूद रहे। यह जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष पुनीत उप्पल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 51 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। इस मौके पर अश्विनी, डॉक्टर रोहित, कमलेश,गोपिका शर्मा, अमृति, नितिन कौशल, एडवोकेट परवीन कौशल आदि मौजूद रहे।

# करियर प्वाइंट विवि में 10 जून को होगी काउंसलिंग

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में नए सत्र में दाखिले के लिए 10 जून को काउंसलिंग रखी है। नए सत्र में दाखिला लेने के लिए कोई भी विद्यार्थी विश्वविद्यालय में चल रहे कोर्सों में 10 जून तक आवेदन कर सकतेहै। अगर 10 जून तक विद्यार्थी अपनी एडमीशन करवाते हैं तो उन्हें अर्ली एडमिशन बेनिफिट्स के तहत फीस में छूट का लाभ फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ, बॉटनी, जूलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बीएएलएलबी, एलएलबी, एलएलएम, होटल मैनेजमेंट, डिप्लोमा होटल मैनेजमेंट, बी-फार्मेसी, एम-फार्मेसी, डी-फार्मेसी, बी-फार्मेसी आयुर्वेद, डी-फार्मेसी आयुर्वेदा, बीएससी योगा, एमएससी योगा, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, बीसीए, एमसीए, पीजीडीसीए, बीबीए, एमबीए, बीकॉम आदि कोर्सों में मिलेगा। 10 जून के बाद फीस में छूट का लाभ नहीं मिलेगा। विश्वविद्यालय में बी-फार्मेसी कोर्स में 40 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं। यूजीसी की नई गाइडलाइन्स, के तहत अब छात्र एक ही समय पर दो डिग्रियां या एक डिग्री एक डिप्लोमा या दो डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन ले सकते है। ज्यादातर विद्यार्थी एक डिप्लोमा ऑप्शन पर जा रहे हैं, विद्यार्थियों का डिग्री के साथ कंप्यूटर डिप्लोमा पर ज्यादा रुझान है।

# ढटवाल में प्रचंड गर्मी में बिजली की सप्लाई ठप होने से लोगों को जागकर काटनी पड़ी रात

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

प्रचंड गर्मी के बीच बिजली आपूर्ति बाधित हो जाए तो क्या होगा इसका अंदाजा खुद ही लगाया जा सकता है। विशेषकर रात के समय बिजली के न चले जाने से सोना बहुत मुश्किल है। ऐसा मामला ढटवाल क्षेत्र के लोगों के साथ दूसरी बार हो गया है। जब रात को बिजली जाने से उन्हें रात जाग कर काटनी पड़ी हो। वीरवार रात को करीब 10 बजे बाधित हुई उसके बाद सुबह 10 बजे के करीब ही विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई।

हाल ही में क्षेत्र की जंगलों भयानक आग लगने के चलते धुआं से दम घुटने से एक आंगनबाड़ी वर्कर की दुखद मौत हो गई थी। ऐसे में रात के समय बिजली न होने से जंगलों से निकलने वाले धुएं से दम घुट सकता है। परंतु फिर भी सरकार और विद्युत बोर्ड बिजली की सप्लाई बाधित न हो कोई कारगर उपाय आज दिन तक नहीं कर सकी है। बता दें कि वीरवार रात 10 बजे सरला बडडू के पास विद्युत बोर्ड की मेन लाइन पर चीड़ का पेड़ के गिर जाने से तारे अचानक टूट गई। इस घटना के कारण एकदम से सप्लाई ठप हो गई। ढटवाल क्षेत्र में अंधेरा छा गया। भयंकर गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को सांस लेने में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन रात के समय विद्युत सप्लाई नहीं हो सकी।



कोटला में स्थापित 132 केवी लाइन का ट्रांसफार्मर।

### चीड़ का पेड़ गिरने से पेश आई समस्या

**बोर्ड** का दावा था कि इस ट्रांसफार्मर के काम करने के बाद क्षेत्र के लोगों को विद्युत सप्लाई उपलब्ध हो जाएगी। लेकिन अभी तक इस ट्रांसफार्मर के जरिए क्षेत्र के लोगों तक विद्युत सप्लाई नहीं पहुंचाई जा रही है। सहायक अभियंता रमेश वर्धन का कहना है कि चीड़ का पेड़ गिर जाने के कारण लाइन टूट गई थी। विभागीय कर्मचारी सुबह 5:30 बजे विद्युत लाइन की समस्या को ठीक करने में जुट गए थे। दस बजे तक ठीक कर सप्लाई बहाल कर दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा है कि नए ट्रांसफार्मर का जिम्मा ट्रांसमिशन के पास है इसके बारे में वहीं कुछ बता सकते हैं।

बिजली बाधित न हो इसके लिए ढटवाल क्षेत्र के लिए कोटला में 132 केवी लाइन कार्ड ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। विभाग ने 132 केवी लाइन की टेस्टिंग करने के बाद आज दिन तक इस लाइन को चालू नहीं किया है। इससे विद्युत सबंधी समस्या से क्षेत्र की जनता को जूझना पड़ रहा है। प्रचंड गर्मी के बीच बीच पंखों व कूलर ने जब काम करना बंद कर दिया तो लोग रात बाहर टहल कर गुजारने पर मजबूर हो गए। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के जंगलों के कई चीड़ के पेड़ आग लगने के कारण खोखले हो चुके हैं तथा अचानक ही घिर जा रहे हैं। ऐसे ही एक पेड़ की चपेट में विद्युत लाइन आ गई।

हालांकि विद्युत सब-डिविजन कोटला में 132 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। जिसकी टेस्टिंग व अन्य काम भी पूरे हो चुके है। (अनंत ज्ञान)

# बच्चों ने ऑनलाइन पेंटिंग और नारा लेखन से तंबाकू मुक्त संस्थान बनाने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण के तहत सार्वजनिक क्षेत्रों में धूम्रपान करना तथा तंबाकू या इससे बने उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है।

राज्य में तंबाकूमुक्त युवा पीढ़ी के निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकूमुक्त बनाने शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर के दायरे में येलो लाइन बनाकर अभियान भी चलाया जा रहा है। इस 100 मीटर येलो लाइन के दायरे में यह भी सुनिश्चित किया गया है कि वहां तंबाकू उत्पादों की बिक्री और इस्तेमाल न हो और इस पुण्य कार्य में जहां लोगों का सहयोग मिलता है वहीं बच्चे भी अपने अध्यापकों के मार्गदर्शन में इस बुराई से समय-समय पर लोगों को अवगत करते हैं और इसी कड़ी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के एनएसएस के स्वंयसेवियों, स्काउट गाइड तथा प्रहरी क्लब के सदस्यों ने गर्मियों की विशेष छुटियों के चलते ऑनलाइन पेंटिंग और नारा लेखन के माध्यम से समाज को इस वर्ष की थीम, बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना को लेकर एक जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि तंबाकू या इससे बने पदार्थों में मौजूद निकोटीन सेहत के लिए बेहद हानिकारक है। इसका सेवन लीवर कैंसर, मुंह का कैंसर, कोलन कैंसर और गर्भाशय के कैंसर सहित अनेक



गंभीर रोगों को आमंत्रित करता है। तंबाकू का सेवन जानलेवा हो सकता है, यह जानते हुए भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप में तंबाकू या इससे बने उत्पादों का सेवन कर रहे हैं। लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने और इससे होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने हर साल 31 मई को यह दिवस मनाया जाता है।

**फसल** सरकार सिविल सप्लाई कारपोरेशन के माध्यम से किसानों से सीधे कर रही गेहूं की खरीद

# किसानों से दस हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार सिविल सप्लाई कारपोरेशन के माध्यम से राज्य के किसानों से सीधे गेहूं की खरीद कर रहा है और जिसे बाद में डिपुओं के माध्यम से उपभोक्ताओं को वितरित किया जाएगा। सरकार ने इस सीजन किसानों से 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा है।

सरकार द्वारा खरीद के लिए बनाई गई नोडल एजेंसी सिविल सप्लाई कारपोरेशन के माध्यम से चार अप्रैल से किसानों से गेहूं खरीद की जा रही है। गुरुवार-शुक्रवार शाम तक 2878.20 मीट्रिक टन गेहूं प्रदेश के 907 किसानों से अब तक खरीदी गई है। इसकी कुल कीमत छह करोड़ 49 लाख के करीब है। यह राशि प्रदेश के 770 किसानों के खाते में गेहूं की एवं में डाली जा चुकी है। जबकि 25 किसानों की राशि अभी पेडिंग चल रहे हैं, उनमें भी 24 घंटे के अंदर गेहूं की राशि डाली दी जाएगी। अभी सीजन चला हुआ है, जोकि 10 जून तक चलेगा। इसके लिए प्रदेश के चार जिलों की 10 अनाज मंडियों में गेहूं खरीद का काम जोरों पर चल रहा है। इसमें सिरमौर जिला के पांवटा साहिब गोदाम व धौलाकुंआ गोदाम में, सोलन जिला के नालागढ़ मंडी में और बद्दी-मालपुर मंडी में, ऊना जिला की एपीएमसी टकराला मंडी में व एपीएमसी रामपुर मंडी में और कांगड़ा जिला के तहत आने वाली रियाली मंडी में, मीलवां मंडी में और फतेहपुर मंडी में किसानों से गेहूं खरीद का काम जोरों पर चल रहा है। जबकि नगरोटा बगवां मंडी में अभी तक गेहूं खरीद का काम शुरू नहीं हो पाया है। प्रदेश भर में बनाए गए गेहूं खरीद केंद्रों में फसल बेचने के लिए 31 मई तक 11081 किसानों ने नोडल एजेंसी सिविल सप्लाई कारपोरेशन के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा रखा है। प्रदेश में किसानों को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। ऐसे में 991 किसानों को ऑनलाइन टोकन गेहूं बेचने के लिए जारी किए जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



### खरीद का आंकड़ा और बढ़ने की है उम्मीद

**क्षेत्रीय** प्रबंधक, स्टेट सिविल सप्लाई कारपोरेशन संजीव वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं खरीद के लिए सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन ने नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसके लिए चार जिलों की 10 मंडियों के माध्यम से शुक्रवार शाम तक 2878.20 मीट्रिक टन गेहूं प्रदेश के 2790 किसानों से अब तक खरीदी गई है। इसकी कुल कीमत छह करोड़ 49 लाख के करीब है। अभी गेहूं यू खरीद का सीजन चल रहा है। ऐसे में अनाज का आंकड़ा आगे और बढ़ने की उम्मीद है।

# प्रचंड गर्मी में 17 पंचायतों में जल संकट

## आसमानी आग ने बढ़ाया पारा, लोगों का घरों से निकलना हुआ मुश्किल, बढ़ी समस्याएं

**राजेश शर्मा, ऊना**

भयंकर गर्मी का प्रकोप अभी थमा नहीं है। वीरवार को अधिकतम तापमान में थोड़ी नरमी दी थी, लेकिन एक दिन बाद ही शुक्रवार को फिर से पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया। अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम भी 22 तक जा पहुंचा है।

तापमान बढ़ने से बाजार सुनसान पड़े हुए हैं। लगातार 10 दिन से गर्मी की मार झेल रहा व्यापारी वर्ग भी परेशान है। पिछले 10 दिनों से पड़ रही भयंकर गर्मी के कारण स्कूलों में पहले से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को अवकाश घोषित कर दिए गए थे, लेकिन बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जमा दो तक स्कूलों में भी विद्यार्थियों को 2 जून तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। आसमान से तो आग बरस रही है, साथ-साथ जंगलों में भी भयंकर आग लगी हुई है।

चारों ओर जंगल धू-धू कर जल रहे हैं। करोड़ों की संपत्ति स्वाह हो चुकी है, लेकिन वन महकमा भारी गर्मी के बीच इस आग को काबू करने में अभी तक नाकाम रहा है। लगभग तमाम जंगल जो हैं, वे आग की चपेट में हैं। जिले के परंपरागत जल स्रोतों नदी, नालों, कुआं और बाबड़ी में भी पानी की भयंकर समस्या आ गई है। पिछले तीन दिनों से जिला के कुटलैहड़ की 17 पंचायतों में पेयजल पूर्ति करने वाली योजना भी हांफ गई है और पिछले तीन दिनों से कई पंचायतों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंची है।


आग से ऊना के जंगल राख हो रहे हैं जिससे करोड़ों की वन संपदा राख हो चुकी है।

स्थानीय निवासियों रामपाल धीमान, केसर धीमान, राजीव कुमार जोगिंदर पाल, अजय कुमार, राकेश कुमार, सतपाल समेत कई लोगों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से पानी न होने के कारण पेयजल संकट गहरा गया है। लोगों को परंपरागत स्रोतों को साफ-सुथरा करके उनके पानी का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। उक्त लोगों ने सिंचाई विभाग और जल शक्ति विभाग और जिला प्रशासन से प्रभावित इलाकों में टैंकरों के साथ पानी की सप्लाई करने की मांग की है। इनमें कोटला, डोहगी, डोहगी लोअर बंगाना के आसपास के कई गांव शामिल हैं, जहां पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। अधीक्षण अभियंता नरेश कुमार धीमान का कहना है कि तकनीकी खराबी के चलते पानी की समस्या आई है। संबंधित फील्ड के अधिकारियों को तुरंत समस्या दूर करके पानी की सप्लाई को बाहर करने के लिए आदेश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### जंगल की आग से दो पॉलीहाउस खाक


आग पर काबू करता व्यक्ति।

**गगरेट।** पंचायत कलोह के बुंबलू गांव में जंगल में लगी आग की चपेट में आने से दो पॉलीहाउस जलकर राख हो गए। नेट हाउस में एक प्रगतिशील किसान द्वारा गेंदे के फूलों की खेती व घिया की फसल उगाई गई थी। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक फसल तबाह हो गई। गनीमत यह रही कि आग पर काबू पाया जा सका, अन्यथा वहां लगे पच्चीस पॉलीहाउस पूरी तरह जलकर खाक हो जाते। इस अग्निकांड में करीब बीस लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। जिला ऊना में प्रचंड पड़ी रही गर्मी के साथ-साथ जिले के जंगल भी बुरी तरह से सुलग उठे हैं। शुक्रवार को पांवड़ा गांव के साथ सटे जंगल में लगी आग भड़कते हुए बुंबलू गांव के जंगल तक पहुंच गई। बुंबलू गांव में प्रगतिशील किसान सबीर खान द्वारा करीब पच्चीस पॉलीहाउस लगाकर यहां फूल उत्पादन के साथ सब्जी उत्पादन का काम किया जा रहा है। इन पॉलीहाउस में कई मजदूर काम करते हैं। गर्मी की वजह से मजदूर ग्यारह बजे पॉलीहाउस में काम करके वापस लौट चुके थे। जंगल में लगी आग ने सबीर खान की कमर को तोड़ कर रख दिया है। सबीर खान के अनुसार इस अग्निकांड में अब तक बीस लाख रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है।

## तूफान से बिजली की तारें टूटीं, उद्योग की चिमनी गिरी

**गगरेट।** उपमंडल गगरेट में पड़ रही प्रचंड गर्मी ने लोगों की जान सांसत में डाली ही थी कि बुधवार-वीरवार मध्यरात्रि आए तूफान ने लोगों की सांसें ही फुला दीं। मध्यरात्रि आए तेज तूफान ने कई जगह बिजली के खंभे तोड़ डाले तो कई जगह पेड़ धराशयी हो गए। यही नहीं बल्कि जीतपुर बेहड़ी में एक उद्योग की चिमनी गिर जाने से उक्त उद्योग को लाखों रुपए की चपत लगी।

जैसे-जैसे प्रचंड गर्मी पड़ रही है, वैसे-वैसे बिजली के लग रहे अघोषित कटों से आम जनता पहले ही परेशान थी कि रही-सही कसर तेज तूफान ने निकाल दी। बुधवार-वीरवार मध्यरात्रि आए तेज तूफान से कई इलाकों में बिजली गुल रही तो कई स्थानों पर पेड़ तक उखड़ गए। गनीमत यह रही कि तूफान का कहर जल्द टल गया, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। बिजली विभाग के सहायक अभियंता अभिलाष कुमार ने बताया कि तूफान से कई इलाकों में बिजली की तारें टूटी थीं, जिन्हें ठीक कर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी गई है।

## मतदाताओं के वेलकम को तैयार



**ऊना।** गोंदपुर बूला पोलिंग बूथ, जिसकी बहुत बढ़िया सजावट की गई है, ताकि मतदाताओं का बढ़िया तरीके से वेलकम किया जा सके।

## प्रदेश सीनियर थ्रो बाल टीम के खिलाड़ियों का चयन

**6 से 8 जून को हैदराबाद में होगा आयोजन**

**ऊना।** 47वीं सीनियर नैशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता 6 से 8 जून को बर्ड एंड डीड महाविद्यालय हयाथनगर हैदराबाद तेलंगाना में शुरू होने जा रही है। इसमें देशभर की टीमें भाग ले रही हैं। वहीं पर हिमाचल प्रदेश सीनियर थ्रो बाल टीम खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल एसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य ने बताया कि सीनियर टीम में खिलाड़ियों में लड़कियों में मानसी राणा, सुमिक्षा पंवार, गुरप्रीत कौर, तारसवी शर्मा, शताक्षी, उमा देवी, निशा देवी, बेबी कुमारी, साक्षी, आंशिका, दिया शर्मा, अंजली और लड़कों में समीर खां, सर्वजीत सिंह, आर्यन बत्स, अनमोल, रूपांश शर्मा, प्रशांत, अंकित राणा, आयुष शर्मा, अनिल, पंकज, नीरज, कीर्ति लाल, आदित्य, भार्गव शर्मा, पुनीत, ललित विशाल, आदर्श शर्मा सहित का चयन हुआ।

## गगरेट के 91 पोलिंग बूथों पर 690 कर्मचारी संभालेंगे शांतिपूर्ण मतदान करवाने का जिम्मा

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा उपचुनाव के लिए वीरवार सायं छह बजे चुनाव प्रचार थमते ही राजनीतिक दल अब घर-घर दस्तक देने लगे हैं। मैच के अंतिम ओवर्स में चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी भी सिरधड़ की बाजी लगा रहे हैं।

उधर, एक जून को शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश पर सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के 91 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए 690 कर्मचारी मैदान में उतारे गए हैं। यहां एक सौ पंद्रह पोलिंग पार्टियां तैनात की गई हैं। इनमें से चौबीस पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रखी जाएंगी। विधानसभा क्षेत्र गगरेट में दस मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। वीरवार को विधानसभा क्षेत्र गगरेट में मतदान के लिए तैनात किए गए 690 कर्मचारियों को फाइनल रिहर्सल करवा कर मतदान करवाने के लिए रवाना कर दिया गया है।

### संवेदनशील पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : एसडीएम

एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी सौमिल गौतम ने बताया कि गगरेट के 91 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान करवाने की सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। कुल एक सौ पंद्रह पोलिंग पार्टियां तैनात की गई हैं। इनमें से चौबीस पोलिंग पार्टियां रिजर्व में हैं। दस पोलिंग बूथ पर महिला कर्मचारी ही तैनात की गई हैं। संवेदनशील पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

**विधानसभा क्षेत्र गगरेट में दस मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित**

ये पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर मतदान व्यवस्था का संचालन करेंगी। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में छह कर्मचारी होंगे। इस बार दस पोलिंग बूथ पूरी तरह से महिला कर्मचारियों के हवाले होंगे। यहां मतदान करवाने की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिला कर्मचारियों पर होगी। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के 81 पोलिंग बूथ पुरुष कर्मचारियों के हवाले होंगे। इसके लिए सौ पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं, जबकि उन्नीस पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रहेंगी। जिन दस पोलिंग बूथों पर महिला कर्मचारी तैनात रहेंगी, उनके लिए पंद्रह पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं।

दस पोलिंग पार्टियां पोलिंग बूथों पर तैनात होंगी तो पांच पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रखी गई हैं। मतदान पर नजर रखने के लिए आठ सेक्टर अफसर तैनात किए गए हैं, जो कि पल-पल की जानकारी कंट्रोल रूम पर साझा करेंगे। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के दस बूथ ऐसे हैं, जो संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इन बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

## पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य के लिए हुईं रवाना

### ऊना के उपायुक्त की जिला वासियों से अपील-लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर लें भाग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि एक जून को ऊना जिले में लोकसभा और दो विधानसभा उपचुनावों में होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए संबंधित मतदान पार्टियां अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई हैं। बता दें, जिले में 2482 मतदान कर्मी मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएंगे। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से 1207 पुलिस जवान मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने बताया कि जिले में 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 51 क्रिटिकल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 50 मतदान केंद्र महिला कर्मी संचालित होंगे। इनमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 मतदान केंद्र महिला कर्मी संचालित करेंगी। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र का जिम्मा युवा कर्मी संभालेंगे। इसके अलावा जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विधानसभा वार 4-4 आदर्श मतदान केंद्र होंगे। इसके अलावा जिले के 399 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के प्रबंध किए गए हैं।


महिला पोलिंग पार्टी पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना होती हुईं।

वहीं, जिले में विशेष पहल करते हुए ऊना विधानसभा क्षेत्र के देहलां में ईको फ्रेंडली हरित मतदान केंद्र भी बनाया गया है। मतदान केंद्रों की विशेष सजावट जिले में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए मतदान केंद्रों को विशेष रूप से सजाया गया है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम भी किए गए हैं।

मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे शुद्ध पीने का पानी, छायादार वृक्ष, शौचालय, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, पर्याप्त मात्रा में लाइट सुविधा सहित एनसीसी और एनएसएस के वालंटियर्स भी तैनात होंगे।

ऊना के उपायुक्त ने जिला वासियों से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा निर्भीक होकर धर्म, मूल वंश जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

## राहगीरों के गले किए तर


**हरोली।** हरोली उपमंडल के अंतर्गत पंचायत सिंगा में शुक्रवार को ठंडे मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इस दौरान आते जाते हुए राहगीरों ने छबील को ग्रहण कर सूखे गले को तर किया। पंचायत प्रधान सिंगा गुरदेव सिंह ज्ञानी बाबा ने बताया कि प्रति वर्ष बढ़ती गर्मी के दौरान छबील लगाई गई जाती है। इसमें राहगीरों ने ठंडे मीठे जल को ग्रहण किया है। इस अवसर पर पंचायत सचिव सिंगा स्नेह, पंचायत सचिव बाथू धर्मपाल, सेवानिवृत्त सूबेदार जगजीत सिंह, बाबा जनक, संजू, जोगिंद्र पाल बॉम्बे, सन्नी, योगेश बंगड़, कार्तिक, अतुल हंस, रोहित, वंश बंगड़, गुरप्रीत सहित अन्य मौजूद रहे।

### बनेहड़ा में डेड बॉडी मशीन के लिए 10,000 दिए

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा के अजय सिंह मिन्हास पुत्र मेहर सिंह लंबरदार ने डेड बॉडी मशीन के लिए दस हजार रुपए की राशि का योगदान दिया। स्थानीय गांव के लोगों ने एक संस्था के द्वारा इस डेड बॉडी मशीन का प्रावधान किया था, जिसमें किसी आपातकाल में शव रखा जा सकता है। यह जानकारी स्वर्ण सिंह ठाकुर ने दी ।

## जिले में मतदान के लिए सभी इंतजाम पूरे

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना जिले में मतदान को लेकर सभी इंतजाम पूरे हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव से पूर्व के अंतिम 72 घंटे और 48 घंटे के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पूरा पालन किया गया। मतदान के दिन तक चुनाव निगरानी दलों के अभियान को और अधिक सघन किया गया है। जिले में 15 उड़नदस्ते तथा 17 स्थैतिक निगरानी टीमें लगातार फील्ड में रहीं। हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। उन्होंने चुनाव आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया द्वारा हमीरपुर से ऑनलाइन माध्यम से ली गई बैठकों में यह जानकारी दी है।

सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने अधिकारियों से चुनावी तैयारियों का ब्यौरा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव ने चुनाव के अंतिम चरण में व्यय निगरानी के संबंध में अधिक सजगता बरतने को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने जिले में मतगणना को लेकर किए प्रबंधों से भी अवगत कराया। उन्होंने मतदान के उपरांत ईवीएम तथा वीवीपैट मशीनों की स्ट्रांग रूम में रखने को लेकर मूवमेंट प्लान, भंडारण तथा सुरक्षा को लेकर किए प्रबंधों की भी जानकारी दी।

### अब तक 3736 ने की होम वोटिंग

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऊना जिले में अब तक 3736 वोटरों ने अपने घर से मताधिकार के प्रयोग की सुविधा का लाभ लेते हुए मतदान किया है। इस मुहिम में अब तक 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2621 और 1115 दिव्यांग वोटरों ने मतदान किया है। बता दें, भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में अपने घर से ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से मतदान कराया जा रहा है। जिले में यह कार्य 29 मई तक किया गया। जतिन लाल ने बताया कि अब तक चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में 614, ऊना में 396, कुटलैहड़ में 1096, हरोली में 548 और गगरेट में 1082 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

वहीं, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि जिले में पुलिस चुनावों की दृष्टि से पूरी चौकसी के साथ काम कर रही है। 25 नाकों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है।

## ऊना में 'मैराथन फॉर डेमोक्रेसी' से शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में लोकसभा आम निर्वाचन और 2 विधानसभा उपचुनावों में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर 31 मई को ऊना शहर में 'मैराथन फॉर डेमोक्रेसी' का आयोजन किया गया। एक जून को चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत आयोजित इस मैराथन को जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन ऊना के इंदिरा मैदान से आरंभ होकर पुराने बस अड्डे में संपन्न हुई।

इस मौके उपायुक्त ने लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक किया और लोगों से अपील की कि वे एक जून को घर से निकल कर मतदान करने अवश्य जाएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में हर एक वोट कीमती है। मतदान करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारा अधिकार भी है। इस चुनाव में अपना योगदान देकर हम सभी मिलकर एक सशक्त और सुरक्षित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

**डीसी ने दिखाई हरी झंडी आज सुबह 7 बजे से आरंभ होगी वोटिंग**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से एक जून को पूरे परिवार के साथ चुनाव के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। बता दें, पहली जून को प्रातः 7 से सायं 6 बजे तक वोट डाले जाएंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

**खूब उत्साहित दिखे युवा :** मैराथन के मौके पर ऊना वासी चुनाव के पर्व में बराबर सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध दिखे। लोगों ने कदम से कदम मिलाकर जागरूकता संदेश का प्रसार किया। विशेषकर युवाओं में मतदान के संदेश के लिए आयोजित इस दौड़ में खूब उत्साह दिखा। खेल होस्टल के किशोरों ने मैराथन में बढ-्चढ़कर भाग लिया। इस दौरान स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार, सीडीपीओ कुलदीप दयाल, जिला खेल एवं युवा सेवाएं अधिकारी उत्तम कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जमासनी माता मंदिर मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब


माथा टेकने के कतार में खड़े श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्राचीन जमसानी माता मंदिर में वार्षिक मेले का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर मां के मंदिर में शीश झुकाया और मां का आशीर्वाद लिया।

आपको बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीपलू मेले से लगभग 17 दिन पहले जमासानी माता मंदिर में मेले का आयोजन किया गया। मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा ठंडे मीठे पानी का आयोजन भी किया गया था।

मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने टमक बजाकर मेले का आगाज किया। मेले मे बच्चों के लिए लगे झूले आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे। मेला देखने के लिए आसपास के गांवों से काफी संख्या में महिला पुरुष, और बच्चे पहुंचे थे।

**मंथन**

### दलित अत्याचार मामलों को लेकर किया बैठक का आयोजन

## अत्याचार निवारण एक्ट को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान , ऊना**

जिला ऊना के गांव संतोषगढ़ में दलित अत्याचार मामलों व दलित मानवाधिकारों की जानकारी बारे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन करते हुए राज महें (राज्य महासचिव) राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान एंव राष्ट्रीय दलित न्याय आंदोलन ने बताया कि इस बैठक में ऊना जिले से 15 दलित अत्याचार मामलों को चर्चा में लिया गया। इन 15 केसों में जमीन विवाद को लेकर, बलात्कार, जातिय शोषण, पानी की समस्या व घरेलु हिंसा के केस मौजूद रहे।

बैठक में अधिवक्ता कुलविंद्र बैंस व अधिवक्ता संदीप पहेश कानूनी सलाहकार के रूप में मौजूद रहे। बैठक में सभी के ब्यानात के आधार पर पाया कि देश के अन्य राज्यों की तरह हिमाचल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) एक्ट का लागू होना संतोषजनक नहीं है। आज भी दलित समाज के लोगों को अपनी शिकायत की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में बड़ी मशक्त करनी पड़ती है। अगर मामला दर्ज हो भी जाता है तो प्राथमिकी में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) एक्ट को नहीं जोड़ा जाता है।


दलित मानवाधिकारों व महिला अधिकारों को लेकर चर्चा करने वाले पदाधिकारी।

बैठक में आरक्षण को लेकर भी चर्चा की गई। इस पर राज महें ने बताया कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में दलित समाज के लिए आरक्षण व अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट को दलित समाज के साथ हो रहे अत्याचार व भेदभाव को देखते हुए लिखा है।

हमारा राज्य सरकार से अनुरोध है कि प्रशासनिक एवं पुलिस आधिकारियों को दलित समाज के साथ हो रहे अत्याचार व भेदभाव को खत्म करने के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) एक्ट को संपूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश दिए जाएं।

## गोंदपुर बनेहड़ा तालाब को सांस्कृतिक धरोहर घोषित कराने के लिए किए जाएंगे प्रयास : राजकुमारी

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

वर्षों से दयनीय स्थिति और उपेक्षा का शिकार स्थानीय ऐतिहासिक तालाब गोंदपुर बनेहड़ा लोअर के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इससे आम जनमानस में खुशी की लहर है। गोंदपुर बनेहड़ा के तालाब की इलाके में अनूठी पहचान है। इस तालाब की मरम्मत और रेनोवेशन का कार्य शुरू तो हो गया था, लेकिन काफी बार बीच मे कुछ कानूनी पहलुओं के चलते कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा था, अब यह कार्य तेजी से दोबारा शुरू हुआ है, जिससे गांव वासियों में खुशी की लहर है।

बता दें कि गोंदपुर बनेहड़ा तालाब के लिए बजट मंजूर होने के बावजूद भी तालाब का कार्य अधर में लटका हुआ था। वहीं, प्रबुद्ध वर्ग ने सरकार से आग्रह किया था कि इस ऐतिहासिक तालाब का कार्य निश्चित समय सीमा में पूरा किया जाए। स्थानीय पंचायत की सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बताया कि इस बारे में खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को काफी बार अवगत करवाया गया था और उन्होंने आश्वासन दिया था कि तालाब का कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा, परंतु इसी बीच काफी समय बीत जाने के बाद अब तालाब का कार्य तेजी से शुरू हो गया है।

एडवोकेट राज कुमारी शर्मा ने बताया तालाब के किनारों पर भव्य जंगले लगाए गए हैं और तालाब का कार्य पूरा होने पर यह ऐतिहासिक तालाब और भी भव्य दिखेगा। उधर, इस तालाब के सौंदर्यकरण की उपलब्धि को पंचायत की मुख्य उपलब्धि माना जा रहा है। एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने बताया कि इस तालाब के सौंदर्यकरण का कार्य शुरू करवाने के लिए स्थानीय पंचायत ने बहुत संघर्ष किया है और इस ऐतिहासिक तालाब को सांस्कृतिक धरोहर घोषित करवाने के लिए भी पूरा प्रयास किया जाएगा।

**जीवन** में संबंध होना बहुत जरूरी है, पर उससे भी जरूरी है उन संबंधों में जीवन होना। –**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# शिक्षित बेरोजगारी का दंश

भारत तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, लेकिन यह अर्थव्यवस्था उन उच्च शिक्षित युवाओं के लिए पर्याप्त संख्या में रोजगार सृजित नहीं कर पा रही है, जो अपनी डिग्री के अनुसार ऊंचे वेतन वाली नौकरी की उम्मीद रखते हैं। उन्हें अक्सर कम वेतन वाला, अनिश्चित काम करना पड़ रहा है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। ऐसे में यहां शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी एक बहुत बड़ी चिंता का विषय है। इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे देश में शिक्षा के स्तर में काफी सुधार हुआ है, लेकिन शिक्षा के साथ बेरोजगारी दर भी बढ़ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी वाली बात यह है कि गरीब परिवारों के शिक्षित युवा बहुत ही कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन कर रहे हैं। इनके पास संसाधनों और सामाजिक पूंजी का अभाव है। सदियों से उपेक्षा का शिकार रहे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी दर आज भी सामान्य श्रेणी के युवाओं की तुलना में बहुत ज्यादा है। यह स्थिति उनके सामाजिक रूप से ऊपर उठने में बाधा बन रही है। पर्याप्त संख्या में नौकरियां नहीं होने के कारण उन्हें आरक्षण का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते ये युवा अपना व्यवसाय शुरू करने में भी समर्थ नहीं हैं।

इस साल प्रकाशित हुई इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट बताती है कि उच्च शिक्षित युवाओं का एक बड़ा हिस्सा, जिसमें तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवा भी शामिल हैं, अपनी नौकरी से ज्यादा योग्यता रखते हैं। तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं में से भी 0.4 फीसदी ऐसे व्यवसायों में लगे हुए हैं, जो उनकी योग्यता के अनुरूप नहीं हैं। चिंतनीय विषय यह भी है कि हमारे देश में उच्च शिक्षा प्राप्ति का स्तर अब भी निम्न बना हुआ है और गुणवत्तायुक्त शिक्षा चिंता का विषय है। रिपोर्ट बताती है कि योग्यताओं व आकांक्षाओं और नौकरियों के बीच पाया जाने वाला भारी अंतर असंतोष को बढ़ा रहा है। पहले ऐसे मामले अपेक्षाकृत पिछड़े राज्यों में देखने को मिल रहे थे, लेकिन अब आर्थिक रूप से ज्यादा गतिशील राज्यों में भी ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। यहां भी बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है।

सबसे बड़ी चिंता की बात तो यह है कि देश को चलाने वाले लोग भी रोजगार सृजन को लेकर गंभीर नहीं हैं। लोकसभा चुनाव का आज आखिरी चरण है। 4 जून को नई सरकार बनेगी। सरकार किसकी बनेगी, यह तो भविष्य के गर्भ में छिपा है, लेकिन करीब दो महीने चली चुनाव प्रक्रिया में रोजगार को लेकर किसी भी राजनीतिक दल ने किसी स्पष्ट योजना या नीति की बात नहीं की। केंद्र में सत्ता में बैठी भाजपा ने तो रोजगार को लेकर अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी कोई वादा नहीं किया। एक न्यूज चैनल को दिए साक्षात्कार में गृह मंत्री ने तो यहां तक कह दिया कि 140 करोड़ की आबादी वाले इस देश में सबको रोजगार देना संभव ही नहीं है। उनका यह कथन कुछ हद तक सही है, लेकिन यह भी सच है कि रोजगार का सृजन करना भी सरकार का ही दायित्व है।

देश की आबादी में हर साल करोड़ों लोग जुड़ रहे हैं, लेकिन वोट बैंक के चलते कोई भी सरकार जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए आज तक कोई नीति नहीं बना पाई है। आबादी के साथ बढ़ती बेरोजगारी दर किसी देश को सुनहरा भविष्य नहीं दे सकती। सरकारों को या तो आबादी को नियंत्रित करना होगा या फिर रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने होंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो सरकार को बेरोजगारों की फौज का सामना करना मुश्किल हो जाएगा। उच्च शिक्षा हासिल करने के बावजूद भी यदि युवा रोजगार नहीं पा सकेगा तो उसके अपराध के रास्ते पर चलने की संभावना ज्यादा होगी। बेरोजगारी की समस्या हमारे देश की प्रमुख समस्याओं में से एक है। अफसोस की बात तो यह है कि दशकों से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए किसी भी सरकार ने गंभीरता से काम नहीं किया है। अगर अब भी कोई समाधान नहीं निकाला गया तो यह समस्या देश के लिए नासूर बन सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री

नर्गिस दत्त का जन्म फातिमा अब्दुल रशीद के रूप में कोलकाता में हुआ था। हालांकि कुछ लोग उनका जन्म इलाहबाद में होना मानते हैं। नर्गिस मशहूर गायिका जद्दनबाई की पुत्री थीं। कला नर्गिस को विरासत में मिली थी और सिर्फ छह साल की उम्र में नर्गिस ने 1935 में बनी फिल्म 'तलाशे हक' से अभिनय की शुरुआत कर दी थी। फिल्म 'मदर इंडिया' में राधा की भूमिका के जरिए भारतीय नारी को एक नया और सशक्त रूप देने वाली नर्गिस हिंदी सिनेमा की महानतम अभिनेत्रियों में से एक थीं, जिन्होंने लगभग 2 दशक लंबे फिल्मी सफर में दर्जनों यादगार एवं संवदेनशील भूमिकाएं कीं और अपने सहज अभिनय से दर्शकों का मनोरंजन किया। मदर इंडिया फिल्म को ऑस्कर के लिए नामित किया गया था। नर्गिस ने मदर इंडिया के अलावा आवारा, श्री 420, बरसात, अंदाज, लाजवंती, जोगन परदेशी, रात और दिन सहित दर्जनों कामयाब फिल्मों में बेहतरीन अभिनय किया। राजकपूर और नर्गिस की जोड़ी को हिंदी फिल्मों की सर्वकालीन सफल जोड़ियों में से गिना जाता है। नर्गिस को पद्मश्री सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। इनमें फिल्मफेयर पुरस्कार के अलावा फिल्म 'रात और दिन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनय का राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल है। नर्गिस की याद में 1982 में नर्गिस दत्त मेमोरियल कैंसर फाउंडेशन की स्थापना की गई। इस प्रकार निधन के बाद भी नर्गिस लोगों के दिल में बसी हुई हैं। ■



**नर्गिस दत्त**
**जन्म** : 1 जून, 1929
**मृत्यु** : 1 मई, 1981

## अपनी बात

आज मोबाइल के युग में बच्चों का बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। पहले बच्चों में बड़ों के प्रति मान-सम्मान और आदर का भाव का संस्कार होता था, लेकिन आज स्थिति बिलकुल विपरीत है। आज हम सभी के लिए और माता-पिता का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को संस्कार दें, ताकि आने वाला भविष्य संस्कारहीन न हो जाए। आज संस्कारों की कमी के कारण युवा दिशाहीन होते जा रहे हैं और नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं। आज जो बच्चे बड़े-बड़े स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं। वहां यह परम आवश्यक है कि बच्चों के अंदर बड़ों के प्रति आदर भाव, मान-सम्मान स्थापित करने जैसे गुणों का संचार किया जाए, ताकि शिक्षा के साथ-साथ नई पीढ़ी संस्कार भी ग्रहण करे। आज देश ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं और प्रतिभावान युवाओं ने अपनी अहम पहचान बनाई है। भविष्य में भी देश के प्रतिभावान युवा अपना दम-खम दिखाने के लिए बेताब हैं, लेकिन बड़े पदों के लोगों में अपने बुजुर्गों के प्रति सम्मान नहीं है। इसलिए हमें चाहिए कि मोबाइल से होने वाले नुकसानों से बच्चों को जागरूक करें और उनमें बड़ों के प्रति मान-सम्मान रखने के लिए भी जानकारी दें। –**सक्षम, बनूरी**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# कैंसर हब बन रहा भारत, देश में हर घंटे मर रहे 92 लोग

देश में औसतन 2215 लोग रोजाना कैंसर से मौत के मुंह में जा रहे हैं। भारत में चीन के बाद सर्वाधिक मौतें कैंसर से हो रही हैं। आईसीएमआर और राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर की भयाभयता किस त्रासदपूर्ण तरीके से बढ़ रही है क्योंकि देश के 64 फीसदी मरीज ग्रामीण इलाकों से आ रहे हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवहारिक रूप में कैंसर की पहचान के लिए कोई प्रमाणिक तंत्र ही उपलब्ध नहीं है।

संसद में हालिया सरकार ने जो जानकारी दी है उसके अनुसार उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, तमिलनाडु और राजस्थान देश में कैंसर के बड़े हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। पंजाब की हालत पहले से ही इस मामले में खराब है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ों को ही विश्लेषित किया जाए तो देश में हर साल जितने मरीज कैंसर रोगी के रूप में चिन्हित होते हैं, उनमें से 55 प्रतिशत लोगों की मौत हो जाती है। कैंसर पीड़ितों में 65 फीसदी मरीज 45 से 60 साल आयु वर्ग के हैं और खास ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि महिलाओं में तीसरी सबसे बड़ी बीमारी को कैंसर के रूप में चिन्हित किया गया है। इन आंकड़ों के इतर जमीनी सच्चाई का एक अहम पहलू यह है कि आज भी देश के मैदानी हलकों में कैंसर की पहचान के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र सक्षम नहीं हैं। जिला चिकित्सालय जैसे सरकारी केंद्रों पर भी कैंसर की पहचान के लिए कोई व्यवस्था नही है। इन केंद्रों पर न तो ऑन्कोलॉजी विभाग है और न प्रयोगशाला जहां मरीजों के शुरुआती लक्षणों की जांच की जाती है। मजबूरी में ऐसे मरीजों को जांच हेतु मेडिकल कॉलेज स्तर के शहरी केंद्रों पर जाना पड़ता है। इस दौरान कैंसर के प्रारंभिक लक्षण गंभीर होकर शरीर में फैल जाते हैं। त्रासदी यहीं तक सीमित नहीं है क्योंकि बड़े शहरी केंद्रों पर भी कैंसर की पहचान और निदान की जो व्यवस्था है, वह बहुत ही खर्चीली है।



लेखक : डॉ. अजय खेमरिया
वरिष्ठ स्तंभकार

डॉक्टर के प्रारंभिक परामर्श शुल्क मुंबई, दिल्ली, भोपाल, लखनऊ, पटना जैसे शहरों में 800 रुपए से लेकर 5000 तक होते हैं। पीएफटी, ईईजी,सीबीसी, सीटी, पेट स्केन, लैब टेस्ट अगर एक साथ हो तो खर्चा एक लाख तक आ सकता है। बायोप्सी के 35000 और एंडोस्कोपी के लिए अस्पताल 10 से 50 हजार तक चार्ज करते हैं। कैंसर का पता चल जाने के बाद साधारण सर्जरी का खर्च 2.80 लाख से 10 लाख आम है। रोबोटिक सर्जरी पर लगभग 5.25 लाख का व्यय आता है। कीमोथैरेपी की एक यूनिट औसतन 18 हजार की पड़ती है। इंटरनल रेडियेशन थैरेपी 61960 से 516337 और एक्सटर्नल रेडियेशन का खर्चा तीन लाख से बीस लाख तक जाता है। इम्यूनोथैरेपी की औसत दर 441000 है। बॉनमोरो ट्रांसप्लांट पर 15 लाख से 48 लाख खर्च होता है। इनके अलावा टॉरगेट एवं हार्मोन थैरेपी का विकल्प भी लाखों में बैठता है। इस खर्च में अस्पताल की रेटिंग्स का खर्चा भी 5 से 15 प्रतिशत अलग से जुड़ जाता है। जाहिर है भारत में कैंसर के इस उपचार को वहन करना केवल आर्थिक रूप से करोड़पति पृष्ठभूमि वाले परिवारों के लिए ही संभव है।

असल में कैंसर की बीमारी हमारी विकृत जीवनशैली के साथ पारिस्थितिकी तंत्र में आए बदलाब के कारण भी तेजी से बढ़ी है। दूसरी तरफ सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में कैंसर की नैदानिक सेवा उच्च स्तरीय विशेज्ञयता की मांग करती है। हमारे देश में विशेज्ञता प्राप्त डॉक्टर जिला मुख्यालय को भी अपना परामर्श केंद्र बनाना पसंद नहीं करते हैं, ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर के मानक उपचार की आशा करना आज बेमानी है। यूं तो सरकार ने 1975 में ही कैंसर की बीमारी की रोकथाम के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम आरंभ कर दिया था। 1990 में जिला स्तर पर कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम भी शुरू हुआ, बाद में 2005 और 2017 में देश के 100 जिलों में उत्कृष्ट कैंसर संस्थान के लिए पहल हुई। बावजूद इसके आज कैंसर रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लाखों मरीज तो आरंभिक जांच के लिए भी चिन्हित नहीं हो पाते हैं और जिस तरह 55 फीसदी मरीज सालाना इस बीमारी से मर रहे हैं, वह बताता है कि हमारे देश में कैंसर की उपचारात्मक प्रविधियां नाकाम साबित हो रही हैं। जहां तक संसाधनों का सवाल है, इस मामले में भी हम बहुत पिछड़े हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति 10 लाख की आबादी पर एक रेडियेशन मशीन की आवश्यकता होती है, लेकिन हमारे यहां यह केवल 0.41 ही है।

नेशनल मेडिकल काउंसिल के अनुसार देश में कुल 594 एमडी रेडियेशन ऑन्कोलॉजी की पीजी सीट्स है, जिनमें 282 निजी कॉलेजों में हैं।

जाहिर है जिस तरह से कैंसर की चुनौती बढ़ रही है, उस अनुपात में हमारे पास दक्ष कार्यबल नहीं है। ऐसा नहीं है कि सरकार इस चुनौती को समझ नहीं रही है। हरियाणा के झज्जर में एक राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र की स्थापना इसी उद्देश्य से की जा रही है, ताकि इससे संबंधित शोध और डेटा को ज्यादा प्रामाणिक बनाया जा सके। केंद्र और राज्य सरकारों ने कैंसर को बिलंब से ही सही अपनी प्राथमिकताओं में लेना शुरू भी किया है। पिछले कुछ सालों में सरकारी जिला अस्पतालों में कैंसर यूनिट की स्थापना आरंभ हुई हैं। मेडिकल कॉलेजों में भी रोग की पहचान, परीक्षण और निदान के संस्थागत प्रयास संस्थित हुए हैं, लेकिन सबसे बड़ी समस्या कैंसर उपचार का अत्यधिक महंगा होना और इस रोग के आरंभिक लक्षणों का बहुत देर से पता चल पाया है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जमीनी स्तर पर अभी भी काबिल डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं और सरकार ने जिन सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच के लिए उपकरण उपलब्ध कराए हैं, उन्हें संचालित करने के लिए एलाइड सर्विसेज की भारी कमी है। अधिकतर सरकारी मैदानी अस्पतालों एवं नए मेडिकल कॉलेजों में उपकरण तो खरीद कर स्थापित कर दिए गए हैं, लेकिन मानव संसाधन के अभाव में यह अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है जागरूकता की कमी। कैंसर को लेकर संचारी रोगों की तरह जागरूकता नहीं है। सरकार को चाहिए कि अन्य बीमारियों की तरह इसे लेकर भी माइक्रो स्तर पर जनजागरूकता सुनिश्चित करने वाले राष्ट्र व्यापी अभियान आरंभ किए जाएं, ताकि आरंभिक लक्षणों के साथ ही कैंसर के शरीर में प्राणघातक फैलाव को रोका जा सके। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि अगर आरंभिक स्तर पर ही कैंसर की पहचान कर निदान शुरू किया जाए तो एशिया में करीब 60 फीसदी मौतों को रोका जा सकता है। महिलाओं के लिए भारत में सर्वाइकल कैंसर सबसे बड़ी चुनौती है। इसका उपचार आसान हो सकता है अगर 14 साल तक की बालिकाओं के मध्य पाठ्यक्रम स्तर पर जागरूकता सुनिश्चित की जाए। इसी तरह मुख और गले का कैंसर पुरुषों में सर्वाधिक देखा जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# चुनाव प्रक्रिया में मतदाता की भूमिका काफी अहम

लोकतंत्र की कसौटी पर लोगों की ताकत का चुनावी महाकुंभ अब अंतिम चरण की दहलीज पर है। भारत जैसे विशाल देश जहां हर राज्य के रीति-रिवाज, पर्यावरण और जलवायु में भिन्नता पाई जाती है। कहीं समुद्री तूफान तो कहीं बर्फबारी के खतरे को देखकर सह संबंध बनाना पड़ता है। यहां त्योहार भी अलग-अलग मनाए जाते हैं, ऐसे देश में हर परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए एक साथ चुनाव कराना, चुनाव आयोग की कार्यकुशलता को दर्शाता है।



लेखक : राकेश मनहास
वरिष्ठ प्रबंधक, केसीसी बैंक थुरल

भारत में निर्वाचन आयोग या चुनाव आयोग एक स्वायत एवं अर्धन्यायिक संस्थान है, जिसका गठन देश में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से भारत के प्रातिनिधिक संस्थानों में प्रतिनिधि चुनने के लिए किया गया था। भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को की गई थी। चुनाव प्रक्रिया में मतदाता की भूमिका बहुत अहम रहती है। लोकतांत्रिक पर्व में मतदाता को ही सरकार और राष्ट्र का भविष्य चुनने का विशेष अधिकार प्राप्त होता है।

मतदान करना प्रत्येक मतदाता का न केवल अधिकार है, बल्कि कर्तव्य है। हमारे एक वोट से सरकार चुनी जाती है, जो देश के विकास और सुरक्षा के लिए कार्य करती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां की संघीय सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है। देश के 18 वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिक इस चुनावी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं। मतदान निर्णय लेने या अपना विचार प्रकट करने की एक विधि है। मतदान सबसे बड़ा दान है। हम अपना मत किसको दे रहे हैं, यह मतदाता के विवेक और इच्छा पर निर्भर करता है, लेकिन हमारा मत एक साफ छवि व जनता से संवाद कायम करने वाले प्रत्याशी के पक्ष में जाना चाहिए। मतदान अपने व्यक्तिगत मुद्दों को भूलकर देश हित और सुरक्षा के लिए किया जाना चाहिए।

जब दान की बात आती है तो असंख्य प्रकार के दान होते हैं जो अपनी खुशी, मानसिक संतुष्टि और किसी व्यक्ति विशेष के हित में किए जाते हैं, लेकिन मतदान ही केवल ऐसा दान है, जो देश और साधारणजन के लिए किया जाता है। देश प्रगति करेगा, तो देश के नागरिक होने के नाते हमारी प्रगति निश्चित है। इसलिए देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम में से हर किसी को शपथ लेनी चाहिए कि चुनाव के इस महाकुंभ में अपने मत की आहुति डालकर इस पुण्य कर्म के भागीदार बनें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

### आओ मतदान करें

सुरेंद्र मिन्हास
बध्यात, बामटा
बिलासपुर, हिप्र



*आओ! मेरे प्यारे भाई-बहनों*
*लोकतंत्र का सब सम्मान करें।*
*कर्मठ प्रतिनिधि चुनने को*
*चलो हम सब मतदान करें।।*
*वादों, कसमों को जांच कर*
*नोट और शराब के झांसे में न आना ।*
*गारंटियों के चक्कर में न आना*
*हो निर्भय मतदान को जाना।।*
*मतदान केंद्र में जब बारी आए*
*ईवीएम पर सारे चिन्ह सुहाएं।*
*टूं की आवाज आने तक*
*प्रिय प्रत्याशी का बटन दबाएं।।*
*हल्के होकर तब बाहर आएं*
*हिंदुस्तान की जय यह गाएं।*
*जरूरी बड़ा है वोट डालना*
*अन्य सभी को यह समझाएं।।*

# चुनावी मौसम... तपती धरती, झुलसता जीवन

आम चुनाव के अंतिम चरण में चढ़े सियासी पारे के साथ देश चढ़ते पारे से परेशान है। उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान से हाहाकार मचा हुआ है। एक ओर जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा है, वहीं सूर्यदेव को लगता है स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की होड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़े को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो, पर इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री सेल्सियस से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपातकाल है। हीटवेव या यूं कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है।

तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं-कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है, पर जिस तरह से तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है। उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं, बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है।

समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भरी दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रूप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया है।



डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रदेश के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, इलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दे दिए हैं। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं। वहीं, आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीडबैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। राजस्थान तो एक उदाहरण है।

कमोबेश इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किए जा रहे होंगे, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। सामान्यत: एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देसी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहे हैं और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का प्रकोप कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य हैं, पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यूं कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार हैं। आज शहरीकरण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हों या शहर, आंख मींचकर कंक्रीट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खानपान की समृद्ध परंपरा रही है, पर उसे आज भुला दिया गया है।

मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालिक राहत मिल जाती थी, पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है, ऐसे में अब तात्कालिक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रूपरेखा तय करनी होगी, क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमने इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरते नहीं दिख रहे। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की ओर ध्यान देना होगा, नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रीट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# किसी भी देश के लिए सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण

भारत प्राचीन राष्ट्र है, लेकिन कई यूरोपीय और देश के वाम विचार के विद्वान भारत को राष्ट्र नहीं मानते। इस विशाल देश में अनेक बोलियां, अनेक रीति-रिवाज व अनेक भाषाएं हैं। वामपंथी इतिहासकार रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' में भारतीय संस्कृति को विलक्षण बताया है। यह शर्मा जी की लिखी सुंदर किताब है। उन्होंने लिखा है, 'भारत अनेकानेक मानव प्रजातियों का संगम रहा है। प्राक आर्य, हिंद आर्य, यूनानी, शक, हूण और तुर्क आदि प्रजातियों ने भारत को अपना घर बनाया है।

प्रत्येक प्रजाति ने भारतीय सामाजिक व्यवस्था, शिल्प कला, वास्तु कला और साहित्य के विकास में यथाशक्ति अपना अपना योग दिया है। सभी समुदाय और उनके सांस्कृतिक वैशिष्ट्य इस तरह मिल गए हैं कि उनमें से किसी को हम उनके मूल रूप में पहचान भी नहीं सकते। 'यूनानी, शक, हूण आदि इस तरह मिल गए कि उन्हें पहचानना कठिन है। शर्मा ने इस घुलनशीलता का श्रेय मूल भारतीय आर्य संस्कृति को नहीं दिया। इस्लाम भारतीय समाज में घुल नहीं पाया। ब्रिटिशों ने भारतीय संस्कृति, इतिहास परंपरा और दर्शन को परलोकवादी बताया। दुर्भाग्य से उनके निष्कर्ष यहां आधुनिक' कहे जाते हैं। यह चुनौती बड़ी है। देश में बाहर से आई प्रजातियों के योगदान की प्रशंसा उचित है। कला और साहित्य के विकास में भी उनके योगदान का उल्लेख सही है, लेकिन शर्मा जी ने यहां के मूल निवासी अभिजनों के रचनात्मक कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया है। भारत में वैदिक काल में ही शिल्प, वास्तु और साहित्य का विकास हो चुका था। भारत के लोग राष्ट्रीय एकता के लिए सक्रिय रहे हैं। इसका मूल कारण उनके चित्त में सक्रिय सांस्कृतिक राष्ट्रभाव था। रामशरण शर्मा ने भी लिखा है, 'भारत के लोगों ने इस विशाल उपमहाद्वीप को एक अखंड देश समझा।



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विस के पूर्व अध्यक्ष

सारे देश को भरत नामक एक प्राचीन वंश के नाम पर 'भारतवर्ष' नाम दिया गया। 'ऋग्वेद के अनेक ऋषि भरतजन हैं। ऋग्वेद में इनकी चर्चा है। शर्मा ने लिखा है, 'हिमालय से समुद्र तक फैली यह भूमि को सार्वभौम राजा के द्वारा शासित क्षेत्र के रूप में कल्पित है। हिमालय से कन्याकुमारी तक। पूर्व में ब्रह्मपुत्र की घाटी से पश्चिम में सिंधु पार तक अपना राज्य फैलाने वाले राजाओं का व्यापक यशोगान किया है।'

राष्ट्र यहां के निवासियों के लिए आराध्य रहा है। इसलिए इस अखंड देश का राजा यशस्वी होना चाहिए। ऐसे राजा प्राचीन काल में चक्रवर्ती कहलाते थे। देश के बड़े भू-भाग की राजनीतिक एकता का स्वप्न काल्पनिक नहीं था। ईसापूर्व तीसरी सदी में अशोक ने अपना साम्राज्य सुदूर दक्षिणांचल को छोड़कर सारे देश में फैलाया। इसके पहले चंद्रगुप्त मौर्य का शासन भी उल्लेखनीय है। चौथी सदी में समुद्रगुप्त की विजय यात्रा गंगा की घाटी से तमिल देश के छोर तक पहुंची थी।

शर्मा ने याद दिलाया है कि राजनीतिक एकता के अभाव में भी सारे देश में राजनीतिक ढांचा कमोबेश एक जैसा था। इसका कारण संस्कृति है। सांस्कृतिक एकता महत्वपूर्ण होती है। यहां सांस्कृतिक एकता मजबूत करने के प्रयास जारी रहे हैं। ईसापूर्व तीसरी सदी में प्राकृत भाषा काफी बड़े हिस्से में प्रयुक्त होती थी। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए। शर्मा जी ने संस्कृत भाषा के संबंध में सही बात लिखी है, 'बाद में संस्कृत ने प्रतिष्ठित स्थान पाया। संस्कृत देश के अधिकांश हिस्सों में राजभाषा के रूप में स्वीकृत थी।' प्राचीन भारत का इतिहास प्रेरक है। भारतीय विद्वानों ने हस्तलिखित महाकाव्यों और पुराणों आदि में अपने प्राचीन इतिहास को लगातार व्यवस्थित करने का काम जारी रखा, लेकिन यूरोपीय विद्वानों की शिकायत है कि प्राचीन भारत के इतिहास में इतिहास लेखन की यूरोपीय शैली नहीं मिलती।

पाश्चात्य विद्वानों ने जानबूझकर निष्कर्ष निकाला कि प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और तिथि क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के आदी रहे हैं। वे आध्यात्मिक या पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे। पाश्चात्य विद्वानों ने कहा कि भारतवासियों को राष्ट्रीय भावना का अहसास नहीं था। ऐसे सारे निष्कर्षों के आधार पर विंसेंट स्मिथ की पुस्तक 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' चर्चा का विषय रहती है। उनका दावा है यह प्राचीन भारत का पहला सुव्यवस्थित इतिहास है। भारत के विरुद्ध सारे आरोप मिथ्या थे। भारतीय इतिहासकारों का मुंह भविष्य की ओर था। उन्होंने इतिहास से अनुकरणीय पात्र छाटें, उन्हें काव्य और गीत बनाया। लोकस्मृति ने बुद्धि में सुरक्षित जगह दी और लोकमन ने हृदय में। राजा और राज्य बहुत हुए, लेकिन राम राज्य ने गांधी को भी मोहित किया। आधुनिकता अंग्रेजी सभ्यता की नकल नहीं हो सकती।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### महिला और दिव्यांग कर्मियों के दल मतदान केंद्रों को रवाना



**मंडी।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि मंडी विधानसभा के मतदान केंद्र खलियार-2, सुहड़ा-2 और पड्डल-2 मतदान केंद्रों के लिए महिला कर्मियों के दो दल और एक दिव्यांग मतदान कर्मियों का दल रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि खलियार-2 का मतदान केंद्र केंद्रीय विद्यालय खलियार, सुहड़ा-2 मतदान केंद्र ब्वायज स्कूल मंडी और पड्डल-2 मतदान केंद्र राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में स्थापित किया गया है। खलियार-2 और सुहड़ा-2 मतदान केंद्र में महिला मतदान कर्मी ड्यूटी देंगे, जबकि दिव्यांग मतदान कर्मियों का दल पड्डल-2 मतदान केंद्र आईटीआई मंडी में ड्यूटी देगा।

### दो मतदान केंद्रों में महिला चुनाव कर्मी तैनात



**सुंदरनगर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि 1 जून को होने वाले आम लोकसभा चुनाव के लिए सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र 60-सलापड़ 1 और 29-फिल्ड होस्टल बीबीएमबी कॉलोनी के लिए महिला चुनावी दलों को तथा 23-बंडोह मतदान केंद्र के लिए दिव्यांग चुनावी दल को उनके गंतव्य स्थानों के लिए मतदान सामग्री के साथ रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के 114 मतदान केंद्रों में मतदान होगा, जिसमें 2 मतदान केंद्रों में महिला चुनावी कर्मी तथा 1 मतदान केंद्र में दिव्यांग चुनावी कर्मियों की तैनाती की गई है।

### उरला व थरटखोट में मतदान के लिए किया जागरूक



**पधर।** स्वीप टीम द्वारा विभिन्न संस्थाओं में जाकर मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थरटखोट, झटिंगरी, उरला और टिक्कन झटिंगरी थरटखोट बूथ में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान का महत्व समझाया गया। इस दौरान उन्होंने मतदान में भाग लेने के लिए सभी उपस्थित को प्रशिक्षु अध्यापकों को शपथ भी दिलाई।

### जोगिंद्रनगर में दो महिला मतदान केंद्र किए स्थापित



**जोगिंद्रनगर।** महिला मतदान दलों को आज चुनाव सामग्री के साथ रवाना कर दिया गया। जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में दो महिला मतदान केंद्र 40 झमेहड़ और 120 खारसा स्थापित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तैनात दो महिला मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। इसी तरह दो महिला मतदान दलों को रिजर्व में रखा गया है।

### संधोल में नेकराम की पैर फिसलने से मौत

**संधोल।** संधोल तहसील के भूर झंगी निवासी 47 वर्षीय नेकराम की गत रात घर जाती बार पैर फिसलने से हुई दुर्घटना से हुई मौत पर पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह कांग्रेस पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह ठाकुर, हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा, मेहर सिंह पठानिया, सुखराम ठाकुर, सतीश कुमार, भागमल, निक्का राम इत्यादि शोक व्यक्त किया है और उनके गांव जाकर में उनके अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया।

### गर्मी से बचाव के लिए गली में लगाया पंखा



**मंडी।** गर्मियों में जहां इंसान, पशु, पक्षी व अन्य सभी प्राणी परेशान है, वहीं इस परेशानी से निजात पाने को कुछ लोग प्रयास करते रहते हैं। आमतौर पर कुछ जगहों पर गर्मियों में छबील भी लगाई जाती है या चौराहे व रास्तों पर ठंडे पानी के घड़े रखे जाते हैं या प्राकृतिक जल स्रोतों को साफ सफाई करके लोगों की प्यास बुझाने का कार्य किया जाता है। इससे राहगीरों को तो राहत मिलती ही है वहीं लोग इसको पुण्य का काम भी मानते हैं। यहां शहर में इन सबसे हटकर महाजन बाजार के प्रवेश स्थान पर व्यापारियों द्वारा आने जाने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत देने के लिए एक फर्राटेदार बड़ा पंखा लगाया हुआ है ताकि वहां से आने-जाने वाले पंखे की ठंडी हवा से कुछ राहत महसूस कर सकें। भले ही इस व्यापारिक संस्थान के बाहर ग्राहक ही ज्यादा इसका लुत्फ उठाएंगे लेकिन चलते फिरते राहगीर भी पंखेंकी हवा का मजा ले रहे हैं।

### निर्वाचन अधिकारी ने किया बंगाणा बूथ का दौरा

**बंगाणा।** बंगाणा के तहत राजकीय माध्यमिक पाठशाला बंगाणा पोलिंग बूथ पर चुनावी तैयारियों का जायजा निर्वांचन अधिकारी एसडीएम सोनू गोयल ने लिया। उन्होंने सुनिश्चित किया की बूथ पर किस तरह की तैयारी की जा रही है। पोलिंग स्टेशन पर पोलिंग एजेंटों के लिए व्यवस्था और अन्य प्रकिया के बारे में व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर पोलिंग पार्टियों के सदस्य मौजूद रहे।

# 1,217 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

## 16 क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर तैनात किए माइक्रो ऑब्जर्वर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि एक जून को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला के सभी 1217 पोलिंग बूथों पर पोलिंग पार्टियां पर पहुंच गई हैं। जो कि एक जून को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान करवाएंगी। 16 क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात कर दिए गए हैं।

जिला में सबसे अधिक 147 पोलिंग बूथ सराज विधानसभा में हैं तथा सबसे कम 107 पोलिंग बूथ धर्मपुर विधानसभा में हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए प्रत्येक विधानसभा का एक-एक मतदान केंद्र यूथ पोलिंग स्टाफ द्वारा संचालित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी विधानसभाओं में दो-दो मतदान केंद्र महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। दिव्यांग कर्मी भी जिला में दो मतदान केंद्रों पर मतदान करवाने की जिम्मेदारी संभालेंगे। करसोग विधानसभा में महिला पोलिंग पार्टी द्वारा करसोग-1 और सनारली मतदान केंद्र और मंजू मतदान केंद्र यूथ पोलिंग पार्टी द्वारा, सुंदरनगर विधानसभा में फिल्ड होस्टल ब्लॉक और सलापड़ मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा, मंझगांव यूथ पोलिंग पार्टी द्वारा तथा बडोह मतदान केंद्र दिव्यांग पोलिंग पार्टी द्वारा संचालित होगा। नाचन का बासा और कंडोल महिलाओं द्वारा तथा धरवाड मतदान केंद्र युवाओं द्वारा, सराज का बनयाड़ और धलयार महिलाओं द्वारा तथा परली करेरी युवाओं द्वारा, द्रंग का सियूण और सारी महिलाओं द्वारा और सतनोग यूथ मतदान अधिकारियों द्वारा संचालित होंगे।

जोगिंद्रनगर का जमेहड़ तथा खारसा महिला संचालित पोलिंग बूथ तथा निरोहाली पोलिंग केंद्र यूथ पोलिंग पार्टी द्वारा संचालित होगा। धर्मपुर का सजाऊ और बाड़ू महिला संचालित पोलिंग बूथ तथा बाग पोलिंग बूथ यूथ पोलिंग पार्टी द्वारा संचालित होगा। मंडी का खलियार और सुहड़ा पोलिंग बूथ महिलाओं द्वारा, पड्डुल दो मतदान केंद्र दिव्यांग पोलिंग पार्टी द्वारा तथा भरगांव यूथ पोलिंग पार्टी द्वारा संचालित होगा। बल्ह विधानसभा में ढांगू और लोहारा महिला संचालित मतदान केंद्र होंगे जबकि दसेहड़ा मतदान केंद्र यूथ संचालित होगा। सरकाघाट का सरकाघाट और गोपालपुर मतदान केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित होंगे जबकि सदवाल मतदान केंद्र यूथ पोलिंग पार्टी द्वारा संचालित किया जाएगा।




मतदान करवाने गईं महिला कर्मी बूथ के बाहर।

### 13 पोलिंग बूथों पर 23 एनसीसी कैडेट करेंगे सहयोग

**करसोग।** करसोग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न करवाने में डिग्री कॉलेज करसोग के 23 एनसीसी कैडेट सेवाएं प्रदान करेंगे।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम करसोग राजकुमार ने बताया कि एनसीसी के यह कैडेट विभिन्न पोलिंग बूथों पर चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रधानाचार्य जेएस पटियाल, एनसीसी कॉर्डिनेटर डॉ. यमुना और सभी कैडट की सहमति के बाद एनसीसी कैडेट को करसोग क्षेत्र के चिन्हित एक दर्जन से ज्यादा पोलिंग बूथों पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि 23 एनसीसी कैडेट में 13 महिला कैडेट और 10 पुरुष कैडेट शामिल हैं।

#### यह रहेंगे एनसीसी वालंटियर के कार्य

**एसडीएम** ने बताया कि सभी एनसीसी वालंटियर पोलिंग बूथ पर पुलिस बल और होमगार्ड के जवानों का सहयोग करेंगे। मतदान करने के लिए आने वाले दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाना, मतदान के बाद उन्हें गाड़ी तक पहुंचाने में मदद करना। मतदाताओं को कतार में खड़ा करना, आपातकालीन स्थितियों में सहयोग करना, किसी भी प्रकार की अन्य आवश्यकता होने पर संबंधित कार्य में अपना सहयोग करना आदि इनके कार्य होंगे।

# तताहर, बदारू में 15 दिन से नहीं आया पानी

- गांव के एक दर्जन परिवार बूंद-बूंद को तरसे
- कुएं-बावड़ियां सूखी, हैंडपंप से निकल रहा खराब पानी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट उपमंडल के ततहर व बदारू गांव में पिछले 15 दिनों से एक दर्जन परिवार पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। पूर्व सैनिक बृजलाल सुर्यावंशी, सुदेश कुमार, राजो देवी, अमित भाटिया, राजिंद्र, प्यार चंद, रोशनी देवी आदि ने बताया कि पिछले एक माह से सप्ताह में एक बार पानी आता था, लेकिन पिछले 15 दिनो से वह भी नहीं आ रहा है। क्षेत्र में कुएं और बावड़ियां सुख चुके हैं।

हैंडपंप से खराब पानी निकल रहा है जो पीने योग्य जरा भी नहीं है, लोग महंगे पानी के टैंकर मंगवा कर गुजार चला रहे हैं, लेकिन जो गरीब लोग हैं वे एक डेढ़ किमी दूर वरनाईं री बावड़ी से पैदल चिलचिलाती धूप में सर पर पानी ला रहे हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को नहाना, कपड़े धोना, और पशुओं के लिए पानी का इंतजाम करना बहुत मुश्किल हो गया है।

हालांकि पानी की समस्या को लेकर जल शक्ति विभाग को भी अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक पानी नहीं मिल पा रहा है। गर्मी का मौसम है पानी की सख्त जरूरत रहती है। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि एक दो दिनों के अंदर ततहर बदारू के लिए पानी की नियमित सप्लाई दी जाए। अन्यथा ग्रामीण महिला मंडल व युवा मंडल के सदस्यों सहित सामाजिक संगठनों को साथ लेकर जल शक्ति विभाग का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने से गुरेज नहीं करेंगे।



उधर, जल शक्ति विभाग के जूनियर ई. देश राज ने बताया कि पानी की लाइन टूटने से पानी की सप्लाई बाधित हुई है, जिसे ठीक किया जा रहा है, एक दो दिन में पानी की नियमित सप्लाई दी जाएगी।

# इंडस ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने किया टिंकरिंग लैब का दौरा



इंडस ग्लोबल स्कूल के छात्र सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

इंडस ग्लोबल स्कूल के छात्रों द्वारा आईआईटी मंडी टिंकरिंग प्रयोगशाला का दौरा एक रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। यहां छात्रों ने प्रयोग करने, नवाचार करने और अपने विचारों को मूर्त परियोजनाओं में बदलने की प्रेरणा ली। इस प्रकार के अनुभव छात्रों को आजीवन सीखने और रचनात्मकता की भावना की प्रेरणा देते हैं।

## पेयजल का दुरुपयोग किया तो कटेगा कनेक्शन

**गोहर।** गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या से निपटने के लिए जल शक्ति विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल शक्ति विभाग उप मंडल गोहर के तहत पेयजल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। पेयजल का उपयोग गृह निर्माण व अन्य निर्माण कार्यों में करने, पेयजल का उपयोग सिंचाई कार्यों में करने व जरूरत से ज्यादा पेयजल का भंडारण करने वालों के बिना नोटिस दिए पानी के कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

गोहर उपमंडल के अंतर्गत कई पंचायतें ऐसी हैं जहां पर पेयजल योजना के जल स्रोतों में पानी की काफी ज्यादा कमी हो गई है। विभाग को पेयजल सप्लाई करने की समस्या पेश न आए इसके लिए उक्त निर्णय लिया गया है।

जल शक्ति विभाग ने इसके लिए उपमंडल स्तर पर सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं की अगुआई में टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें हर पंचायतों के गांवों में जाकर सुबह व शाम औचक निरीक्षण करेंगी। उधर, जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता दत्त राम ने बताया कि जहां भी पानी का दुरुपयोग पाया गया तो उस नल के कनेक्शन को मौके पर ही काट दिया जाएगा।

# बीबीएमबी नहर में कूदे युवक-युवती बेटे को बचाने उतरा पिता भी लापता

**अनंत ज्ञान, बग्गी**



सुंदरनगर के समीप बग्गी में बीबीएमबी नहर में एक युवक और युवती के कूदने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी के अनुसार दोपही के समय एक युवती और युवती नहर के समीप जा रहे थे कि कुछ दूर चलने पर वह नहर में कूद गए। पानी का तेज बहाव होने के कारण दोनों बह गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इसी बीच युवक को बचाने के लिए उसके पिता ने भी नहर में छालांग लगा दी।

- स्थानीय लोगों ने युवक को बचाया

इस दौरान पानी के तेज बहाव में वह भी बह गए। हालांकि कुछ देर बाद स्थानीय लोगों ने नहर में कूद कर एक सामूहिक घेरा बना लिया और कुछ दूरी पर बचने के लिए प्रयास कर रहे युवक को बचा लिया गया।

युवती शकरोहा गांव और युवक नलसर के बोरा गांव का बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही सुंदरनगर पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो पाया था।

## माइंड ऑपरेशन अकादमी के 49 बच्चों ने पास की अग्निवीर की लिखित परीक्षा



लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सामूहिक चित्र में बच्चे।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

माइंड ऑपरेशन अकादमी जोगिंद्रनगर पधर और चौंतड़ा से 49 बच्चों ने अग्निवीर की परीक्षा पास की निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा इसका श्रेय बच्चों की मेहनत और अध्यापकों की लगन को जाता है। आज अकादमी में कुल 54 बच्चों में से 49 बच्चों ने अग्निवीर की परीक्षा पास की है।

निर्देशक राम प्रकाश ठाकुर ने कहा अकादमी अब तक हजारों बच्चों को उनकी मंजिल तक पहुंचा चुकी है और भविष्य में भी हजारों बच्चे अकादमी की ओर से अपनी मंजिल तक जरूर पहुंचेंगे।

# लोकतंत्र के महाकुंभ में लें भाग : अनुराग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में लोकसभा चुनाव से एक दिन पहले अनंत ज्ञान से खास बातचीत करते हुए अनुराग पाइलेट ने कहा कि एक जून को लोकतंत्र का पर्व है, इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

मंडी संसदीय क्षेत्र के सांसद की बात की जाए तो मंडी में जो भी सांसद बने वह जोगिंद्रनगर की समस्याओं को सुनकर संसद तक पहुंचा सके। जोगिंद्रनगर में समस्याओं की बात की जाए, तो सबसे पहले बेसहारा पशुओं का आतंक है। इनके कारण दोपहिया, चार पहिया वाहन हो या पैदल राहगीर हो सड़कों में चलने से डरते हैं। सरकार को चाहिए इनके लिए कोई कानून बनना चाहिए, जिससे इन बेसहारा पशुओं को एक जगह रहने के लिए जगह मिल सके। दूसरी समस्या जोगिंद्रनगर में जाम की समस्या है, जिसके कारण लोगों को जाम में खड़ना पड़ता है, तो सरकार को चाहिए कि कोई न कोई हल निकालना चाहिए।



रोड की बात करें तो जोगिंद्रनगर से लेकर मंडी तक रोड ही हालत खस्ता है। इसके अलावा उन्होंने ने आज की युवा पीढ़ी बेरोजगार होने के कारण शॉर्टकट तरीके से पैसा कमा रही है। उनको पता नहीं होता कि पैसे कमाने का तरीका सही है या गलत है। इसमें सरकार को चाहिए कि वो ज्यादा से ज्यादा भर्तियां निकाले जिससे बेरोजगारी खत्म हो और युवा पीढ़ी नशे की चपेट में न आए।

उन्होंने जोगिंद्रनगर की जनता से अपील की है इस एक जून को लोकतंत्र के महाकुंभ में आकर अपनी अपनी जनभागीदारी दे और आकर मतदान करें।

## कुछ रूटों पर निर्धारित समय पर नहीं चलेंगी बसें

**जोगिंद्रनगर।** लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए जोगिंद्रनगर हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक नीतीश शर्मा ने बताया कि एक जून को जोगिंद्रनगर में मतदान है।

इस दिन दोपहर के बाद बसों को मतदान केंद्रों से पार्टियां चुनाव सामग्री वापस आने के लिए बसों को भेजा जाएगा, इसलिए जोगिंद्रनगर वासियों से निवेदन है कि रूटों में बसें अपने निर्धारित समय में नहीं आएगी।

# बावड़ी के जीर्णोद्धार की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



जानकारी देते ग्रामीण व वन मंडल नाचन के कर्मी सामूहिक चित्र में।

वन मंडल नाचन में विश्व पर्यावरण सप्ताह 5 जून तक वन मंडल की 58 बीटों में मनाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जबराट और चच्योट बीट में स्थानीय लोगों की मदद से जल स्रोतों की सफाई की गई।

इस दौरान लोगों को नाचन वन परिक्षेत्र के अधिकारी खेम सिंह ने पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया। इस सफाई अभियान के दौरान नाचन वन परिक्षेत्र के अधिकारी खेम सिंह व महेंद्र वन खंड अधिकारी बासा समेत वन खंड बासा के सभी वनरक्षक मौजूद रहे। इस मौके पर देव माहूनाग के पुजारी दीनानाथ शर्मा और स्थानीय लोगों द्वारा मांग की गई कि माहूनाग देवता के मंदिर के नीचे देवता की बावड़ी है। यहां पर आते-जाते राहगीर पानी पीते हैं।

उन्होंने वन विभाग से इस जल स्रोत को बेहतर बनाने का आग्रह किया और बावड़ी के साथ 20 मीटर सुरक्षा दीवार लगाने की मांग की गई।

## ओपीएस पर भाजपा की नीति स्पष्ट करें जयराम : माकपा

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश में सातवें व आखिरी चरण में होने वाले मतदान से दो दिन पहले भाजपा नेता व जयराम ठाकुर का ये ब्यान की कांग्रेस पार्टी की राज्य सरकार कर्मचारियों की पेंशन पचास प्रतिशत से घटा कर तीस प्रतिशत करने वाली है बहुत ही हास्यस्पद है और इस बार होने वाली हार को देखते हुए उनकी बौखलाहट को दर्शाता है।

माकपा नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने उनसे पूछा है कि उन्हें प्रदेश की जनता और कर्मचारियों को ये बताना चाहिए कि भाजपा पुरानी पेंशन योजना को देश और प्रदेश में लागू करने के हक में है या नहीं या फिर ये बताना चाहिए कि वे पेंशन पचास प्रतिशत से बढ़ाकर साठ प्रतिशत करने वाले हैं, लेकिन वे अपनी पार्टी की कर्मचारी विरोधी नीतियों के बजाए उस सरकार के बारे टिकटिपनी कर रहे हैं जिसने अपने चुनावी वायदे के अनुसार ओल्ड पेंशन योजना प्रदेश में लागू की है।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि ओपीएस पर भाजपा की नीति को जयराम को स्पष्ट करना चाहिए।

# बच्चों ने लोगों को बताए तंबाकू सेवन के नुक्सान




कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में बच्चे व शिक्षक।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में 'नो तंबाकू डे' मनाकर बच्चों ने स्कूल से लेकर सचिवालय परिसर तक एक जागरूकता रैली निकाली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों बारे बताया।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल के विभिन्न हाउसेस के बच्चों ने वाद विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से नशे के नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र गौतम ने की। प्रधानाचार्य नरेंद्र गौतम ने बच्चों को ट्रैफिक रूल्स के बारे में भी जानकारी दी।

**समस्या** आईटीआई चौक पर चौड़ी सड़क को पार करना हुआ मुश्किल

# लोगों ने ओवरब्रिज बनाने की उठाई मांग

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

शहर के पड्डल एरिया से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की अत्यधिक आवाजाही पैदल राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। उसके चलते आलम यह है कि आईटीआई चौक पर सड़क आर पार करना पैदल राहगीरों के लिए बहुत ही मुश्किल हो रहा है।

हालांकि पुलिस प्रशासन आईटीआई चौक से बस अड्डे तक यातायात को सुचारू करने के लिए नए-नए प्रयोग करता आ रहा है, लेकिन पद यात्रियों की मुश्किलों की तरफ किसी का भी ध्यान नहीं गया। कुछ समय पहले तक नई व्यवस्था से पहले इस चौक पर भी यातायात बहुत ही ज्यादा अव्यवस्थित था। एक बार तो स्थानीय विधायक अनिल शर्मा ने स्वयं वहां धरातल पर आकर यातायात व्यवस्था के लिए अस्थाई चौक और डिवाइडर बनवाकर इसे दुरुस्त करने का प्रयास किया।

इस व्यवस्था से यहां पर वाहनों का जमावड़े से तो राहत मिली थी, लेकिन पैदल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं। नतीजतन बस स्टैंड की तरफ से शहर के लिए पैदल आने वाली सवारियों को राष्ट्रीय राजमार्ग पर आईटीआई चौक के पास आर-पार करना बहुत ही मुश्किल हो गया था। अब एक बार फिर से नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली के बाद अस्थाई चौक में तब्दीली कर दी गई है। पैदल आवाजाही वालों को फिर से परेशानी हो रही है। ऐसे में चौक पर पुलिस लाईन की ओर से ओवर हैड पैदल पुल की मांग उठने लगी है।

सूबेदार रतन सिंह रावत का कहना है कि बस अड्डे से बाजार की तरफ बने हुए फुटपाथ के ऊपर ओवरहेड पैदल फुटपाथ बनाकर आईटीआई चौक के पास ओवरहेड पैदल पुल का निर्माण किया जाए। (अनंत ज्ञान)

- तीनों ओर से यातायात की आवाजाही का ज्यादा है दबाव

#### फोरलेन बनने से यातायात का दबाव हो जाएगा कम

**नगर** निगम के पार्षद राजेंद्र मोहन व नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष पुष्पराज शर्मा ने कहा कि यह समय मांग है। हालांकि इन्होंने कहा कि चंडीगढ़-मनाली फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग चालू होने यहां यातायात का दबाव कम हो जाएगा।

#### राहगीरों की सुरक्षा बहुत ही जरूरी

**नगर** परिषद के पूर्व अध्यक्ष हेमंत राज वैद्य ने कहा कि पैदल राहगीरों की सुरक्षा बहुत ही जरूरी है। ऐसे में फुटपाथों व क्रॉसिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है, ताकि आने वाले समय में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न आए

वहीं नगर निगम में पड्डल वार्ड के पार्षद सोमेश शर्मा ने कहा कि वे इस मामले को उचित माध्यम से हल करवाने की कोशिश करेंगे।

# नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने मनाया तंबाकू निषेध दिवस



छात्राएं प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद सामूहिक छाया चित्र में।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जय मां दुर्गा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू से होने वाले नुकसान को लेकर लोगों को जागरूक करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर छात्राओं ने पोस्टर बनाकर और लघु नाटिका के द्वारा तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया।

वहीं कॉलेज की प्रधानाचार्य ने छात्राओं को तंबाकू से होने वाले विभिन्न प्रकार के नुकसानों के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को अपने आसपास और घर के अन्य सदस्यों को भी तंबाकू के होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

## श्री शीतला माता का वार्षिक मेला 9 जून को

**मंडी।** श्री शीतला माता का वार्षिक मेला 9 जून को शाम आठ बजे ज्योति प्रज्वलित करके भैण कलाहोड़ सुंदरनगर में मनाया जाएगा। श्री शीतला माता मंदिर कमेटी के महासचिव बाल चंद वालिया ने बताया कि मेले का समापन 12 जून को होगा।

इस दौरान भजन संध्या और कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। मेले का शुभारंभ पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर व समापन विधायक राकेश जंवाल करेंगे। 11 जून को महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुती कार्यक्रम का शुभारंभ नाचन विधायक विनोद कुमार करेंगे। 12 जून को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

**तीसा ।** जिला में पुखरी-झुलाड़ा संपर्क मार्ग पर एक पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में पिकअप सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि चालक घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चंबा थाना की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले लिया व घायल को उपचार के लिए चंबास चिकित्सालय भर्ती करवाया गया। पुलिस ने दुर्घटना में मृतक युवक की पहचान काकू रामपुत्र रसीला राम गांव भुनाड़ डाकघर झुलाड़ा के तौर पर की गई है। पुलिस ने अपनी प्रारंभिक जांच में बताया कि यह दुर्घटना तब घटित हुई जब पिकअप सवार पुखरी से सामान लेकर वाया हमल झुलाड़ा की तरफ जा रही थी। इस दौरान हमल के नजदीक पहुंचने पर गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसकी स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया रात होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में कुछ समय लग गया। इस दौरान काकू राम की मौत हो गई। हादसे की पुष्टि एसपी चंबा अभिषेक यादव ने की है।

### आग से पपरोला कॉलेज का कार्यालय खाक होने से बचा

**धर्मशाला ।** जंगल में लगी आग से राजकीय राजीव गांधी आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला का पंचकर्म विभाग और अन्य कार्यालय खाक होने से बच गया। दरअसल रात्रि करीब 2:30 बजे कॉलेज के साथ जंगल में आग लग गई। यदि आपको समय पर नहीं बजाया जाता तो यह सारा भवन सुबहहोने तक राख हो चुका होता। रात्रि नगर पंचायत पपरोला की पार्षद अनीता सुद आग लगने की जानकारी कॉलेज प्राचार्य को दी। इस भवन में कॉफ्रेंस हाल, मीटिंग हॉल, पंचकर्म विभाग, कांगड़ा बैंक का एक्सटेंशन कांउटर और अन्य कई कार्यालय हैं। जानकारी सांझा करते हए प्राचार्य डॉ. बिजय चौधरी में बताया कि उन्हें नगर पंचायत की पार्षद अनीता सुद ने रात्रि की 2:30 बजे आग लगने की जानकारी दी। अधीनस्थ स्टाफ और प्रशिक्षु छात्र छात्राओं को मौके पर बुलाया और दमकल को भी सूचना दी। इन सबने कड़ी मशक्कत के बाद तकरीबन 2 घंटे बाद आग पर काबू पाया।



# जिला निर्वाचन आयोग का 75 फीसदी मतदान का लक्ष्य

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एक जून को होने जा रहे मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जिसमें जिला निर्वाचन आयोग चंबा ने 75 फीसदी मतदान करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह बात उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने कही।



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जानकारी देते हुए।

### 20 मतदान केंद्र संवेदनशील

**डीसी** ने बताया कि जिले के 621 स्थानों पर 631 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 20 मतदान केंद्र संवेदनशील श्रेणी के हैं, जिनमें चुराह विधानसभा क्षेत्र के 7, भरमौर का एक, चंबा क्षेत्र के 2, डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के 6 तथा भटियात विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केंद्र शामिल हैं जहां पर सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए गए हैं।

### 4 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मतदान

**जिला** में कुल 4 लाख 9 हजार 227 मतदाता हैं जिनमें 30 मार्च 2024 के पश्चात 8059 नए मतदाता शामिल हुए हैं। 2 लाख 6 हजार 967 पुरुष मतदाता, 2 लाख 2 हजार 258 महिला मतदाता तथा 2 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। डीसी नेने बताया कि चुराह विधानसभा क्षेत्र में 41,421 पुरुष तथा 40,331 महिला मतदाताओं सहित कुल 81,752 मतदाता हैं। भरमौर विधानसभा क्षेत्र में 41,782 पुरुष तथा 39,159 महिला मतदाताओं सहित कुल 80,941 मतदाता हैं। चंबा विधानसभा क्षेत्र में 43,553 पुरुष तथा 43,185 महिला मतदाताओं सहित कुल 86,738 मतदाता हैं। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में 39,430 पुरुष, 38,817 महिला मतदाता तथा 2 थर्ड जेंडर सहित कुल 78,249 मतदाता हैं। भटियात विधानसभा क्षेत्र में 40,781 पुरुष तथा 40,766 महिला मतदाताओं सहित कुल 81547 मतदाता हैं।

### स्थापित किए हैं अतिरिक्त बूथ

**डीसी** ने बताया कि ऐसे मतदान केंद्र जहां पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है में एक अतिरिक्त पोलिंग ऑफिसर लगाया गया है ताकि मतदान के दौरान मतदान केंद्र में ज्यादा भीड़ एकत्रित न हो। इसके अलावा जिला के 395 मतदान केंद्रों पर वैब कास्टिंग की सुविधा प्रदान की गई है, जिसकी निगरानी के लिए जिला मुख्यालय चंबा के एनआईसी में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है ताकि वेबकास्टिंग से संबंधित मतदान केंद्रों की निगरानी की जा सके। मतदान प्रक्रिया के दौरान बेहतर संचार व संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय के अतिरिक्त प्रत्येक उपमंडल मुख्यालय स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। चुराह के लिए तीसा में, भरमौर के अंतर्गत मिनी सचिवालय भवन में तथा पांगी के लिए परियोजना अधिकारी आईटीडीपी किलाड़ के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। चंबा, डलहौजी तथा भटियात में उपमंडलाधिकारी (ना) के कार्यालयों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

### सुरक्षा के किए पूरे प्रबंध

**पुलिस** अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि सभी प्रबंध पूरे किए गए हैं। जिले में पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों की चार टुकड़ियां तथा हिमाचल होमगार्ड की एक टुकड़ी भी लगाई गई है।

### भरमौर, भटियात व डलहौजी की ईवीएम 2 को पहुंचेंगी स्ट्रांग रूम

**डीसी**ने बताया कि मतदान समाप्त होने के पश्चात चंबा तथा चुराह के मतदान केन्द्रों की ईवीएम उसी दिन देर शाम तक सरोल स्थित बहुतकनीकी संस्थान भवन में बने स्ट्रांग रूम में पहुंच जाएंगी। जबकि भरमौर, भटियात तथा डलहौजी विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम 2 जून को प्रातः 10:00 बजे तक स्ट्रांग रूम में पहुंचेगी।

### शराब की बिक्री पर पाबंदी

मतदान समाप्ति समय से 48 घंटों पहले यानी 30 मई 2024 को शाम 6:00 बजे से एक जून 2024 को शाम 6:00 बजे तक जिला में शराब के ठेकों तथा बीयर बार इत्यादि पर शराब की बिक्री व वितरण पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी, वहीं 4 जून को मतगणना के दिन भी ड्राई डे रहेगा।

# डीसी ने मतदान केंद्रों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा






(ऊपर व नीचे) दौरे के दौरान डीसी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने आज जिला मुख्यालय चंबा में स्थापित तीन मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने इस दौरान महिला मतदान अधिकारियों द्वारा संचालित राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में स्थापित आदर्श मतदान केंद्र 53- सुराड़ा, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में स्थापित मतदान केंद्र 54- चौतड़ा का निरीक्षण किया।

मुकेश रेपसवाल ने इसके पश्चात भूरी सिंह संग्रहालय में स्थापित दो आदर्श मतदान केंद्रों 57-चौगान-1 तथा पीडब्ल्यूडी मतदान अधिकारियों द्वारा संचालित 58- चौगान-2 में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# डीसी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय परिसर में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी को लेकर शपथ का आयोजन किया गया।



शपथ लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलवाई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# चुनाव आयोग को नहीं रहा बीमार मतदाताओं का ध्यान

**एमएम डैनियल, चंबा**

एक ओर जहां देशभर में चुनाव आयोग मतदाताओं को पंजीकृत कर यह सुनिश्चित करना चाहता है कि हर मतदाता मतदान करें। वहीं देश के हर राज्य में वह हर जिला में एक ऐसा तबका है जो हर बार चुनावों में मतदान करने के अधिकार से वंचित रह जाता है। मौजूदा समय में देश में हर राज्य के प्रत्येक जिला में जिला मेडिकल कॉलेज, क्षेत्रीय स्तर पर चिकित्सालय सरकार ने खोल रखे हैं।

> **चुनाव प्रक्रिया में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य से चूक जाता है आयोग**

जहां पर हजारों लाखों की संख्या में सरकार मरीज को निशुल्क उपचार तो मुहैया करवा रही है, लेकिन चिकित्सालय में दाखिल रोगियों के मतदान के अधिकार को न तो सरकार न ही भारत चुनाव आयोग सुनिश्चित कर पा रहा है, जिससे हर बार लोकतंत्र चुनाव प्रक्रिया में शत-प्रतिशत आकंड़े लक्ष्य का दावा करने वाला भारत चुनाव आयोग लक्ष्य से चूक जाता है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

### अस्पताओं में भर्ती रोगी नहीं कर पाएंगे मतदान

**लोकसभा** चुनाव में भारत चुनाव आयोग द्वारा के विशेष इंतजाम भी किए गए हैं, जिसमें आयोग द्वारा 75 फीसदी मतदान करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव सहित 6 विस क्षेत्रों से निष्कासित विधायकों के चुनाव क्षेत्रों में विधानसभा उपचुनाव भी होना सुनिश्चित हुए हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को विशेष व्यवस्थाएं करनी पड़ी है। इसके अतिरिक्त वृद्ध मतदाता, विकलांग मतदाता के मतदान के लिए विशेष व्यवस्था करने सहित हर विधानसभा क्षेत्र में मॉडल मतदान केंद्र तक स्थापित करने के तैयारियां की जा रही है। लेकिन इंतजामों के बावजूद भी चुनाव आयोग सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सालय में भर्ती उन रोगी मतदाताओं को भूल गया जिन्हें मतदान करने का अधिकार तो है मगर बीमारी के कारण उनके पास ऐसा कोई मतदान केंद्र विद्यमान नहीं है। जहां वह बैलेट से या फिर सीधा मतदान कर पाएं ।

हर बार चुनाव आयोग से जुड़े अधिकारियों का एक ही तर्क रहता है कि फिलहाल आयोग के पास भी ऐसा कोई विकल्प नहीं है। जिससे वह अतिशीघ्र लागू कर चिकित्सालय में भर्ती रोगियों के लिए मतदान की कोई व्यवस्था कर सकें। हालांकि आयोग अधिकारी द्वारा यह भी दावा किया जा रहा है कि निकट भविष्य में मतदान के 100 फीसदी ग्राफ को छूने के तहत ऐसे कई आयाम देश में स्थापित किए जा सकते हैं। मगर इस बार फिर हिमाचल प्रदेश राज्य सहित देश के अन्य राज्यों में सरकारी व गैर-सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, क्षेत्रीय, उपमंडल स्तरीय व क्लीनिकों में चुनाव/मतदान के दौरान भर्ती रोगी मतदान नहीं कर पाएंगे।



> सरकारी विभाग गैर सरकारी चिकित्सालय में भर्ती मतदाताओं के मतदान करने का मसाला काफी चिंतन व मंथन करने योग्य है। फिर भी इस दिशा में भारत आयोग से पत्राचार कर निकट भविष्य के लिए कोई न कोई विकल्प निकालने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल वित्त लोस चुनाव के तहत भारत चुनाव आयोग से कोई गाइडलाइन नहीं मिली है। जिसके चलते रोगियों के लिए विशेष मतदान व्यवस्था करवाई जा सकें।
> **-मुकेश रेपसवाल, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन आयोग, चंबा।**

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पंचायत प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

विधायक नीरज नैयर के आवास पर पंचायतों के प्रधानों व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों स्वेच्छा से भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी स्वयं सदैव जनता के हितैषी रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत साहो, रजिंडू व सराहन के लोगों ने उनके पिता पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. सागर चंद नैयर को सदैव अपना सहयोग एवं समर्थन प्रदान किया है।




विधायक के आवास पर कांग्रेस सदस्यता ग्रहण करते पंचायत प्रतिनिधि व अन्य।

वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. सागर चंद नैयर ने भी उक्त क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए अपने कार्यकाल में हर संभव सहायता व कार्य किए है। उनका भी प्रयास है कि जो तालमेल उनके पिता ने इस क्षेत्र वासियों के लोगों के साथ स्थापित किए है उसे ओर भी आगे बढ़ाए। उन्होंने तमाम पंचायत साहो, रजिंडू व सराहन के प्रतिनिधियों व लोगों का वह कांग्रेस परिवार में शामिल होने पर स्वागत ही नहीं करते है बल्कि विश्वास दिलवाते है कि उन्हें पूर्ण सम्मान प्रदान करने सहित उनके क्षेत्र के विकास कार्यो को करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शेष भाजपा की नीतियों से लेकर करनी कथनी में आम जनता गत दस वर्षों में अंतर जान ही चुकी है कि जुमलों से देश व प्रदेश का विकास नहीं होता है।

भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी सदस्यता ग्रहण करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों में ग्राम पंचायत साहो पूर्व प्रधान ओम प्रकाश व रजिंडू पंचायत के वर्तमान प्रधान जोगिंदर कुमार, सराहन पंचायत प्रधान पवन कुमार, पूर्व बार्ड मेंबर साहो पंचायत लाल हुसैन विजय सोनी लालू सहित उक्त पंचायतों के कई लोग शामिल है। कांग्रेस सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात ग्राम पंचायत साहो पूर्व प्रधान ओम प्रकाश ने कहा कि भाजपा की दमनकारी नीतियों से तंग आ कर स्वेच्छा समस्त लोगों ने भाजपा छोड़ी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा बैठकों, मंचों में कहा कुछ जाता है और जमीनी स्तर पर किया कुछ ओर जाता है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि पंचायतों व गांवों से जुड़े है, जिसके चलते लोगों का उन पर विश्वास और आस रहती है। जिसकी कसौटी में भाजपा खरी नहीं उतर रही थी जिसके चलते उन्होंने व उनके साथियों ने भाजपा को छोड़ कांग्रेस पार्टी को ग्रहण किया है।

## तंबाकू से दूर रहने की दिलाई शपथ

**धर्मशाला ।** जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग विश्व तंबाकू निषेध दिवस जोनल अस्पताल कांगड़ा में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर वंदना ने अस्पताल में जन साधारण को तंबाकू निषेध की प्रतिज्ञा दिलवाई साथ ही लोगों को तंबाकू का सेवन करने से रोकने और इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से दुनिया में हर साल 80 लाख से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो जाती है। उन्होंने बताया कि इस साल तंबाकू निषेध दिवस की थीम है, बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना इसके तहत लोगों तक यह संदेश पहुंचा जाए कि बच्चों को तंबाकू की फैक्टरी में काम न कराया जाए।

# बिजली की आंख-मिचौनी से उपभोक्ता परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मुख्यलाय के विद्युत उपभोक्ताओं में विद्युत आंख-मिचौनी का दर्द एक लंबे अर्से से सहन कर रहे है। क्षेत्र ग्रामीणों का विद्युत बोर्ड चंबा पर आरोप है कि दिन के समय बोर्ड द्वारा सुबह-शाम अघोषित कट लगाने का नया सिलसिला पिछले कुछ दिनों से आरंभ कर रखा है। हालांकि उपभोक्ताओं द्वारा इस दिशा में विद्युत बोर्ड कर्मियों व अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी बोर्ड ने कोई सुधारात्मक कदम नहीं उठ पाए है। जिसके चलते उपभोक्ताओं में बोर्ड के प्रति गहरा रोष पनप रहा है।

शहर विद्युत उपभोक्ताओं में अनिश कुमार, सरना राम, रवि कुमार, अनुज कुमार, छविन्द्र कुमार, अविनाश, मनोज, राजदीन, राकेश कुमार, सुरेश, प्रवीण, अजय कुमार, सूरज, विनोद, संजय सिंह, राम लाल, सुदर्शन, भाग चंद, कुमार, अभिषेक, गौरी, अर्चना, संगीता, कल्पना, रानी, सरोज, आशा आदि का कहना है कि महीनें में गिने-चुने दिनों में ही विद्युत सप्लाई व्यवस्था सुदृढ़ रहती है। जबकि बारिश के दिनों से लेकर हल्की हवा का झौंका आने पर भी यहां हालात ऐसे है कि क्षेत्र की विद्युत गुल हो जाती है।



वहीं कुछ दिनों से उचित विद्युत व्यवस्था देने के नाम पर बोर्ड द्वारा सुबह शाम अघोषित विद्युत कट लगाए जा रहे है। जिसके स्थायी समाधान के लिए कई मर्तबा बार उपभोक्ताओं ने बोर्ड अधिकारियों व कर्मियों से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन हर बार अधिकारियों की ओर से उपभोक्ताओं को आश्वासन अधिक प्राप्त हुए है। जबकि समस्या समाधान के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठ पाए है।

## सूडोकु 0080

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0079 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

1 जून, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** नवमीः (7:26) : **नक्षत्र :** उत्तरा (3:16), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** प्रीति (3:09) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:46), **राहुकाल** (8:51 -10:35।

### विशेष दिन

- 1 जून, 2024 : बाल सुरक्षा दिवस आज।
- 2 जून 2024 : आज समाप्त होंगे पंचक।

**मेषः** व्यावसायिक और सामाजिक दायरे में सम्मान और प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए अनुकूल है। जीवन आरामदायक और शांतिपूर्ण रहेगा।

**वृषभः**आपका परिवारिक जीवन आनंदमय और आरामदायक होगा। आप में से कुछ विलासिता पर खर्च करेंगे, जो आपकी सामाजिक स्थिति को बढ़ाएंगे।

**मिथुनः** नौकरीपेशा लोगों को आज अधिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। आज त्वरित पैसा बनाने की योजनाओं या आकर्षक प्रस्तावों से दूर रहना बेहतर है।

**कर्क :** छात्रों और श्रमिक वर्ग के लिए आज का दिन शुभ नहीं है किन्तु आपको अपने लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं की प्राप्ति के प्रति गतिशील रहने चाहिए।

**सिंहः** प्रेमपूर्ण संपर्क यदि कोई हो तो यह एक बुरा मोड़ ले सकता है और आप में से कुछ लोग बदनामी और अपमान का शिकार हो सकते हैं।

**कन्या :** आर्थिक स्थिति शुभ रहेगी। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देंगे। रोमांटिक संपर्क के मामले में भाग्यशाली रहेंगे।

**तुलाः** सामाजिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल समय है। विवाह के लिए रिश्ता आ सकता है। आपका साथी कुछ मुद्दों को विकसित कर सकता है।

**वृश्चिकः** भावनात्मक फैसलों के लिए समय बहुत अच्छा नहीं है क्योंकि इस अवधि में जो भी निर्णय लेंगे, उसे पूरा करना मुश्किल होगा। साहस को बटोरें तथा समय का अधिकतम लाभ उठाएं।

**धनु :** रिश्तों और संबंधों पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकारी नौकरी की चाह रखने वालों के लिए समय अच्छा है। व्यापारियों के लिए समय अनुकूल है।

**मकरः** आपके लिए बाधाओं और मुश्किल से निपटने के लिए एक कठिन समय है। आज कार्य स्थल पर दूसरों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने से बचें।

**कुंभ :** प्रियजनों के साथ समय बिताना आनंददायक रहेगा। भाई-बहनों की सामाजिक स्थिति में अप्रत्याशित और अचानक वृद्धि होगी। प्रेमी युगलों के लिए आज का दिन शुभ नहीं है।

**मीनः** परिवारिक जीवन में खुशी और सद्भाव कायम रहेगा। नौकरीपेशा जातकों के लिए अच्छा समय है। कानूनी उलझनों, वाहनों और तेज वस्तुओं से सावधान रहें।

# हरित मतदान केंद्र मतदाताओं के लिए बनेंगे आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

ग्रीन मतदान केंद्र न केवल मतदाताओं को आकर्षित करेंगे बल्कि मतदाताओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देगें। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने देते हुए बताया कि इससे मतदाताओं की चुनावों में शत प्रतिशत भागीदारी भी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने बताया कि मंडी जिला के 10 विधानसभा क्षेत्र में एक-एक पर्यावरण अनुकूल ग्रीन मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र 'वन हैं तो हम हैं' तथा मतदाता लोकतंत्र के 'प्राण वायु' थीम पर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों को पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से सुसज्जित किया गया है। बताया कि हरित मतदान केंद्रों में किसी भी प्रकार के प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि हरित मतदान केंद्र को स्थापित करने का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा अधिक से अधिक लोगों को मतदान हेतु आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए मिट्टी के घड़े तथा गिलास की व्यवस्था भी होगी ताकि मतदाताओं को प्राकृतिक ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके।

मतदाताओं के स्वागत के लिए हरे पत्तों के स्वागत द्वार, ग्रीन कारपेट के अतिरिक्त दोनों तरफ फूल पौधे भी रखे गए हैं। वहीं मतदान केंद्रों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता पैदा करने के लिए दीवारों पर हरे रंग से क्लीन अर्थ, ग्रीन अर्थ के संदेश भी अंकित किए गए हैं।

## पौधरोपण कर लोगों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पौधरोपण अभियान के तहत पौधा रोपित करते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एनएचपीसी पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-दो की ओर से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

परियोजना की ओर से आयोजित किए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के तहत शुक्रवार को परियोजना के महाप्रबंधक साजन मोइददीन ने पार्वती कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

## वनाग्नि | आग से कई पक्षियों व जीवों की अनेक प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर

# जंगलों को शरारती तत्व कर रहे आग के हवाले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा के विभिन्न क्षेत्रों में शरारती तत्वों द्वारा लाखों रुपए की वनसंपदा को आग लगा कर जहां नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वहीं शरारती तत्वों की इस हरकत से कई पक्षियों व जीवों की अनेकों प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंचती जा रही है, लेकिन वन विभाग द्वारा इन आग की घटनाओं को रोकने के वनों में अधिकारियों व वन रक्षकों टीमों को तैनात कर उन से ही जवाब तलबी हर वर्ष की जाती है। लेकिन आग लगाने वाले शरारती तत्वों पर ठोस कार्रवाई और न ही वनों को आग से बचाने के लिए कोई व्यापक इंतजाम किए जा रहे है।

गौर हो कि चंबा में जंगलों की आग शांत होने का नाम नहीं ले रही है। जिले में एक के बाद एक जंगल में आग लग रही है। जिसके चलते गत वर्ष भी वन विभाग ने जिला के विभिन्न वन बीटों में आग लगने पर 10 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें वन क्षेत्र फील्ड अधिकारियों पर जवाब तलबी तो हुई, लेकिन आग लगाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं जा सकी। ऐसा ही आलम बुधवार देर सांयकाल बटालुआ वप क्षेत्र को जहां शरारती तत्वों ने आग हवाले कर दिया।



जंगल में लगी हुई आग।

वहीं वीरवार को चंबा शहर के साथ लगते सुराड़ा के जंगल में आग लगा दी गई। हालांकि सूचना मिलने पर वन विभाग व अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग टीम के साथ मिलकर आग को एतिहासिक सूही मंदिर तक पहुंचने से पहले बुझा दिया। स्थानीय निवासी, मनोज कुमार, देश राज, प्यार सिंह, रूप सिंह, चंद राम, धर्मपाल, राकेश, किशोर, जय सिंह ने बताया कि चंबा में हर वर्ष जंगल की आग से लाखों रुपये की वन संपदा राख होती है। उन्होंने मांग की है कि जंगल में आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### आग लगाने वालों पर होगी कार्रवाई

**अभिलाष** दामोदरण मुख्य अरण्य पाल विभाग चंबा का कहना है कि जंगलों में आग लगाने वाले शरारती तत्वों की धड़पकड़ के लिए विभाग ने अभियान छेड़ा है।

जबकि वनों को आग से बचाने के लिए वन परिक्षेत्रों में फायर लाइन बिछाने व पानी के टैंक बनाने की योजना तैयार की जा रही है। कुछ क्षेत्रों में इस योजना पर कार्य ट्रायल बेस पर आरंभ किया जा चुका है।

## न्यूज ब्रीफ

### बर्फ में फंसे 3500 पर्यटक किए रेस्क्यू

**मनाली।** समुद्रतल से 13050 की ऊंचाई पर स्थित रोहतांग दर्रे में बर्फबारी होने के कारण हजारों पर्यटक वीरवार शाम फंस गए। इसके बाद लगभग 500 पर्यटक वाहन, जिनमें करीब 3500 पर्यटकों को मनाली पुलिस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित निकाला। डीएसपी केडी शर्मा ने स्वयं रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी की। रोहतांग दर्रा के लिए हर रोज 1200 पर्यटक वाहन जा रहे हैं। वीरवार शाम रोहतांग में बर्फबारी हुई, जिससे पर्यटकों ने बर्फ के फाहों के बीच जमकर मस्ती की। शाम को जब लौटने लगे, तो सड़क पर पांच से आठ सेंमी बर्फ की परत जम गई। इस कारण वाहन बर्फ पर फिसलने लगे। फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए डीएसपी मनाली केडी शर्मा की अगुवाई में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

### स्वयंसेवी विभिन्न मतदान केंद्रों पर देंगे सेवाएं

**आनी।** शनिवार को आयोजित होने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पीएम श्री राजकीय राजमाता शांति देवी आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निरमड़ के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी विभिन्न मतदान केंद्र पर अपनी सेवाएं देंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई निरमंड के कार्यक्रम अधिकारी रवि शर्मा और डॉ. बबीता कश्यप ने बताया कि निरमंड स्कूल में अध्ययन करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी को मतदान केंद्र पर सेवा देने के लिए तैयार कर दिया है।

### तेजा को दूसरी बार कुल्लू बार एसोसिएशन की कमान

**कुल्लू।** बार एसोसिएशन कुल्लू के चुनाव बार एसोसिएशन कुल्लू सभागार में संपन्न हुए। इस चुनाव में तेजा ठाकुर को एक बार फिर से प्रधान पद की कमान सौंपी गई। चुनाव के दौरान तेजा को सर्व सम्मति से प्रधान चुना गया। बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं व पदाधिकारियों ने उन्हें समर्थन दिया। हालांकि पहले एक अन्य अधिवक्ता ने भी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा था, परंतु बाद में उसने तेजा के पक्ष में नाम वापस लिया और तेजा को बार एसोसिएशन की कमान सौंपी गई, जबकि इसके अलावा उदय नेगी वरिष्ठ उपप्रधान, नीतीश नेगी सचिव, नीतीश कश्यप जूनियर उपप्रधान, रमेश बिष्ट को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# दुल्हन की तरह सजा विश्व का सबसे ऊंचा पोलिंग स्टेशन टशीगंग

## पारंपरिक परिधान पहनकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे मतदाता, ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी भी पहनेंगे लाहौली परिधान

**कमलेश वर्मा, काजा**

मंडी लोकसभा चुनाव और लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर रविवार को मतदान होंगे। मतदान को लेकर विश्व का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र तैयार है। इस मतदान केंद्र को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

यहां पर पोलिंग कर्मी पारंपरिक परिधान में वोटरों का स्वागत करेंगे और शत-प्रतिशत पोलिंग सुनिश्चित करेंगे। टशीगंग के सभी 62 मतदाता हैं। सभी पारंपरिक परिधान में मतदान कर इस खूबसूरत घड़ी का गवाह बनेंगे। इससे पहले स्पीति के ही हिक्किम को दुनिया का सबसे ऊंचा पोलिंग बूथ माना जाता था, जो कि 14,567 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। 2019 में यह दर्जा 15256 फुट की ऊंचाई पर स्थित टशीगंग को मिला है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि रविवार को होने जा रहे मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी मतदाताओं से आग्रह है कि मतदान में सभी बढ़-चढ़कर भाग लें। दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी इस केंद्र पर मतदाताओं के लिए की गई है। पोलिंग पार्टी पारंपरिक वेशभूषा में चुनावी ड्यूटी देंगी। उन्होंने बताया कि सुबह सात से लेकर शाम 6 बजे तक मतदान होगा। (अनंत ज्ञान)



टशीगंग मतदान केंद्र।



### स्पीति में 29 मतदान केंद्र

**स्पीति** में कुल 29 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। स्पीति में कुल 8514 मतदाता हैं, जिसमें 4366 पुरुष मतदाता और 4148 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या अग्रलिखित है। लोसर 373, क्यामो 115, हंसा 323, हल 321, खुरिक 252, रंगरीक 500 चीचम 289, किब्बर 328, टशीगंग 62, कीह 213, हिक्कम 219, लांगचा 151, काजा 827, क्यूलिंग 167, लिदांग 248, डेमुल 272, लालुंग 410, ग्यू 177, हुर्लिंग 128, ताबो 516, पोह 337, धंखर 305, माने योंग्मा 404, गुलिंग 559, तंगती योंग्मा 165, सगनम 350, मूद 16, खर 112 और तेलिंग में 222 मतदाता हैं।

### टशीगंग में कुल 62 मतदाता

**विश्व** के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में कुल 62 मतदाता हैं। इसमें 37 पुरुष मतदाता और 25 महिला मतदाता हैं। 15,256 फुट की ऊंचाई पर स्थित टशीगंग मतदान केंद्र को वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान आसान बनाने के लिए आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया गया है। टशीगंग मतदान केंद्र इसलिए खास है क्योंकि यह दुनिया का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है।

# कुल्लू में 3 लाख 34 हजार 959 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

- एक लाख 69535 पुरुष और एक लाख 65 हजार 423 महिला मतदाता शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले में मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस रवीश ने बताया कि जिले के सभी 575 स्थान पर मतदान केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं।

सभी पोलिंग पार्टियां गत रात्रि तक अपने-अपने गंतव्य में पहुंच गई थी और शुक्रवार दोपहर तक सभी मतदान केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में एक जून को 3 लाख 34 हजार 959 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें एक लाख 69535 पुरुष मतदाता तथा एक लाख 65 हजार 423 महिला मतदाता शामिल हैं। जिले की मनाली विधानसभा क्षेत्र में 75652 मतदाता हैं, जिनमें 38 हजार 33 पुरुष तथा 37 हजार 619 महिला मतदाता; कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में 47035 पुरुष तथा 46199 महिला मतदाता; बंजार विधानसभा क्षेत्र में 38824 पुरुष और 37575 महिला मतदाता तथा आनी विधानसभा क्षेत्र में 45643 पुरुष तथा 44030 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान प्रात: सात बजे से सायं 6 बजे तक होगा। जिले में कुल 8 मतदान केंद्र पूर्ण रूप से महिला संचालित तथा 4 युवा संचालित मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# मनाली में अंडरग्राउंड गारमेंट स्टोर जला, दो लाख का सामान राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



पर्यटन नगरी मनाली में एक अंडरग्राउंड गारमेंट स्टोर में आग लग गई, जिसमें स्टोर मालिक को करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। यह घटना मध्यरात्रि को हुई। हालांकि आग की घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन स्टोर में समान जल गया। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दमकल विभाग के अधिकारियों की माने तो वीरवार मध्यरात्रि मनाली में माल रोड के समीप स्थित गोविंद कांप्लेक्स के गारमेंट स्टोर में अचानक आग लग गई, जिसकी सूचना दमकल केंद्र में लगभग 1:15 पर मिली। जानकारी मिलने के बाद दमकल वाहन टीम के साथ मौके पर पहुंचा और कर्मचारियों ने लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लगभग सवा एक घंटे में आग पर नियंत्रण पाया गया। अग्निशमन केंद्र के प्रभारी सरनपत ने बताया कि आग से लगभग दो लाख का सामान जलकर राख हो गया। एक करोड़ की संपत्ति को बचाया गया है।

### भूतनाथ मंदिर के समीप जला टेंपो

उधर, भूतनाथ मंदिर के समीप वीरवार रात को नगर परिषद के टेंपो में आग लग गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन अधिकारी सरनपत ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

# लाहौल में 25, 273 मतदाता करेंगे मत का प्रयोग

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, केलांग**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि लाहौल-स्पीति में 25 हजार 273 मतदाता आज अपने मत का प्रयोग करेंगे। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के 92 मतदान केंद्रों में मतदान पार्टियां सुरक्षित पहुंच गई हैं और वोटिंग कंपार्टमेंट स्थापित करने सहित सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं, सुबह सात से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।



लोकसभा निर्वाचन-2024 व विधानसभा उपचुनाव के लिए एक जून को मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 12 अन्य दस्तावेजों में से किसी एक को अपने पहचान पत्र के रूप में मतदान के समय प्रस्तुत करने को अधिकृत किया है। राहुल ने जिलावासियों से आग्रह किया कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन को लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रतिशतता को भी आगे बढ़ाएं। लाहौल-स्पीति के 25 हजार 273 मतदाताओं में 12 हजार 605 पुरुष व महिला मतदाता 12 हजार 668 अपने मत का प्रयोग करेंगी। जिले में महिला संचालित 4 मतदान केंद्र व मॉडल पोलिंग स्टेशनों की संख्या 4 है। 41 मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की गई है, जिसमें लाहौल के 29 व स्पीति के 12 मतदान केंद्र शामिल हैं। विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में भी 62 मतदाता हैं, जिन्हें स्वीप गतिविधियों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए भी प्रेरित किया गया है। जिले के टशीगंग व ग्यु मतदान केंद्र क्रिटिकल चिन्हित किए गए हैं व ग्रीन पोलिंग स्टेशन सिस्सू को शामिल किया गया है।

### कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**कुल्लू।** लोकसभा चुनाव-2024 सहित लोकतंत्र के समस्त चुनाव में अपना विवेकपूर्ण मतदान करने तथा लोकतंत्र मत प्रतिशत में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से भारत के लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, मूल,वंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

### डीसी ने किया मतदान व मतगणना केंद्रों का निरीक्षण

**कुल्लू।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरूल एस रवीश ने मतदान व मतगणना केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। डीसी ने डिग्री कॉलेज कुल्लू में स्थापित मतदान केंद्र व मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान के कार्य में तैनात पोलिंग पार्टियों से भी बातचीत की। डीसी ने एक जून को होने वाले मतदान के लिए की गई तैयारीयों का जायजा लिया तथा मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान करने के निर्देश दिए। डीसी ने स्ट्रांग रूम पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल बूथ स्थापित कर आवश्यक दवाओं सहित एंबुलेंस को भी तैनात रखने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि बिजली की व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए 125 केवी का पावर बैकअप की व्यवस्था की गई है। उन्होंने इंटरनेट कनेक्टिविटी सहित आवश्यक स्थान पर वीडियो कैमरा स्थापित करने के भी निर्देश दिए।



# केलंग में जागरूकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जागरूकता रथ को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलंग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में लोकसभा निर्वाचन व विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं की मत प्रतिशतता को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ाने के लिए जागरूकता रथ को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार ने डीसी कार्यालय परिसर केलंग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह जागरूकता रथ लाहौल के विभिन्न पंचायत में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार ने कहा कि जिले में इस मर्तबा लोकसभा निर्वाचन व विधानसभा उपचुनाव में मत प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि एक जून को लोकतंत्र के महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता सुनिश्चित बनाएं।

# तंबाकू के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढालपुर में मानवीय कल्याण संस्था द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्यातिथि के रूप में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सत्यव्रत वैद्य और डॉ. अशोक कुमार, एजीम मलाणा पावर कंपनी मानवीय कल्याण संस्था के निदेशक दीपक शर्मा एवं बोर्ड के सदस्य ईश्वर कटोच भी मौजूद रहे। स्कूल के प्रबंधक निदेशक सुरेश कुमार ने सभी का टोपी और शॉल से भेंट कर स्वागत किया। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सत्यव्रत वैद्य नें बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से संवाद किया और बच्चों के मन में उठ रहे तरह-तरह के प्रश्नों का भी उत्तर दिया। मलाणा पावर कंपनी के एजीएम अशोक ने तंबाकू निषेध दिवस पर स्कूल द्वारा की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम दिए। भाषण प्रतियोगिता की प्रथम विजेता कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से देवांशी, सक्षम 11वीं विज्ञान संकाय से द्वितीय स्थान और आरव कक्षा दसवीं से तृतीय स्थान पर रहे।



अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर स्कूल में स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

### महादेव मंदिर में आज से धार्मिक कार्यक्रम

**आनी।** शमशरी महादेव मंदिर कराणा में एक से तीन जून तक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

यहां मंदिर में बीते वर्ष श्रीमद्भागवत पुराण का आयोजन हुआ था, जिसके एक साल पूरा होने पर श्रीमद्भागवत पुराण की वर्षगांठ मनाई जाएगी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ताराचंद शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत पुराण की वर्षगांठ एक से तीन जून तक आयोजित होगी। तीन दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के आराध्य शमशरी महादेव सहित अन्य देवी देवता भी शिरकत करेंगे। तीन दिनों तक मंदिर में हवन-पाठ होंगे।

# बंजार अस्पताल में चिकित्सकों की कमी

**शीला कौल, बंजार**

कुल्लू जिले के उपमंडल बंजार स्थित नागरिक अस्पताल बंजार में चिकित्सकों की कमी के कारण घाटीवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अस्पताल में चिकित्सकों के छह पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें दो पद रिक्त चल रहे हैं।

अस्पताल में पर्याप्त संख्या में चिकित्सक न होने के कारण मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण मरीजों के साथ तीमारदारों को परेशान होना पड़ रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती न होने के कारण आपात स्थिति में मरीजों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू या मेडिकल कॉलेजों के लिए रेफर किया जा रहा है, जो घाटी की जनता के लिए परेशानी बना हुआ है। अस्पताल में चार विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात हैं, लेकिन इनमें एक ही चिकित्सक विशेषज्ञ है। ऐसे में बंजार की जनता को विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी खल रही है। सबसे अधिक परेशानी तीमारदारों के समक्ष तब खड़ी हो जाती है, जब उन्हें मरीजों को आपातकालीन स्थिति में उपचार के लिए लाना पड़ता है। खासकर हादसों का शिकार हुए मरीजों को सीधे रेफर कर दिया जाता है, जो परेशानी को बढ़ा देता है। तीमारदार सोनाक्षी, निर्मला, अंशुला, मोहित, सेसराम, दौलत राम ने कहा कि नागरिक अस्पताल बंजार में विशेषज्ञ चिकित्सक न होना बड़ी दिक्कत है। बार-बार स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और सरकार के समक्ष मुद्दा उठाने पर भी बंजार की जनता का दर्द कोई समझ नहीं रहा है। इस संबंध में विधानसभा क्षेत्र बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि पूर्व में भाजपा सरकार ने अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति की थी, लेकिन सरकार बदलने पर कांग्रेस ने चिकित्सकों की तैनाती में कटौती की है। बंजार की जनता के दर्द को समझते हुए सरकार विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करवाएं। (अनंत ज्ञान)


बंजार अस्पताल।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



### आज की बेटियां कामयाबी के शिखर को छू रहीं


प्रियंका बौद्ध, निवासी गोहरमा जिला लाहौल-स्पीति।

बेटियों पर विश्वास और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के कारण ही आज की बेटियां कामयाबी के शिखर को छू रही हैं। आज के समय में बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा सहयोग उनके माता-पिता से ही मिल रहा है। हर माता-पिता अपनी बेटियों को आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं, ताकि उन्हें जिंदगी भर कभी भी किसी पर निर्भर न रहना पड़े। इसके साथ माता-पिता के द्वारा सहयोग और उचित मार्ग दर्शन के कारण ही आज बेटियां आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर होती जा रही हैं। शिक्षित बेटियां अपने लिए खुद ही उचित करियर का चुनाव भी करती हैं और अपने भविष्य को भी सुरक्षित करती हैं, जिस कारण वे हर क्षेत्र में अव्वल रह कर दूसरों के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

# उचित मार्गदर्शन से बेटियां हो रहीं आर्थिक रूप से सक्षम और आत्मनिर्भर

*पिछले 10-12 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में जिस तरह से बेटियों ने सफलता के झंडे गाड़े हैं, वह इस बात का सबूत है कि बेटियों को अपने घर परिवार में बहुत ही अच्छा वातावरण दिया जा रहा है। जहां पर बेटियों ने शिक्षा के बल अपने और अपने अभिभावकों के सपने को साकार किया है। बेटियों को भी एक पौधे की भांति अच्छी देखभाल, अच्छा वातावरण और फलने फूलने का मौका देने की जरूरत है। एक समय ऐसा भी था, जब बेटियों को शिक्षा से महरूम रखा जाता था और न ही बेटियों के हुनर को कभी सराहा जाता था, आज की बेटियां बचपन से ही अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसी दिशा में प्रयास कर सफलता हासिल कर रही हैं। बेटियों को आज के जमाने में सबसे ज्यादा सहयोग अपने अभिभावकों से मिल रहा है क्योंकि वे जानते हैं कि उनके बच्चों के लिए क्या सही है और क्या गलत। आज के समय में जहां पर अभिभावक अपने बच्चों को लेकर जागरूक हैं, वहीं बच्चे भी अपने भविष्य को लेकर पहले से ही जागरूक हैं। इन्हीं सब विषयों पर आज के जमाने की युवतियों के विचारों से परिचित होते हैं और राय समझने का प्रयास करते हैं।*

*सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू*

### माता-पिता का विश्वास आज की बेटियों पर ज्यादा

मैं मानती हूं कि आज की बेटी जब शिक्षा के क्षेत्र में पूरे विश्व में सफलता के झंडे गाड़ने में सफल हो रही हैं, तो कहीं न कहीं इसके पीछे उनकी मेहनत और लगन है और साथ ही खुद को साबित करने की धुन। वक्त के बदलने के साथ माता-पिता का विश्वास आज की बेटियों पर ज्यादा है क्योंकि बेटियां अपनी मेहनत और लगन से सभी का दिल जीत सकती हैं और माता-पिता के सहयोग से ही आज जिस तरह से बेटियों ने शिक्षा, कला, विज्ञान, राजनीति और साहित्य में कामयाबी हासिल की है, उसके पीछे माता-पिता का विश्वास ढाल बन कर खड़ा है, जो हर पल बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आज माता-पिता अपने बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं इसलिए शुरू से बच्चों को वैसा ही वातावरण देते हैं। माता-पिता के द्वारा दी जाने वाली आजादी कहीं न कहीं माता-पिता के द्वारा किया जाना विश्वास है, जिस कारण माता-पिता को लगता है उनके द्वारा दी गई आजादी का गलत फायदा नहीं उठाया जाएगा।


हिशे डोलमा, निवासी रंगरिक जिला लाहौल-स्पीति।

### माता-पिता के सहयोग के बिना मुमकिन नहीं

मुझे लगता है कि जब से बेटियों पर विश्वास बढ़ा है, तब से बेटियों ने इतिहास रचना शुरू कर दिया है और हर क्षेत्र में कामयाबी की एक नई कहानी लिख रही हैं। आज हर बेटी को परिवार से सहयोग और समर्थन की जरूरत है। बेटियों में जिस तरह से आत्मविश्वास का संचार हुआ है, वो माता-पिता के सहयोग और विश्वास के बिना मुमकिन नहीं है। माता-पिता ही बेटियों के जीवन में खूबसूरत आकार देते हैं और जब बेटियां बड़ी होती हैं, तो उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर उन्हें कुछ कर दिखाने के काबिल बनाते हैं। माता-पिता के सहयोग कारण ही आज बेटा हो या बेटी सभी जीवन के हर मोड़ पर कामयाबी के कदम चूम रही हैं। बेटा हो या बेटी माता-पिता की आज़ादी का गलत फायदा उठाना सही नहीं है अगर माता-पिता विश्वास के साथ अपने बच्चों को आजादी दे रहे हैं, तो ऐसे में बच्चों को भी उस आजादी का सम्मान करना चाहिए और कुछ ऐसा कर दिखाना चाहिए, जिससे कि समाज में सभी का नाम रोशन हो।


रोजी शर्मा, निवासी अप्पर सुल्तानपुर, जिला कुल्लू।

### आजादी के साथ आती है जिम्मेदारी भी

आज की लड़कियां शिक्षा के हर क्षेत्र में अव्वल हैं और आज के समय में पहले की तरह लड़के और लड़कियों में चलने वाला भेदभाव अब लगभग समाप्त हो चुका है। आज बेटियों को माता-पिता की तरफ से पूर्ण सहयोग मिल रहा है। इसलिए लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल होती जा रही हैं और हर तरह की सरकारी और गैर सरकारी विभाग में अच्छी से अच्छी नौकरी कर रही हैं। मैं समझती हूं कि माता-पिता के सहयोग के बिना कुछ मुमकिन नहीं है और आज के समय में माता-पिता के सहयोग से ही तो बेटियां सफल हो रही हैं और इसके पीछे जागरूक माता-पिता का हाथ और विश्वास है, जो हर तरह से अपने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाते हैं, जहां तक माता-पिता के द्वारा बच्चों को दी जाने वाले आजादी की बात है, वहां पर बेटियों को भी समझना होगा कि आजादी के साथ जिम्मेदारी भी आती है। अगर माता-पिता के द्वारा दिए गए आजादी का सदुपयोग करते हैं, तो इसमें बेटियों का ही भला निहित होता है। आजादी का दुरुपयोग सभी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है।


तृप्ता, निवासी मयाड़, जिला लाहौल-स्पीति।

## न्यूज ब्रीफ

### बिना रिकॉर्ड के कार से लाखों की नकदी बरामद

**नाहन।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आधार आचार संहिता के बीच पुलिस ने पांवटा साहिब में जांच के दौरान एक कार से लाखों रुपए की नकदी बरामद की है। चालक की ओर से कोई भी दस्तावेज न दिखाए जाने पर पुलिस ने नकदी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पांवटा साहिब-शिलाई नेशनल हाईवे-707 पर टिंबी के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान एक कार को जांच के लिए रोका गया, जब कार की तलाशी ली गई, तो उसमें से 1 लाख 5 हजार 900 रुपए की नकदी बरामद हुई। कार चालक दिनेश शर्मा पुत्र कल्याण सिंह निवासी अश्यारी, डाकघर टिंबी नकदी से संबंधित कोई भी कागजात नहीं दिखा पाया, जिस पर टीम ने नकदी को कब्जे में ले लिया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी अदिति सिंह ने बताया कि पुलिस जांच के दौरान एक वाहन से बरामद एक लाख रुपए से अधिक की नकदी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### 87 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बीबीएन।** पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत एक फर्म के साथ 87 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में बरोटीवाला के माइलस्टोन गियर के एमके श्रीवास्तव ने बताया कि विशाल गुप्ता मालिक सृष्टि एंजैसी ने जाली दस्तावेज देकर इन्हें गुमराह किया और इनकी फर्म से अपने खाते में 87 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने उक्त एंजेसी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी जांच की जा रही है।

### दाड़लाघाट कॉलेज में दिलाई मतदाता शपथ



**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में मतदाता शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षकों सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कॉलेज के शिक्षकों व कर्मचारियों ने शपथ लेते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन करने की प्रतिबद्धता दर्ज की। मतदाता शपथ कॉल्जि की कार्यवाहक प्राचार्या मार्गेट सेबेस्टियन द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर वोट देने का संकल्प लिया।

### आईटीआई में मनाया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**सोलन।** सोलन जिले के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन ने की। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू की खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत करने के लिए आयोजित एक वैश्विक अभियान है। तंबाकू से जहां व्यक्ति को शारीरिक नुकसान होता है, वहीं मानसिक रूप से भी क्षति पहुंचती है। कार्यशाला में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट वैशाली शर्मा, डीसीसी समन्वयक राधा सहित लगभग 135 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

### सीमा का 'जय बाला कामेश्वर देवा' भजन रिलीज

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट क्षेत्र की सीमा शुक्ला का 'जय बाला कामेश्वर देवा' भजन रिलीज हो गया। इस भजन को सीमा शुक्ला के ऑफिसियल यूट्यूब पर देखा जा सकता है। बता दें कि इससे पहले भी सीमा शुक्ला के कई भजन व अन्य वीडियो गाने आ चुके हैं, जिन्हें लोगों द्वारा खूब पंसद व देखा जा रहा है। जय गोविंदा, जय गोपाला, भोले की बारात, श्याम लगदा बड़ा प्यारा, भक्ति गीत तथा ढोलना, बाबु जी, ढाटू वालिए आदि गीतों को सीमा ने अपनी आवाज के जादू से निखारा है। अंकित की ओर से लिखे जय बाला कामेश्वर देवा भजन को राजेश गंधर्व और नवीन नेगी ने संगीत के मधुर स्वरों में पिरोया है।

### स्टूडेंट्स को तंबाकू के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

**सोलन।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय ओच्छघाट में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य पुनीत कौशल ने की। प्रधानाचार्य ने बच्चों को तंबाकू के बारे दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और इस की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 6 से 10+2 तक के स्टूडेंट्स ने पेंटिंग तथा स्लोगन प्रतियोगिता के द्वारा तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही बच्चों ने तंबाकू-एक धीमा जहर पर भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के अन्य अध्यापक भी मौजूद रहे। अंत में मीनू चौहान ने बच्चों से तंबाकू से दूर रहने की अपील की तथा बच्चों को इससे होने वाली बीमारियों से भी अवगत करवाया।

### संयुक्त किसान मंच भाजपा का करेगा बहिष्कार

**पांवटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश में आज होने वाले लोकसभा चुनाव में संयुक्त किसान मंच हिमाचल प्रदेश में भाजपा का बहिष्कार करेगी। पांवटा साहिब में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय किसान नेता अनिंदर सिंह नौटी ने कहा कि सयुंक्त किसान मंच जो हिमाचल के 27 किसानों संगठनों का साझा मंच है। भारतीय किसान यूनियन हिमाचल में घटक संगठन है, दोनों के वरिष्ठ सदस्य और राष्ट्रीय किसान नेता अनिंदर सिंह नौटी और उनके दर्जनों किसान साथियों की ओर से पांवटा साहिब में एक राज्य स्तरीय वार्ता को संबोधित किया गया। हिमाचल के सभी किसान संगठनों ने भाजपा के किसान बागवान विरोधी फैसलों और किसानों पर की गई बर्बरता पूर्ण कार्रवाइयों के कारण नो वोट फॉर बीजेपी अभियान फिर से चला दिया है।

# धूप से लोग हो रहे सनबर्न के शिकार

## तेज धूप से आंखों में जलन और सूजन की शिकायत, ओपीडी के बाहर लगी कतारें

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश सहित जिला मुख्यालय सोलन में भीषण गर्मी का सितम जारी है।

जिला मुख्यालय में आग उगलती तेज धूप से लोग खासकर स्कूली बच्चे सनबर्न का शिकार हो रहे हैं। इससे खासकर आंखों की जलन, स्किन बर्न, सिर दर्द और डिहाइड्रेशन को लेकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। ऐसे में लगातार सोलन अस्पताल में नेत्र रोग और जनरल ओपीडी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में इस तरह के सैकड़ों रोगी उपचार के लिए पहुंच रहे हैं, वहीं ओपीडी के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। तेज धूप और धूप में काम करने से लोग आंखों में जलन, लालपन समेत सूजन की समस्या को लेकर चिकित्सक के पास पहुंच रहे हैं। इसमें युवा ही नहीं बच्चे भी शामिल हैं। हीट वेव के चलते देखते स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। चिकित्सकों के मुताबिक बार-बार आंखों को छूने से बचना चाहिए। हालांकि उपचार के बाद से मरीज एक सप्ताह में ठीक भी हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



सोलन अस्पताल में पर्ची बनाने के लिए लगी रोगियों की लाइन।

### टाइफाइड और डायरिया के मामले भी बढ़े

मौसम की मार से लोग खासकर बच्चे और बुजुर्ग वायरल की चपेट में आ गए हैं। यही कारण है कि सोलन अस्पताल में टाइफाइड और डायरिया के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। इसमें बच्चों और बुजुर्गों की संख्या अधिक है। चिकित्सकों के मुताबिक टाइफाइड और डायरिया का उपचार नहीं होने की स्थिति में यह जानलेवा साबित हो सकता है। ऐसे में बुखार आने और डाइसेंट्री होने पर तुरंत चिकित्सा जांच और उपचार जरूरी है। अस्पताल में सर्दी- जुकाम, सर दर्द और बुखार के रोज करीब 200 रोगी पहुंच रहे हैं। इसका मुख्य कारण गर्मी बढ़ना भी है।

### धूप से बचाव और पानी का सेवन जरूरी : डॉ. अमित

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवाड़ ने कहा कि गर्मी से आंखों पर असर देखने को मिल रहा है। इससे लोगों को बचाव करने के लिए आग्रह किया है। आंखों पर बार-बार हाथ न लगाएं। साथ ही दिन में बार-बार ठंडे पानी से आंखों को धोएं, पूरी नींद लें और पौष्टिक आहार लें, चश्मा लगाकर और टोपी पहन कर धूप में निकलें, आंखों को नहीं मसले साथ ही धूल-मिट्टी से आंखों को बचाएं, सफर या देर तक बाहर रहने के बाद आंखों को आराम दें, हरी सब्जी और फल अधिक खाएं और ज्यादा पानी पीएं। डॉ. ने कहा कि अगर आंख में जलन या अन्य कुछ होने की आशंका हो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

# कांग्रेस के नेताओं ने राज्यसभा चुनाव से कुछ नहीं सीखा : प्रताप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला मीडिया सह प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के पास राज्यसभा चुनाव के दौरान अपने 43 विधायक थे और तीन निर्दलीय विधायक थे, लेकिन उसके उपरांत भी कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी राज्यसभा का चुनाव हार गए चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस पार्टी के नेताओं को भगवान राम की शक्ति का एहसास नहीं हो रहा है।



अभिषेक मनु सिंघवी राम मंदिर के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में वकील थे और उन्होंने उच्चतम न्यायालय में राम मंदिर का डटकर विरोध किया, जिसका प्रसाद भगवान राम ने उनको राज्यसभा चुनाव हरा कर दे दिया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का आशीर्वाद सदैव भाजपा के साथ है

**मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का आशीर्वाद सदैव भाजपा के साथ**

और उनके ही आशीर्वाद से नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कांग्रेस पार्टी के लोगों को राम नाम लेने से बहुत पीड़ा होती है। इसीलिए कांग्रेस मुक्त देश होने जा रहा है। बीते पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने हाथ से दो राज्य गंवा चुकी है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ अब इसके बाद हिमाचल की बारी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान मीडिया को बयान दिया था कि हमने हिमाचल में 99 प्रतिशत हिंदू विचारधारा को हराया है इस बयान से हिमाचल के लाखों लोगों को बड़ी ठेस पहुंची है। ऐसा बयान देना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

# दून और नालागढ़ से 1.68 लाख मतदाता करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

लोकतंत्र के महापर्व में दून व नालागढ़ विस क्षेत्र में इस बार 1 लाख 68 हजार 284 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। नालागढ़ के तहत इस मर्तबा लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 8704 नए मतदाता शामिल हुए हैं, वहीं दून विधानसभा क्षेत्र के तहत 9687 नए मतदाता लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में हिमाचल में एक जून को वोटिंग होगी। नालागढ़ व दून विधानसभा क्षेत्रों में इस मर्तबा विगत लोस चुनावों के मुकाबले मतदाताओं की संख्या में खासा इजाफा हुआ है। दोनों हलकों में कुल 18391 वोट बढ़े हैं।

नालागढ़ में इस बार 93791 मतदाता हैं, जिनमें 47933 पुरुष व 45855 महिलाएं व 3 थर्ड जेंडर शामिल हैं। दून में इस बार 74493 मतदाता हैं, जिसमें 38770 पुरुष व 35722 महिला मतदाता, जबकि एक थर्ड जेंडर है। एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारो एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए उन्हें वोट की ताकत का सदुपयोग करना चाहिए।

### नालागढ़ में 121, दून में 100 पोलिंग स्टेशन

नालागढ़ विस क्षेत्र में 121 पोलिंग स्टेशन और दून में 100 पोलिंग स्टेशन पर मतदान होगा। नालागढ़ हल्के में 66 व दून में 54 मतदान केंद्र वेब कास्टिंग के लिए चयनित किए गए हैं। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करवाने में राज्य पथ परिवहन निगम भी अपनी सेवाएं प्रदान करेगा। एचआरटीसी नालागढ़ डिपो 40 बसों से अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। एचआरटीसी नालागढ़ डिपो के आरएम जोगिंद्र चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार एचआरटीसी नालागढ़ डिपो की 40 बसें नालागढ़ व दून हल्कों में निर्वाचन संपन्न करवाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को लाने व ले जाने में अपनी ड्यूटियां देगी।

# 423121 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला

## सोलन में 592 पोलिंग स्टेशनों में होगी पोलिंग, सुरक्षा के किए गए कड़े इंतजाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव-2024 के 7वें और अंतिम चरण में हिमाचल की चार सीटों सहित शिमला संसदीय सीट के लिए एक जून को मतदान होगा। सोलन जिले की पांच विधानसभा सीटों में कुल 423121 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। इसमें 216387 पुरुष मतदाता 206728 महिला मतदाता 6 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

सोलन में 592 पोलिंग स्टेशनों और 562 पोलिंग लोकेशन बनाई गई हैं, जिसमें अर्की में 134, 121 नालागढ़ 121, दून 100, सोलन 130 और कसौली विधानसभा में 107 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें अर्की के पांच नालागढ़ के 18, दून के 15, सोलन का एक और कसौली के तीन पोलिंग स्टेशनों को संवेदनशील घोषित किया गया है। चुनाव प्रबंधन के तहत 1001 बैलेट यूनिट 872 कंट्रोल यूनिट 1016 वीवी पेट्स का प्रबंध किया गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। चुनाव संबंधी प्रशिक्षण के लिए भी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रशिक्षण, प्रस्थान और पहुंचने के केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सोलन विधानसभा क्षेत्र में नॉन यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में कर्मचारियों का प्रशिक्षण होगा, जबकि ठोडो मैदान से उनका प्रस्थान होगा।



### सोलन और नालागढ़ में होगी काउंटिंग

सोलन, कसौली और अर्की की काउंटिंग डिग्री कॉलेज सोलन में नालागढ़ और दून की काउंटिंग डिग्री कॉलेज नालागढ़ में होगी। जिला निर्वाचन कार्य अधिकारी ने बताया कि चुनाव के लिए पोस्ट बैलेट स्पेशल वोटर सर्विस वोटर साइट, 85 साल से अधिक के आयु वर्ग के लिए घर से मतदान प्रक्रिया पूरी की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिले में कुल 423121 मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने अपने स्तर पर अपनी पूरी तैयारियां कर ली हैं।

### वीडियोग्राफी और माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात

पोलिंग स्टेशन में स्टिल कैमरा, वीडियोग्राफी और माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। इस बार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो महिला प्रबंधन पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसी तरह इलेक्शन कंडक्ट करने के लिए 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 71 सेक्टर ऑफिसर्स की नियुक्ति की गई है। इलेक्शन में होने वाले खर्च की मॉनिटरिंग के लिए 15 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 15 फ्लाइंग स्क्वायड, 10 वीडियो सर्विलेंस टीम, 5 वीडियो वीविंग टीम्स, 5 अकाउंटिंग टीम तैनाती की गई है। इसके अलावा जिला चुनाव कार्यालय सोलन में किसी भी तरह की जानकारी देने के लिए 1950 टोल फ्री नंबर के अलावा 0179 2- 225 534, 01792- 225496, 01792 22520 नंबर जारी किए गए हैं।

# बच्चों को बताए तंबाकू के खतरे

**सोलन।** सोलन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल शमरोड़ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सोलन के पूर्व सीएमओ डॉ. एसपी सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर हैल्पेज इंडिया टीम के एसपीओ मनोज राज वर्मा ने बच्चों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवाया। ईको क्लब वालंटियर की ओर से नशे के कहर पर एक प्रस्तुति देकर तालियां बटोरी। इस मौके पर बोलते हुए डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि तंबाकू का सेवन सेहत को कई तरह के नुकसान पहुंचा सकता है।

# 'फिलफोट' फोरम का अभिनय 3 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

फिलफोट फोरम सोलन इस वर्ष 36वें अभिनय का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 से 8 जून तक पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग हिमाचल की सहभागिता से किया जा रहा है।

फोरम के चेयरमैन विपुल गोयल ने कहा कि इस अभिनय में में देश के विभिन्न राज्यों असम, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, हिमाचल से 24 टीमों के लगभग 436 कलाकार प्रतिभागी होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से निर्मित बहुउद्देशीय सभागार कोठो (शामती, सोलन) के सभागार में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में नाटकों के साथ-साथ परंपरागत भारतीय शैली के शास्त्रीय एवं लोक नृत्यों में एकल व सामूहिक नृत्यों व भारतीय शैली के शास्त्रीय एवं लोक संगीत को सम्मिलित किया गया है। प्रतियोगिता में 18 सामूहिक नृत्य, 67 एकल नृत्य व 46 एकल वाद्ययंत्र एवं गायन तथा 10 नाटकों का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ फोरम के मुख्य संरक्षक श्रीकांत बाल्दी (सेवानिवृत्त आईएएस) करेंगे। चेयरमैन विपुल ने कहा कि फिलफोट फोरम ऐसी स्वैच्छिक संस्था है, जो कला के माध्यम से प्रदेश व देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण एवं बढ़ावा देने के लिए विगत 38 वर्षों से सक्रिय रूप से निरंतर कार्यरत करती आ रही है।



फिलफोट फोरम सोलन के चेयरमैन विपुल गोयल और आयोजन सचिव पत्रकार वार्ता करते हुए।

# भाषण में सैजल, चित्रकला में हीना ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर वैद्य सूरत सिंह स्मारक राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में एनसीसी कैडेट्स के माध्यम से विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य पंकज कुमार ने की।

इस मौके पर भाषण, चित्रकला, नारा लेखन प्रतियोगिता के अतिरिक्त एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसमें स्टूडेंट्स को तंबाकू के दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया गया।



भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान पर सेजल, द्वितीय स्थान विपाक्षी कक्षा नवीं और आयुषी तथा हर्षिका तृतीय स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में हिना ने प्रथम, महक ने दूसरा और नव्या, रिद्धिमा तथा अदिति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रुति, द्वितीय स्थान नव्या तथा तृतीय स्थान कैडेट महक नवीं कक्षा ने प्राप्त किया।

# डीसी ने मीडिया सेंटर स्थल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने डॉ. वाईएसपरमार महाविद्यालय नाहन में जिला सिरमौर के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना के लिए स्थापित किए गए मतगणना हॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिना किसी व्यवधान के मतगणना प्रक्रिया को संपूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा मतगणना स्थल पर चिन्हित मिडिया स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने मतदान प्रक्रिया के लिए रवाना हो रही पोलिंग टीमों का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने दिवंगत अरविंद चौधरी कृषि विस्तार अधिकारी राजगढ़ जिन्हें लोकसभा चुनाव के लिए सहायक पीठासीन अधिकारी (एपीआरओ) नाहन नियुक्त किया गया था उनकी पिछले कल गत सायं अचानक (दिल का दौरा) हार्ट अटैक आने से हुई मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा, परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण अभिषेक मित्तल, तहसीलदार निर्वाचन मोहेंद्र ठाकुर व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



मतों की गणना के लिए स्थापित किए गए मतगणना हॉलों का निरीक्षण करते डीसी।

# राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद का शीघ्र होगा पुनर्गठन : राकेश



राकेश कंवर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन के कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने कहा कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) का पुनर्गठन शीघ्र होगा।

यह वर्तमान सरकार की बजट घोषणा का हिस्सा है और इसको अमलीजामा पहनाया जाएगा। इस मौके पर उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा भी उनके साथ थे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) सोलन में कंवर ने एससीईआरटी कर्मचारियों के साथ बातचीत की और मार्गदर्शन प्रदान किया। चर्चा में एससीईआरटी की भूमिका और शैक्षिक क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों का सामना करने की रणनीतियों पर केंद्रित थी। इस यात्रा ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए हिमाचल सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# विधायक ने पुल का रिबन काटा, तो आचार संहिता के उल्लंघन के तहत दिया नोटिस

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक केएल ठाकुर को महादेव पुल पर चुनाव आचार संहिता में रिबन काटना महंगा पड़ चुका है।

प्रशासन ने विधायक को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर नोटिस जारी कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। प्रशासन ने विधायक के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी को भी नोटिस जारी किया है। अब प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच में जुटा हुआ है, जिसकी जांच रिपोर्ट हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगामी कदम उठाए जाएंगे। अगर जांच रिपोर्ट में चुनाव आचार संहिता की उल्लंघन पाया जाता है, तो विधायक समेत लोक निर्माण विभाग के एनएच विंग के अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे विधायक केएल ठाकुर अपने समर्थकों के साथ महादेव पुल पर पहुंचे, जो कि पिछले करीब एक माह से क्षतिग्रस्त होने के चलते बंद था। समर्थकों ने विधायक के गले में हार पहनाया और फिर विधायक ने महादेव पुल पर रिबन काटकर वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई, जिसकी एक वीडियो भी वायरल हो रही है। हालांकि विधायक के द्वारा न तो किसी तरह की नाम पट्टिका लगाई गई और न ही मौके पर संबंधित विभाग का कोई अधिकारी मौजूद था। यह मामला स्थानीय प्रशासन के ध्यान में आया और तुरंत प्रशासन ने नियमों के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जांच रिपोर्ट सीईओ को भेजेंगे : एसडीएम

एसडीएम नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल ने बताया कि विधायक द्वारा समर्थकों के साथ महादेव पुल के उद्घाटन का मामला ध्यान में आया था और मामले की आगामी जांच की जा रही है। पूरे मामले की निष्पक्ष की जांच रिपोर्ट तैयार कर सीईओ हिमाचल को भेजी जाएगी।

**अनुपालना** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों पर त्वरित होगी कार्रवाई : डीसी

# अनधिकृत रूप से लगाई प्रचार सामग्री हटाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन में लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

इस बारे में सोशल मीडिया के माध्यम से लगाए जा रहे आरोप तथ्यों से परे एवं आधारहीन हैं और प्रशासन पूरी तत्परता के साथ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है। आज सोलन शहर में राजनीतिक दलों के झंडे एवं बैनर आदि सार्वजनिक संपत्ति पर तथा अनधिकृत रूप से लगाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी सोलन के माध्यम से कांग्रेस एवं भारतीय जनता पार्टी को नोटिस जारी कर तीन घंटों के भीतर अनधिकृत रूप से व सार्वजनिक संपत्ति पर लगाई गई सामग्री हटाने के निर्देश दिए गए। उड़न दस्तों तथा नगर निगम सोलन के माध्यम से सार्वजनिक संपत्ति एवं अनधिकृत रूप से लगाई गई प्रचार सामग्री त्वरित व समयबद्ध ढंग से हटा दी गई। गत दिवस शहर की नई वेंडर मार्केट की छत पर से भी राजनीतिक प्रचार सामग्री हटाई गई है। कांग्रेस पार्टी की ओर से आज सोलन में आयोजित रोड-शो के दौरान विभिन्न स्थलों पर प्रचार सामग्री लगाने के लिए पूर्व में आवेदन किया गया था और भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों एवं नियमों के अनुसार उन्हें निर्धारित स्थलों पर होर्डिंग व झंडे आदि लगाने की अनुमतियां जारी की गई थीं।



### धारा-144 लागू

**सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार की अवधि 30 मई, 2024 को सायं छह बजे समाप्त हो गई है। प्रदेश सहित सोलन जिले में लोकसभा चुनावों के लिए एक जून को मतदान होगा। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संपन्न करने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अंतिम 72 घंटों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है।

# आज बिना कटौती वेतन के मिलेगा मतदान अवकाश

**नाहन।** जिला श्रम अधिकारी सिरमौर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के अंतर्गत एक जून को कटौती बिना वेतन का होने वाले मतदान के चलते सभी व्यक्तियों जो किसी भी व्यवसाय, व्यापार, कारखाने व किसी भी शिक्षण संस्थान में कार्यरत हैं, उन्हें बिना वेतन कटौती के सभी को मतदान के लिए अवकाश दिया जाएगा। एक जून को होने वाले मतदान के दिन सभी औद्योगिक संस्थान बाजार व दुकानें बंद रखी जाएंगी। जिला श्रम अधिकारी ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-बी के तहत यह आदेश जारी किए गए हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस पार्टी की सदस्यता की ग्रहण

**जुब्बल।** जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत बरथाटा दढोत गांव से राजिंद्र सिंह, मनीष कुमार और ग्राम पंचायत भोलाड़ से राधे लाल ने अपने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली व जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य को देखते हुए भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने रितेश मलोक्टा का कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया है और विश्वास दिलाया है कि आने वाले समय में पार्टी में उनका पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी में विश्वास व्यक्त करने पर उनका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया है।

### कई परिवारों ने छोड़ा भाजपा का साथ

**जुब्बल।** जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत अंटी के धरमाना गांव से रितेश मलोक्टा, ग्राम पंचायत बरथाटा के ड़डोट से राजिंद्र सिंह, मनीष कुमार और ग्राम पंचायत भोलाड़ से राधे लाल, कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलबोग के करालटू से वीरेंद्र राजटा, ओडी गांव से मदन चौहान, गवाच गांव से सुरेंद्र डोगरा ने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और उनके द्वारा जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में करवाएं जा रहे विकास कार्यो से प्रभावित होते हुए भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया है।

### गोशाला कमेटी के प्रधान बख्शी राम ने दिया इस्तीफा

**हमीरपुर।** बड़सर विकास खंड बिझड़ी की ग्राम पंचायत सठवीं के अधीन पड़ने वाले गो सदन दख्योडा के प्रधान बक्शी सिंह पुत्र साधू सिंह गांव व डाकघर दख्योड़ा ने 26 मई को गोशाला दख्योड़ा में गोशाला कमेटी के प्रधान बख्शी राम ने कमेटी के सदस्यों राम चंद्र, अमरनाथ, सुषमा कमारी, सुनीता देवी, भूमि चंद, अन्य सदस्यों की हस्ताक्षर के साथ कमेटी प्रधान बक्शी सिंह ने अपने प्रधान पद से इस्तीफा दे दिया है।

### उपायुक्त ने अधिकारियों को दिलाई शपथ

**बिलासपुर।** निर्वाचन आधिकारी हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार शुक्रवार को लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करने तथा लोकसभा चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ाने के मकसद से मतदान करने के प्रति जागरूकता एवं लोकतंत्र में आस्था, स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने व निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिन सभी निर्वाचनों में अपनी मताधिकार क प्रयोग करने की शपथ जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बचत भवन में दिलाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभी कर्मचारियों को आज शपथ दिलवाई गई। उपयुक्त कार्यालय परिसर के अंतर्गत विभिन्न विभागों के 150 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित हुए। जिला के अन्य क्षेत्रों में भी कार्यालयों में शपथ दिलाई गई।

### भागवद् महापुराण सुनने को उमड़ी भीड़

**जुन्गा (शिमला )।** जुन्गा से सटे पर्यटक स्थल शिलोनबाग में बीते तीन दिनों से चल रहे भागवद् महापुराण की कथा सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ रहा है । इस सात दिवसीय भागवद् महापुराण में उतरी भारत के प्रसिद्ध कथावाचक एवं वेदव्यास की गद्दी को सुशोभित कर रहे पंडित विजय भारद्वाज अपने मुखाबिंद से श्रोतागणों को भागवद् महापुराण का अमृतपान करवाया जा रहा है । उन्होंने लोगों से भगवान कृष्ण के आदर्शों और गीता में दिए गए उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया। उन्होने कहा कि भगवान विष्णु ने द्वापर युग में कृष्ण के रूप में अवतार लिया था। जिन्होंने असुर का नाश करके मनुष्यों को सद्मार्ग और सत्कर्म पर चलने का उपदेश दिया था । उन्होंने कहा कि कलियुग में भी भगवान कृष्ण के उपदेश प्रासंगिक और सार्थक है जिनका हर व्यक्ति को अनुसरण करना चाहिए। इस भागवद् महापुराण का आयोजन स्थानीय बागवान कर्म सिंह राणा द्वारा किया गया है जिसमें आचार्य वीरेंद्र दत्त द्वारा भागवद् महापुराण का मूल पाठ किया जा रहा है ।

### 100 मीटर के दायरे में नहीं लगेंगे पोस्टर: डीसी

**हमीरपुर।** लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने विशेष आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश की ओर से जारी आदेश के अनुसार मतदान की समाप्ति के समय यानि शनिवार शाम 6 बजे तक की 48 घंटे की अवधि के दौरान जिला में किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान, होटल, रेस्तरां और ढाबों इत्यादि में शराब की बिक्री और वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। एक अन्य आदेश के अनुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी मतदाता को प्रभावित करने या प्रचार से संबंधित अन्य गतिविधि और किसी भी तरह के पोस्टर या अपील प्रदर्शित करने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर या आस-पास के क्षेत्र में हथियार लेकर चलने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

### कर्मचारियों को मतदान करने की दिलाई शपथ

**शिमला।** रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने उपायुक्त कार्यालय के रोज़ना हॉल में उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। अनुपम कश्यप ने उपस्थित सभी लोगों से आग्रह किया कि पहली जून को सभी लोग अपने मत का आवश्यक रूप से प्रयोग करें तथा लोकतंत्र की मजबूती का हिस्सा बनें। हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम इस लोकतंत्र के सम्मान में आवश्यक रूप से वोट का इस्तेमाल करे। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी पंकज गुप्ता, तहसीलदार निर्वाचन राजेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हमीरपुर में बनाए 18 मॉडल पोलिंग बूथ

**हमीरपुर।** जिलाधीश एवं संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला हमीरपुर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कुल 532 मतदान केंद्रों पर शनिवार सुबह से मतदान आरंभ करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एचआरटीसी की लगभग 95 बसों के माध्यम से सभी मतदान टीमें शुक्रवार दोपहर बाद अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंच गई हैं तथा अपने-अपने केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने में जुट गई हैं। अमरजीत सिंह ने बताया कि जिला में 18 मॉडल पोलिंग बूथ बनाए गए हैं और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5-5 बूथों यानी जिले में कुल 25 बूथों पर केवल महिला अधिकारी-कर्मचारी ही मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करवाएंगी। एक बूथ दिव्यांग अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा ही संचालित किया जाएगा। जबकि, पांच मतदान केंद्रों के संचालन का जिम्मा युवा अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपा गया है।

# बिलासपुर जिले में 3,34,389 मतदाता डालेंगे वोट

## 418 मतदान केंद्रों में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरीं, चुनाव करवाने को 1693 पोलिंग अधिकारी किए तैनात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि 3 हमीरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पर सभी 418 मतदान केंद्रों में मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

जिला में 3 लाख 34 हजार 389 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला में 1 लाख 67 हजार 881 पुरुष तथा 1 लाख 66 हजार 502 महिला एवं 6 थर्ड जेंडर मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला में 418 पीठासीन अधिकारी, 418 सहायक पीठासीन अधिकारी, 1693 पोलिंग अधिकारी मतदान प्रक्रिया की पूर्ति के लिए तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 410 प्रदेश पुलिस 410 उत्तराखंड पुलिस, सीएपीएफ (आंध्रा पुलिस) के आठ सेक्शन, जिसमें 60 कर्मी तैनात, जिसमें 16 संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं पर भी तैनात रहेंगे।




उन्होंने बताया कि जिला में 16 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। 16 आदर्श मतदान केंद्र। जबकि आठ महिला व्यवस्थित मतदान केंद्र, एक दिव्यांग व्यवस्थित तथा चार युवा व्यवस्थित मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि संवदनशील मतदान केंद्रों में 46-झंडूता के अंतर्गत 50-समोह-1 एवं 51-समोह-2, 47-घुमारवीं के अंतर्गत 10-बम-1 और 110-औहर, 48-बिलासपुर सदर के अंतर्गत परनाल-2, 12-लददा, 84-रौड़ा, 88-कोसरियां और 91-लक्ष्मीनारायण मंदिर तथा 49-श्री नयना देवी जी में 63-बैहल-1, 64-बैहल-2, 65-बैहल-3, 80-टोबा संगवाणा, 82-बस्सी, 83-दबट और 84-माजरी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श मतदान केंद्रों में 46-झंडूता के अंतर्गत दो-बूखर, 45-सुनाहणी, 59-बैहरन, 67-झंडूता-3, 47-घुमारवीं में 45-नस्वाल, 83-घुमारवीं-1, 93-त्यूणखास तथा 102-रोपा, 48-बिलासपुर सदर में 27-धड़ाट, 55-भटेड़ उपरली-4, 90-चंगर-2 और 96-रघुनाथपुरा-2। जबकि 49-श्री नयना देवी जी में 54-धबेटा, 57-भोंई, 73-नयनादेवी और 92-माकड़ी शामिल है।

उन्होंने बताया कि महिला व्यवस्थित मतदान केंद्रों में 46-झंडूता के अंतर्गत 45-सुन्हाणी, 67-झंडूता-3, 47-घुमारवीं में 46-नस्वाल, 83-घुमारवीं-1, 48-बिलासपुर सदर में 89-चंगर-1, 96-रघुनाथपुरा-2 शामिल है।

जबकि 49-नयनादेवी में 54-धबेटा, 73-नयनादेवी शामिल है। उन्होंने बताया कि युवा व्यवस्थित मतदान केंद्रों में 2-भूकड़, 47-घुमारवीं में 102-रोपा, 48-बिलासपुर में 27-धाट तथा 49-नयनादेवी में 57-भूईं मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने बताय कि दिव्यांग मतदान केंद्र के अंतर्गत 46-झंडूता निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक 59-बैहरन-1 शामिल हैं।

### मतदान केंद्रों पर मिलेगा ओआरएस का घोल

**उन्होंने** बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिए शामियाना पंखों के साथ साथ ओआरएस घोल आदि की विशेष रूप से व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता बूथ तथा वालेंटियर तथा दिव्यांग मतदाता के लिए मांग के अनुरूप व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर क्रेच तथा बुर्जुग मतदाताओं के लिए भी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। वहीं, मतदान केंद्रों में तैयारियां पूर्ण कर ली है।

## ढिंगूधार में लाखों के गहने चोरी मामला किया दर्ज

**शिमला।** उपनगर संजौली के ढिंगूधार में एक महिला के घर में चोरी की वारदात सामने आई है। जिससे लोगों के बीच अफरी-तफरी मच गई है। शिकायतकर्ता महिला संगीता चौहान निवासी कर्म विला डिंगूधार ने ढली थाना में मामला दर्ज करवाया है कि वह किसी निजी काम से घर से बाहर निकली थी, लेकिन जब वापस घर लौटी तो अलमारी का ताला टुटा हुआ था और उसमें रखी लाखों रुपए की ज्वेलरी कोई शातिर चोरी कर ने गया था। ऐसे में महिला के होश उड़ गए तभी महिला ने मामले की सूचना पुलिस थाना ढली में दी और पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले को लेकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। अभी तक शातिरों का पता नहीं चल पाया है। महिला के घर से कुल कितने की ज्वेलरी चोरी हुई है। इसका अभी पुलिस आकलन लगा रही है। ज्वेलरी की किमत लाखों में बताई जा रही है। मामले को लेकर पुलिस की जांच जारी है।

# आग की चपेट में आने से झुलसी भैंस

## पशुपालन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर किया इलाज

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की पंचायत बड़ा के धरोड़ निवासी विजय कुमार की पालतू भैंस आग की चपेट में आने से जलने का मामला प्रकाश में आया हैं।



कस्बा बड़ा के धरोड़ में जंगल में आग लगने के कारण आग ने इतना विकराल रूप ले लिया था कि उससे विजय कुमार की पशुशाला भी आग की चपेट में आ गई। इसमें विजय कुमार की भैंस जो पशुशाला में बंधी थी। वह भी आग की चपेट में आने से पूर्ण रूप से झुलस गई हैं। वहीं, पशुशाला में रखा घास भी जलकर पूर्ण रूप से राख हो गया। स्थानीय गांव वासियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस आगजनी से विजय कुमार का लगभग उसे लाख से ऊपर नुकसान हुआ हैं। पशु पालन विभाग की टीम ने तुरंत मौके पर आकर विजय कुमार की भैंस का उपचार करना शुरू कर दिया गया । विजय कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं स्थानीय प्रशासन से आर्थिक सहायता की जोरदार मांग की हैं।

वहीं, शुक्रवार को पंचायत बड़ा के दरियाल, अमरोटा में भी आग लगने का मामला प्रकाश में आया हैं। वहीं, फायर ब्रिगेड की टीम आग को बुझाने में लगी हुई थी।(अनंत ज्ञान)

## अब तक 824 आग के मामले आ चुके हैं सामने

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में अबतक जंगलों में आग लगने के 824 मामले सामने आ चुके हैं। इसमें अढ़ाई करोड़ के नुकसान का प्राथमिक मूल्यांकन वन विभाग की टीम द्वारा लगाया गया है।

वहीं, प्रदेश में धर्मशाला सर्किल में सबसे ज्यादा आग लगने के मामले सामने आए हैं। इस बात की जानकारी देते हुए वन विभाग हिमाचल प्रदेश में वन सुरक्षा एवं अग्नि नियंत्रण के मुख्य अरण्यपाल मुनीश परवारी का कहना है कि धर्मशाला, हमीरपुर, मंडी सहित जिन इलाकों के जंगलों में चील के पेड़ ज्यादा हैं। वहां तापमान के बढ़ने से चील के पत्ते गिरते जा रहे हैं और उनमें आग लगने से आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है.। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रदेश के जिस भी इलाके व जंगल में आग लगने की सूचना मिल रही है। वहां वन विभाग व अग्निशमन विभगा की टीम आपसी सहयोग से आग पर काबू पाने के पूरे प्रयास कर रही है, मगर कई जगहों पर स्थानीय लोगों का भी पूर्ण सहयोग न मिल पाने के कारण जंगलों में आग लगने से ज्यादा नुकसान देखने को मिल रहा है।

# सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा में मनाया तंबाकू निषेध दिवस

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**



पोस्टर के माध्यम से छात्रों ने किया जागरूक।

सनरॉक प्ले स्कूल गुम्मा कोटखाई में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्ले स्कूल की प्रिंसिपल शैलजा अमरेईक ने बताया कि हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस साल (2024) में तंबाकू निषेध दिवस की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। सेहत के लिए तंबाकू के खतरे को जानते हुए भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग तंबाकू का सेवन करते हैं।

विश्व तंबाकू दिवस तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है।

इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना और धूम्रपान मुक्त वातावरण के महत्व को बढ़ावा देना है। प्रधानाचार्या शैलजा अमरेईक ने कहा कि बच्चे और किशोर विशेष रूप से तंबाकू विपंणन और विज्ञापन के प्रभाव के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं। किशोरावस्था में अकसर धूम्रपान को ग्लेमर से जोड़ कर देखते हैं और इसके जोखिम और दुष्प्रभावों के बारे में गलत धारणाएं कायम करते हैं। विगत कुछ वर्षों में यह एक वैश्विक अभियान बन गया है।

स्कूल की प्रधानाचार्य, शैलजा अमरेईक ने कहा कि सनरॉक प्ले स्कूल क्षेत्र के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रहा है और समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है और बच्चों को भी जानकारी प्रदान करता रहता है। सनरॉक प्ले स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है तथा संबधित क्षेत्र के लोगों की आशाओं व अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रत्यनशील है।

# शिमला में मतदान की तैयारी पूरी, हर बूथ पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण में लोकसभा के चुनाव है। यहां सभी चार सीट पर चुनाव के साथ छह विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होने हैं।

प्रदेश में पहली जून को सभी चार सीटों पर मतदान होना है। हिमाचल प्रदेश में 7 हजार 992 पोलिंग बूथ हैं। हिमाचल में कुल 7 हजार 992 मतदान केंद्रों में से 369 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है। जिला शिमला में मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। शिमला जिला में 1056 पोलिंग बूथ पर वोटिंग होगी। शिमला पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने बताया कि पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की हुई है। शिमला पुलिस के अलावा अन्य 6 कंपनियां भी यहां सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि शिमला में मतदान के बाद आठ स्थान पर मतगणना होगी। सभी ईवीएम को उन्हीं स्थानों पर लाया जाएगा, जहां से वह डिस्पैच की गई है। शिमला पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि जिला में शांतिपूर्वक और निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाना प्राथमिकता है। शिमला पुलिस पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम में जुटी हुई है।



रोहड़ू। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव मंजीत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम पंचायत करासा के प्रधान देव राज सन्सेट, मंडारली से संदीप व मुंछाडा पंचायत के कोटसारी गांव के पन्ना प्रमुख पिंकू ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। उल्लेखनीय है कि मंजीत सिंह ठाकुर ने 2009 के उपचुनाव में विधानसभा क्षेत्र रोहड़ू से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं को आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी में पूरा मान सम्मान व अधिमान दिया जाएगा।

# तंबाकू के सेवन से हर व्यक्ति को करना चाहिए परहेज: डॉ. राकेश



फागली स्कूल में आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस के दौरान मौजूद छात्र।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सौजन्य से राजकीय उत्कृष्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फागली में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिमला डॉ. राकेश प्रताप ने की।

विभागाध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन आईजीएमसी डॉ. अनमोल गुप्ता बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विश्व तंबाकू निषेध दिवस इस वर्ष बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना नामक थीम रखा गया है। सीएमओ डॉ. राकेश प्रताप ने इस मौके पर बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस वैश्विक स्तर पर तंबाकू उपयोग के दुष्परिणाम के प्रति जन चेतना अभियान के रूप में प्रतिवर्ष 31 मई को आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन से मुंह, फेफड़े, आंत का कैंसर, दिल का दौरा, सांस की बीमारी, बांझपन, नपुंसकता, मृत शिशु का जन्म, गैंग्रीन और अंधापन जैसी बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं।

इन बिमारियों से बचने के लिए तंबाकू के सेवन से परहेज रखना चाहिए। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहे, अपने को तनाव से मुक्त रखे और व्यस्त रहे।

## पहले चुनाव ड्यूटी बाद में सेवानिवृत्ति

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक चतर सिंह ठाकुर 35 साल की के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत्ति होना था, लेकिन उन्होंने सेवानिवृत्ति के कार्यक्रम को छोड़कर लोकतंत्र के पर्व लोकसभा चुनाव की ड्यूटी को महत्व देते हुए सेवा के आखिरी दिन भी सुबह 7:30 बजे सहायक निर्वाचन चुनाव अधिकारी राजेंद्र गौतम के साथ चुनाव ड्यूटी पर तैनात रहे। उक्त कर्मचारी चतर सिंह ठाकुर ने सारा दिन अपनी ड्यूटी बड़ी मुस्तादी के साथ की। चतर सिंह न्यास में पहले ऐसे कर्मचारी हैं जिन्होंने आयुक्त मंदिर अध्यक्ष मंदिर अधिकारी कार्यालय और चारों शिक्षण संस्थानों में भी ड्यूटी की है। ड्यूटी के दौरान भी हमेशा अपने काम के प्रति निष्ठावान रहे हैं और अपने कार्य को पूरी इमानदारी के साथ किया। वर्ष 2000 में मंदिर में अधिकतर नियुक्तियों और चकमोह कॉलेज की भूमि का मामला सुलझाने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। सेवानिवृत्ति के समय भी कर्मचारी सारे कार्यक्रम छोड़कर अगर अपनी ड्यूटी निभाए तो ऐसे कर्मचारी की सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा।

# चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की मेहनत का आज होगा फैसला

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

पहली जून चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के भविष्य का फैसला करने का दिन है। लोकसभा 2024 आम चुनाव के अधिसूचना जारी होने के बाद राजनीतिक दलों के साथ प्रशासन ने भी तैयारी कर दी थी। चुनाव प्रचार के दौरान सभी राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत के साथ वोटरों को रिझाने का प्रयास किया है। शनिवार को उनकी मेहनत के सफल होने का दिन है।

ऐसे में राजनीति दलों के कार्यकर्ताओं ने चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद शुक्रवार को घर-घर जाकर वोट मांगें। इससे उनकी जीत में कोई कमी न रह जाए। यही नहीं भाजपा ने दूसरे प्रदेशों में रहने वाले वोटरों को मतदान के लिए गाड़ियों की व्यवस्था की है जिसमें कुछ वोटर पहुंच गए हैं और कुछ शनिवार सुबह पहुंच जाएंगे। प्रदेश से बाहर से रहने वाले वोटरों को लाने और छोड़ने का पूरा प्रबंध भी किया गया है। इसके अलावा शुक्रवार को चुनाव प्रचार थमने के कारण फोन के माध्यम से भी मतदाताओं को वोट डालने की अपील करते है। इसका फायदा भी प्रयास करने वाली राजनीतिक पार्टी को मिलता नजर आ रहा है। अपने उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करवाने के लिए हर संभव प्रयास जिस राजनीतिक पार्टी ने चुनाव के कुछ दिन पहले कर लिए उसे इसका फायदा आवश्य मिला है। भाजपा वोटरों को यह संदेश दे रही है कि पहले मतदान फिर जलपान। यहीं जिनके पास गाड़ी नहीं और बुजुर्ग मतदाता है तो उनके लिए भी गाड़ियों की व्यवस्था की है। (अनंत ज्ञान)

**चुनाव** | सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया ने जांचे मतदान केंद्र व स्ट्रांग रूम

# अधिकारी पूरी पारदर्शिता के साथ करवाएं मतदान: पूनिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव की अंतिम तैयारियों के बीच संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने शुक्रवार को हमीरपुर में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में शुक्रवार सुबह शुरू हुई मतदान टीमों की रवानगी की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान टीमों को आवंटित की जा रही मतदान सामग्री और मतदान टीमों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद श्याम लाल पूनिया ने इसी स्कूल के परिसर में स्थापित किए जा रहे विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज, 38-हमीरपुर और 40-नादौन के मतगणना केंद्रों तथा स्ट्रांग रूम्स का निरीक्षण भी किया। उन्होंने मतगणना के लिए की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर उन्होंने मतगणना सहायक निर्वाचन अधिकारियों, माइक्रो ऑब्जर्वरों, मतगणना सुपरवाइजरों और अन्य अधिकारियों का मार्गदर्शन किया तथा मतगणना की प्रक्रिया को पूरी ऐहतियात एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।



सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया स्ट्रांग रूम जांचते हुए।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

**इस** अवसर पर जिलाधीश एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह, एडीसी मनेश यादव, एसडीएम मनीष कुमार सोनी, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला, नायब तहसीलदार राजेश कौंडल, प्रोग्रामर निखिल भारद्वाज और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# वरिष्ठ व प्रथम मतदाताओं को पौधा देकर किया जाएगा सम्मानित: अमित

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

18वां लोकसभा चुनाव के लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए किन्नौर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर दी है। जिले के कुल 128 पोलिंग बूथों पर मतदान के दिन सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जिला के सभी पोलिंग स्टेशनो पर पोलिंग पार्टियां पहुंच चुकी है व पोलिंग स्टेशन सेटअप हों चुका है। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिले में चार आदर्श पोलिंग बूथ स्थापित किया गया है। दो पोलिंग बूथ रिकांगपिओ- 55 व छोलतू -83 पोलिंग स्टेशन को पूरी तरह महिला संचालित है जबकि एक पोलिंग बूथ -24 लिप्पा यूथ संचालित पोलिंग बूथ है। तथा शतकवीर मतदाताओं को पोलिंग स्टेशन पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शोल्टू मॉडल पोलिंग बूथ-83 को ग्रीन पोलिंग बूथ बनाया गया है व मतदाताओं को मूलभूतसुविधाएं भी उपलब्ध किया जाएगा। इस बूथ पर वरिष्ठ मतदाताओं और पहली बार अपनें मत का प्रयोग करने वाले मतदाताओं को एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया जाएगा व इस महापर्व पर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा।गौर हों कि लोक सभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 68 विधान सभा क्षेत्र से इस बार 60,708 मतदाता मतदान करेंगे जिसमें 30,612 पुरूष मतदाता तथा 30,096 महिला मतदाता मतदान करेंगे। इस बार 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 146 नए मतदाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज शाम तक ध्यान में लीन रहेंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर कन्याकुमारी पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी ध्यान साधना कर रहे हैं। शुक्रवार को उनके ध्यान साधना का दूसरा दिन है। पीएम मोदी की ध्यान साधना एक जून को खत्म होगी। लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान खत्म होने के बाद पीएम मोदी तमिलनाडु के कन्याकुमारी में 45 घंटे की मौन साधना में लीन हैं। पीएम ने सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी साधना की शुरुआत की और ध्यान लगाया।

### चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन पर 10 जून तक रोक

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा में उमड़ रही भारी भीड़ के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने मंदिरों में वीआईपी दर्शन पर रोक 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस संबंध में एक पत्र लिखकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को सूचित कर दिया है। अपने पत्र में रतूड़ी ने अपने समकक्षों को जनता को अनिवार्य पंजीकरण के बारे में जागरूक करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग के कारण राज्य सरकार को चारधाम यात्रा के प्रभावी प्रबंधन में मदद मिली है।

### जनरल बाजवा पर भरोसा करने का अफसोस: इमरान खान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि पद पर रहते हुए किए गए कार्यों में से जनरल (सेवानिवृत्त) कमर जावेद बाजवा पर भरोसा करने का उन्हें अफसोस है। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सेना प्रमुख ने दूसरा सेवा विस्तार पाने के लिए उनके बारे में ''कहानियां'' फैलाईं। ज्ञात रहे कि इमरान खान लंबे समय से जेल में बंद हैं। विपक्ष ने अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के जरिए 71 वर्षीय खान को सत्ता से अपदस्थ कर दिया था। खान ने बाजवा पर उनकी सरकार के खिलाफ अहम भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक खान वर्तमान में कई मामलों में अदियाला जेल में बंद हैं।

### गढ़वाल से कुमाऊं तक जल रहे जंगल

**देहरादून।** उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने के बढ़ रहे मामले वन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर रहे हैं। शुष्क मौसम के कारण वातावरण में नमी घटने के साथ जंगलों के धधकने का सिलसिला बढ़ गया है। चिंता की बात है कि इन घटनाओं पर नियंत्रण पाना मुश्किल होता जा रहा है। बारिश की कमी और तेजी से बढ़ते तापमान के कारण वनों में छोटे जलाशयों का अभाव होने से आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक जंगल जल रहे हैं। स्थिति कितनी भयावह होती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि अब तक 1175 वनाग्नि की घटनाएं उत्तराखंड में हुई हैं। इनमें वनाग्नि की सर्वाधिक 586 घटनाएं कुमाऊं और 494 गढ़वाल में हुई हैं। वन्य जीव क्षेत्रों में भी 95 जगह आग लगी है। उत्तराखंड का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 53,483 किलोमीटर है।

### यमन में हूती ठिकानों पर 13 हमले, 2 लोगों की मौत



**सना।** अमेरिका और ब्रिटेन के सैन्य विमानों ने लाल, अरब और भूमध्य सागर में अमेरिकी जहाजों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद यमन के तीन प्रांतों में शिया आंदोलन अंसार अल्लाह (हूती) के ठिकानों पर 13 हमले किए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ब्रिटिश लड़ाकू विमानों ने सना (मध्य यमन), पश्चिमी प्रांत होदेइदाह और दक्षिण पश्चिम में ताइज प्रांत में हूती के बैरकों और उपकरणों पर एक साथ कई हमले किए। यमन पर ये सघन हमले हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हौथी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके समूह ने पिछले साल नवंबर से लाल, अरब, भूमध्य और हिंद महासागरों में 100 से अधिक इसराइली, अमेरिका और ब्रिटेन के जहाजों पर हमले किए हैं।

### सिंगापुर ओपन : ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी सेमीफाइनल में



**कल्लंग।** ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यियोंग और कोंग ही योंग को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जॉली और गोपीचंद ने महिला युगल क्वार्टर फाइनल मैच में अपने विरोधियों को 18-21, 21-19, 24-22 से हराया। यह मैच एक घंटे 19 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी की शुरुआत खराब रही और वे पहला सेट 21-18 से हार गए। हालांकि, जॉली और गोपीचंद ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता जोड़ी के खिलाफ बिना किसी परेशानी के खेल में शानदार वापसी की। जॉली-गोपीचंद ने दूसरा और तीसरा सेट 21-19 और 24-22 से जीता।

### कीवी विकेटकीपर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की विकेटकीपर बर्नाडिन बेजुइडेनहाउट ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। हालांकि, 30 वर्षीय खिलाड़ी नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए घरेलू क्रिकेट में भाग लेना जारी रखेंगी। 30 वर्षीय बेजुइडेनहाउट ने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार वनडे और सात टी20 मैच खेले, उसके बाद वह न्यूजीलैंड चली गईं। बेजुइडेनहाउट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड के लिए 16 वनडे और 22 टी20 मैच खेले हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने हाल ही में संपन्न टी-20 विश्व कप में हिस्सा लिया था, जहां कीवी टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाने में विफल रही थी।

### इंडियन ग्रां प्री : युगेंद्रन ने नए रिकॉर्ड के साथ पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में जीता स्वर्ण



चेन्नई। तमिलनाडु के आर युगेंद्रन ने 5.20 मीटर के नए रिकॉर्ड के साथ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सत्र की दूसरी भारतीय ग्रैंड प्रिक्स की पुरुष पोल वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। युगेंद्रन ने 2010 में बेंगलुरु में रेलवे के गजानन कुमार उपाध्याय द्वारा बनाए गए 5 मीटर के पिछले ग्रैंड प्रिक्स रिकॉर्ड को तोड़ा। हालांकि इसके बाद युगेंद्रन 2022 में गांधीनगर में राष्ट्रीय खेलों में सर्विसेज के शिव सुब्रमण्यम द्वारा बनाए गए 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने के अपने प्रयास में विफल रहे। ट्रिपल-जंपर अब्दुल्ला अबूबकर, 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के रजत पदक विजेता और 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता, इस स्पर्धा में शामिल नहीं हुए। महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी रोजी मीना पॉलराज भी अनुपस्थित रहीं। केरल की मारिया जैसन (केरल) और तमिलनाडु की बरानिका एलंगोवन और पवित्रा वेंकटेश के बीच 3.90 मीटर के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था। बरानिका ने अपने दूसरे प्रयास में, मारिया ने अपने तीसरे प्रयास में और पवित्रा ने अपने तीनों प्रयासों में सफलता प्राप्त की। बरानिका ने अपने दूसरे प्रयास में 4 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण पदक जीता। कई शीर्ष सितारों की अनुपस्थिति में सभी की नजरें केरल के अंतरराष्ट्रीय बाधा दौड़ खिलाड़ी जाबिर एमपी पर टिकी रहीं, जिन्होंने गुरुवार को यहां एक दिवसीय इंडियन ग्रां प्री सीरीज के दूसरे चरण में पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 49.94 सेकंड के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

# यमुनोत्री हाईवे पर तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी, 15 घायल

**एजेंसी, उत्तरकाशी**



यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा के पास शुक्रवार सुबह यात्रियों से भरी एक बस पलट गई। बस में लगभग 40 तीर्थयात्री सवार थे। इनमें से 15 लोगों को हल्की चोटें आई। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से पीएचसी ब्रह्मखाल भेजा गया।

बस में सवार सभी तीर्थयात्री यात्री कर्नाटक के बताए गए हैं। जिला आपदा परिचालन केंद्र उत्तरकाशी से मिली जानकारी के मुताबिक यमुनोत्री हाईवे पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस (यूके08 PA-1482) पलट गई। बस में सवार तीर्थयात्री यमुनोत्री धाम के बाद गंगोत्री धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में बस यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यार के पास पलट गई। बस पलटने पर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तत्काल 108 एंबुलेंस, एसडीआरएफ, पुलिस, एनएचआईडीसीएल की टीम पहुंची। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को बस से सकुशल बाहर निकाला गया। बस में करीब 40 यात्री सवार थे, जिनमें से 15 लोगों को हल्की चोटें आई, जिन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से पीएचसी ब्रह्मखाल भेजा गया।

# सातवें चरण की 57 सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

**एजेंसी, नई दिल्ली**





लोकसभा चुनाव के सातवें यानी आखिरी चरण में सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की कुल 57 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। मतणना चार जून को होगी। इस चरण में बिहार की आठ, चंडीगढ़ की एक, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखंड की तीन, ओडिशा की तीन, पंजाब की तेरह, उत्तर प्रदेश की तेरह और पश्चिम बंगाल की नौ सीटों के लिए वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग के मुताबिक इलेक्शन के सातवें फेज में 904 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 809 पुरुष और 95 महिला उम्मीदवार हैं। इस फेज में सबसे अमीर प्रत्याशी बठिंडा, पंजाब से उम्मीदवार हरसिमरत कौर बादल हैं। उनके पास 198 करोड़ रुपए की संपत्ति है। 542 लोकसभा सीटों के लिए छठे फेज तक 485 सीटों पर मतदान हो चुका है।

गुजरात में सूरत से भाजपा के उम्मीदवार रहे मुकेश दलाल निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं, इसलिए वोटिंग 542 सीटों पर ही हो रही है।

### सोनीपत की एक फैक्टरी में लगी आग

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत जिले के खरखौदा में शुक्रवार को एक थिनर फैक्टरी में आग लग गई, जो आसपास की दो इकाइयों में फैल गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। खरखौदा के प्रभारी निरक्षक (एसएचओ) अंकित कुमार ने बताया कि आग थिनर फैक्टरी में लगी और नेल पॉलिश बनाने वाली फैक्टरी समेत दो अन्य इकाइयों में फैल गई। थिनर और पेंट सामग्री रखने वाले कुछ ड्रम भी आग की चपेट में आ गए, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

# शेयर बाजार: निवेशकों ने कमाए 2.19 लाख करोड़

**एजेंसी, मुंबई**

लगातार पांच कारोबारी दिन तक गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा।

हालांकि शुक्रवार को भी कारोबार के दौरान मुनाफावसूली का दबाव साफ-साफ नजर आया, जिसके कारण शेयर बाजार जोरदार छलांग लगाने के बावजूद मामूली बढ़त के साथ ही बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान रियल्टी, मेटल और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स में बढ़त दर्ज की गई। इसके साथ ही ऑयल एंड गैस और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी का रुख बना रहा। दूसरी ओर एफएमसीजी, आईटी, फार्मास्यूटिकल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा।



ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदार हावी नजर आए, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.76 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 412.55 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 410.36 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.19 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा हो गया।

# जनवरी-मार्च की तिमाही में 7.8 फीसदी रही देश की जीडीपी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी है।

इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 फीसदी रही है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6.2 फीसदी थी। देश की अर्थव्यवस्था (अक्टूबर-दिसंबर) तीसरी तिमाही में 8.6 फीसदी की उच्च दर से बढ़ी थी।

# बैंकों ने वर्ष 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला: सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से लेकर 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि बैंकिंग क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना जाता है। हाल में भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह 2014 से पहले की स्थिति के बिलकुल विपरीत है, जब इंडियन नेशनल कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को खराब ऋणों, निहित स्वार्थों, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के दलदल में बदल दिया था।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके तहत 64,920 करोड़ रुपए की अपराध आय जब्त की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने डूबे कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी है।

# रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से 100 टन सोना अपने भंडार में किया स्थानांतरित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 1991 के बाद पहली बार ब्रिटेन से 100 टन से ज्यादा सोना अपने भंडार में स्थानांतरित किया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतने बड़े पैमाने पर इस कीमती धातु को स्थानीय स्तर पर रखे गए स्टॉक में जोड़ा गया है।

सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि आने वाले समय में फिर से इतनी ही मात्रा में सोना देश में आ सकता है। जानकारी के मुताबिक आरबीआई ने कुछ साल पहले सोना खरीदना शुरू किया था। चूंकि यह स्टॉक विदेशों में जमा हो रहा था इसलिए कुछ सोना भारत लाने का फैसला किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड पारंपरिक रूप से कई केंद्रीय बैंकों के लिए स्वर्ण भंडार गृह रहा है। भारत इससे अलग नहीं है, स्वतंत्रता पूर्व के दिनों से लंदन में पीली धातु यानी सोना के कुछ स्टॉक पड़े हुए हैं, जिसे भारत लाया गया है। उल्लेखनीय है कि हालिया आंकड़ों के अनुसार मार्च के अंत में आरबीआई के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन सोना विदेशों में था।

### भारत की अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार

**मुंबई।** एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि दर सात फीसदी रही थी। मार्च 2024 को समाप्त हुई चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 फीसदी हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 फीसदी रही, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 6.2 फीसदी थी।

# भारत की नजरें टी-20 विश्वकप ट्रॉफी पर

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

टी-20 विश्व कप के जरिये क्रिकेट का कारवां अमेरिकी बाजार में दस्तक देगा, तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। शनिवार से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो इसकी भव्यता देखने लायक ही होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है।

**बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच आज**





इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्ट इंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है।

खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है।

जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित शर्मा की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि टूर्नामेंट का पहला मैच उसे पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। अमेरिका में पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच 1844 में अमेरिका और कनाडा के बीच खेला गया। इसके बाद बेसबॉल ने यहां लोकप्रियता में क्रिकेट को काफी पीछे छोड़ दिया। अब बरसों बाद क्रिकेट वापसी की कोशिश में है तो पहला मैच शनिवार को डलास में अमेरिका और कनाडा के बीच ही खेला जाएगा।

अमेरिका सह मेजबान होने के नाते विश्व कप में पदार्पण करेगा। उसने हाल ही में कनाडा और बांग्लादेश को हराकर अपने हुनर की बानगी दी है।

# अभ्यास मैच : वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया को हराया

**एजेंसी, पोर्ट आफ स्पेन**



निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही ऑस्ट्रेलिया को टी-20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया।

आस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद में 75 रन और कप्तान पॉवेल के 25 गेंद में 52 रन की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाए। शेरफान रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाए। जवाब में आस्ट्रेलिया के लिए जोश इंगलिस ने 30 गेंद में 55 रन और नाथन एलिस ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी।

आस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टॉर्क, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और ट्रेविस हेड की कमी खली जो अभी तक आईपीएल खत्म होने के बाद यहां पहुंचे नहीं हैं।

# जेमिमा और वस्त्राकर भारतीय टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की महिला चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी बहु-प्रारूप घरेलू सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर को टेस्ट और सीमित ओवरों की टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनका चयन फिटनेस पर निर्भर है। रोड्रिग्स अप्रैल-मई में बांग्लादेश में पांच मैचों की टी-20 सीरीज में पीठ की चोट के कारण नहीं खेल पाई थीं और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब से गुजर रही थीं।

हालांकि, वस्त्राकर ने बांग्लादेश में सभी पांच मैच खेले थे और बीसीसीआई के मीडिया बयान में उनकी चोट की प्रकृति के बारे में नहीं बताया गया। अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज उमा छेत्री को भी तीनों टीमों में शामिल किया गया है। उन्होंने यास्तिका भाटिया की जगह ली जो बांग्लादेश में सिर्फ एक टी-20 मैच खेलने के बाद चोटिल हो गई थीं। छेत्री 2023 में हांग्जो में श्रीलंका को हराकर स्वर्ण जीतने वाली भारत की एशियाई खेलों की टीम का भी हिस्सा थीं।

शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पुनिया, जिन्होंने भारत के लिए आखिरी बार जुलाई 2023 में खेला था, को टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

# लंदन चरण के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमें तैयार

**एजेंसी, लंदन**





भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के पास एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में चार मैच बचे हैं। वे 1 और 8 जून को जर्मनी के खिलाफ और 2 और 9 जून को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ खेलेंगे ताकि अपने अभियान को अधिक से अधिक अंकों के साथ समाप्त कर सकें। एंटवर्प चरण के बाद, महिला टीम अंक तालिका में 7वें स्थान पर है जबकि पुरुष टीम तीसरे स्थान पर है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अब 12 मैचों में 21 अंक अर्जित किए हैं, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन क्रमशः 6वें और 9वें स्थान पर हैं, जिन्होंने अब तक एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में केवल 4 मैच खेले हैं। एंटवर्प चरण में, भारत ने अर्जेंटीना के खिलाफ अपने दोनों मैच जीते और बेल्जियम के खिलाफ दोनों मैचों में हार मिली।

टीम के अब तक के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हमने एंटवर्प में अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ कुछ कड़े मैच खेले, दोनों ही टीमें पेरिस 2024 ओलंपिक में हमारे ही पूल में हैं। हमने कुछ मौकों पर शानदार हॉकी खेली।'

# ओलंपिक क्वालीफायर : भारत के चार मुक्केबाज प्री-क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, बैंकॉक**



चार भारतीय मुक्केबाजों ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए बैंकॉक में चल रहे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सचिन सिवाच (57 किग्रा), संजीत कुमार (92 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और जैस्मीन (महिला 57 किग्रा) ने जीत दर्ज की। सिवाच ने प्री-क्वार्टर फाइनल राउंड में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्त्सी पर 5-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद संजीत ने राउंड ऑफ-32 में वेनेजुएला के लुइस सांचेज की चुनौती को समान अंतर से हराया। जैस्मीन ने अजरबैजान की महसती हमजायेवा को कोई मौका नहीं दिया और महिलाओं की 57 किग्रा श्रेणी के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में 5-0 के फैसले के साथ जीत हासिल की। अमित पंघाल ने मैक्सिको के मौरिसियो रुइज को 4-1 से हराया।

**नॉर्वे शतरंज** आर प्रज्ञानानंद राउंड-4 में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हारे

# क्रैमलिंग को हराकर आर वैशाली ने बढ़त बनाई

**एजेंसी, स्टावांगर**





पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत दर्ज करने के ठीक एक दिन बाद भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद नॉर्वे शतरंज-2024 के राउंड 4 में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से हार गए।

नाकामुरा ने प्रज्ञानानंद के खिलाफ शानदार तैयारी की थी। उन्होंने शानदार खेल दिखाया और एक शानदार जीत हासिल की और शीर्ष पर पहुंच गए। दूसरी ओर प्रज्ञानानंद की बहन आर वैशाली ने दिग्गज पिया क्रैमलिंग को हराकर अपना दबदबा कायम रखा और अपनी बढ़त को कुल 8.5 अंकों तक पहुंचा दिया। भारतीय महिला शतरंज ग्रैंडमास्टर कोनेरु हंपी को राऊंड 4 में अन्ना मुजीचुक के खिलाफ क्लासिकल गेम में हार का सामना करना पड़ा।

नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट के एक अन्य रोमांचक खेल में जू वेनजुन ने टूर्नामेंट के चौथे आर्मगेडन टाईब्रेक में अपनी हमवतन ली तेंगजी पर जीत हासिल की।

### मैग्नस कार्लसन ने कारुआना को हराया

मैग्नस कार्लसन ने फैबियानो कारुआना पर जीत दर्ज करके तीन अंक हासिल किए। कारुआना के पास कार्लसन के साथ रेटिंग अंतर को केवल चार अंकों तक कम करने का सुनहरा अवसर था, लेकिन खेल जो शुरू में शांत था, ने अंतिम गेम में नाटकीय मोड़ ले लिया। कार्लसन ने एक छोटी सी बढ़त का फायदा उठाया और तीन महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए।